दैनिक **नवप्रदेश**

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

भगवान महावीर जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 31 मार्च 2026 शुक्ल पक्ष-त्रयोदशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 51 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इसमें कोई दो राय नहीं कि बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी की सुप्रीम लीडर ममता बनर्जी खामेनेई से कोई कम ताकतवर नहीं है। वे खेला करना जानती हैं लेकिन इस बार उन्हें अपना खेल खराब होने की चिंता खाए जा रही है। असदुद्दीन ओवैसी और हुमायूं कबीर उनके लिए डोनाल्ड ट्रंप और बैंजामिन नेतन्याहू बन गए हैं और जमकर बमबारी कर रहे हैं। दोनों ने दीदी के वोट बैंक को मटियामेट करने की तैयारी कर ली है। भाजपा पहले ही टीएमसी का किला ढहाने के लिए जोर लगा रही है। नतीजतन दादागिरी दिखाने वाली दीदी के होश उड़ गए हैं।

लाल आतंक: जहां कभी था खौफ, वहां अब उम्मीद, बस्तर में बड़ा परिवर्तन करीब

पवन शाहा/सुकमा

नक्सल मुक्त बस्तर का सपना महज एक दिन बाद हकीकत बन जाएगा। कभी गोलियों की गूंज और सन्नाटे के डर से थर्राने वाला सुकमा और बस्तर आज एक नई सुबह की दहलीज पर खड़ा है। दशकों तक भय, हिंसा और अनिश्चितता में जीते आए हजारों परिवार अब उम्मीद की एक नई किरण देख रहे हैं। कभी गोलियों की गड़गड़ाहट थी... अब शांति की ओर इलाका बढ़ रहा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नवप्रदेश विशेष

नक्सलवाद का अंत

■ नक्सलवाद के भय से भरोसे तक, 24 घंटे बाद बदल जाएगा बस्तर का भाग्य

■ डेडलाइन 31 मार्च सिर्फ प्रशासनिक लक्ष्य नहीं, बल्कि बस्तर के लोगों की उम्मीदों का केंद्र

■ कभी गोलियों की गड़गड़ाहट थी, अब शांति की ओर बढ़ रहा इलाका

निर्णायक मोड़ पर बस्तर

बस्तर आज उस मोड़ पर खड़ा है, जहां एक ओर वर्षों का भय और असुरक्षा का अतीत है, तो दूसरी ओर विश्वास, विकास और शांति की नई शुरुआत है। अब निगाहें टिक गई हैं आने वाले 48 घंटों पर.... क्योंकि यहीं तय होगा कि सुकमा के साथ बस्तर संभाग का भविष्य डर की छाया में रहेगा या भरोसे की रोशनी में आगे बढ़ेगा।

विकास योजनाएं जमीन पर दिखें

उम्मीदों का आखिरी पड़ाव डेडलाइन 31 मार्च अब सिर्फ प्रशासनिक लक्ष्य नहीं रही, बल्कि बस्तर के लोगों की उम्मीदों का केंद्र बन चुकी है। आने वाले 48 घंटे तय करेंगे यह बदलाव स्थायी होगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि नक्सल मुक्त बस्तर सिर्फ सुरक्षा अभियान से संभव नहीं है। असल जीत तब होगी जब लोगों को सुरक्षा के साथ सम्मान मिले, विकास की योजनाएं जमीन पर दिखें, युवाओं को रोजगार और भविष्य का रास्ता मिले। प्रशासन लोगों के दिलों में भरोसा जगा पाया तो यह सिर्फ एक उपलब्धि नहीं, बल्कि इतिहास बन सकता है।

बड़े नक्सल लीडर मुख्यधारा में लौट चुके

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को खत्म करने की तय समय-सीमा को ध्यान में रखते हुए जिला व पुलिस प्रशासन ने अपनी कार्ययोजना को और अधिक प्रभावी बना दिया। लगातार नक्सलियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील की जा रही है। यह अपील केवल सुरक्षा बलों के माध्यम से ही नहीं, बल्कि संवाद, जनसंपर्क और ग्रामीणों के सहयोग से भी की जा रही है।

हमारी सरकार भविष्य को सुरक्षित बनाने प्रतिबद्ध

बस्तर में शांति स्थापित होना एक सकारात्मक संकेत है और यह आने वाले समय में क्षेत्र के समग्र विकास को गति देगा। बाकी नक्सलियों से भी अपील की कि वे जल्द से जल्द आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ें और एक बेहतर जीवन की ओर कदम बढ़ाएं। विष्णुदेव साय सरकार उनके पुनर्वास और भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

- विजय शर्मा, डिप्टी सीएम व गृहमंत्री, छत्तीसगढ़

वामपंथियों ने भोले-भाले आदिवासियों को अंधेरे में रखा, सत्ता के लिए कांग्रेस ने फैलाया नक्सलवाद

हिन्दुस्तान अब नक्सलमुक्त, जो हथियार उठाएगा, उसे कीमत चुकानी होगी: शाह

■ लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह की हुंकार

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। गृह मंत्री अमित शाह लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' मुद्दे पर चर्चा के दौरान सरकार की तरफ से जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा- जो लोग पूरी व्यवस्था को नकार कर हथियार उठा लेते हैं, ऐसा नहीं चलेगा। हथियार उठाने वालों को उसकी कीमत चुकानी होगी। शाह ने कहा- सालों से भोले-भाले आदिवासियों को अंधेरे में रखा गया। वामपंथियों ने अपनी विचारधारा को फैलाने के लिए भोले भाले आदिवासियों को बहकाया। कांग्रेस ने आजादी के बाद 75 साल में 60 साल राज किया। फिर आदिवासी विकास से क्यों बच गए। शाह ने कहा- कांग्रेस ने 60 साल के दौरान आदिवासियों तक घर, स्कूल, मोबाइल टॉवर नहीं पहुंचने दिया और अब हिसाब मांग रहे हैं। अपने गिरेबान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बस्तर से नक्सलवाद पूरी तरह खत्म हो चुका

बस्तर से नक्सलवाद लगभग पूरी तरह खत्म हो चुका है। बस्तर के हर एक गांव में स्कूल खोलने के लिए एक अभियान चलाया गया। इस क्षेत्र के हर गांव में राशन की दुकान खोलने के लिए एक मुहिम शुरू की गई। हर तहसील और पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए गए हैं। लोगों को आधार कार्ड और राशन कार्ड जारी किए गए हैं, और अब उन्हें पांच किलोग्राम अनाज मिल रहा है।

शाह का तंज- भूपेश बघेल को पूछो, प्रूफ दूं क्या...

अमित शाह ने कहा कि सीएपीएफ और राज्य पुलिस का समन्वय बढ़ाया। जिम्मेदारियां स्पष्ट कर दीं और ऑल एजेंसी अप्रोच शुरू किया। फंडिंग और सपोर्ट सिस्टम पर भी प्रहार किए। पुनर्वास योजना लेकर आए। विकास में कोई वैक्यूम नहीं छोड़ा। आज वहां राज्य की उपस्थिति है और नक्सलवाद की हार का सबसे बड़ा कारण यह है कि राज्य सरकार अब हर गांव में पहुंच गया है ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नक्सलवाद की वकालत करने वालों से सवाल

अमित शाह ने कहा कि मैं बस उन लोगों से यह पूछना चाहता हूं, जो यहां नक्सलवाद की वकालत कर रहे थे। लोगों को अब तक ये लाभ क्यों नहीं मिले। बस्तर के लोग इसलिए पीछे रह गए, क्योंकि इस क्षेत्र पर 'लाल आतंक' का साया मंडरा रहा था, इसीलिए विकास उन तक नहीं पहुंच पाया। आज, वह साया हट गया है, और बस्तर अब विकास के पथ पर अग्रसर है।

2025 में करीब 2 हजार नक्सलियों का सरेंडर

317	एनकाउंटर
862	अरेस्ट
1,973	सरेंडर

नक्सल प्रभावित जिले

-11 (2024 में 18)

ज्यादा प्रभावित जिले

- 3 (2024 में 36)

आदिवासी इलाकों में नक्सलवाद के कारण सालों तक गरीबी रही

■ गृह मंत्री ने कहा- आदिवासी इलाकों में गरीबी के कारण नक्सलवाद नहीं फैला बल्कि नक्सलवाद के कारण सालों तक गरीबी रही। नक्सलवाद की जड़ें गरीबी और विकास से जुड़ी नहीं हैं। ये वैचारिक हैं। नरेंद्र मोदी के शासन में आदिवासी इलाकों में विकास घर-घर पहुंच रहा है।

■ मैं चार क्षेत्र के बारे में बताना चाहता हूं।

■ नक्सलवाड़ी में साक्षरता का दर 35%, बस्तर में 23%, सहरसा 33%, और बलिया में 31% है। चारों स्थानों पर साक्षरता का दर कमोबेश समान था।

■ शाह ने कहा-प्रति व्यक्ति आय नक्सलवाड़ी में 500 रुपए, बस्तर में 190 रुपए, सहरसा में 299 रुपए और बलिया में 374 रुपए थी।

■ आय भी समान थी लेकिन नक्सलवाड़ी और बस्तर में वामपंथी उग्रवाद पनपा लेकिन सहरसा और बलिया में नहीं।

■ सहरसा और बलिया की भूगोल उनके अनुकूल नहीं थी। वहां जंगल नहीं थे। छिपने के लिए नदी-नाले और पहाड़ी नहीं थीं। हथियार लेकर मूवमेंट करने का, आदिवासियों को दबाने का, उनको जबरदस्ती अपनी विचारधारा से जोड़ने की अनुकूलता नहीं थी।

छत्तीसगढ़ के नक्सलियों ने आंध्र प्रदेश में किया सरेंडर

■ 48 लाख के इनामी थे 9 नक्सली, 36 साल से एक्टिव सेंट्रल-कमेटी मेंबर सुरेश भी शामिल

■ सुरेश ने अपने 8 साथियों के साथ डीजीपी के सामने किया सरेंडर

जगदलपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में नक्सलियों के सरेंडर का सिलसिला जारी है। रविवार को आंध्र प्रदेश पुलिस के सामने रविवार को 48 लाख के 9 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें एक सीनियर माओवादी नेता भी शामिल है, जो करीब 36 साल से संगठन में सक्रिय था। सरेंडर करने वाले 8 नक्सली छत्तीसगढ़ के सुकमा और बीजापुर जिलों के रहने वाले हैं। ये सभी पीएलजीए बटालियन, एरिया कमेटी और अलग-अलग नक्सली यूनिट में एक्टिव थे। आंध्र पुलिस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मदनवाड़ा में हथियारों का जखीरा बरामद

मोहला-मानपुर, 30 मार्च (वार्ता) छत्तीसगढ़ के नवगठित जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी ने सोमवार को एक तलाशी अभियान के दौरान माओवादियों के हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। शासन द्वारा निर्धारित 31 मार्च की समय सीमा से पहले ही पुलिस ने जिले को 'नक्सल मुक्त' घोषित करने की दिशा में अंतिम प्रहार करते हुए माओवादियों के हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। एसएसपी यशपाल सिंह के नेतृत्व में जिला पुलिस, डीआरजी और आईटीबीपी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कोवाचीटोला और मदनवाड़ा के कलवर जंगल में चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान नाले के पास एक पेड़ के नीचे छिपाकर रखे गए हथियार बरामद किए गए। बरामद हथियारों में एक एके-47 राइफल, भरी हुई मैगजीन और 26 जिंदा कारतूस के साथ, एक इंसास राइफल मैगजीन और 20 जिंदा कारतूस शामिल है।

न्यूज गैलरी

महिला ने बेटियों का सरनेम बदला, पिता ने की शिकायत

वडोदरा/ए.। गुजरात के वडोदरा में एक महिला ने अपनी दोनों बेटियों का सरनेम बदल दिया। बच्चियों के पिता की शिकायत और कोर्ट के आदेश पर पत्नी और वीबग्योर स्कूल के मालिक रुस्तम केरावाला के खिलाफ अटलादरा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। 44 साल के अभिषेक अशोक कुमार मिश्रा ने शिकायत में कहा कि उनकी पत्नी 2019 में दूधसागर डेयरी में नौकरी के लिए मेहसाणा गई थी।

लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा शब्बीर अहमद लोन दिल्ली में अरेस्ट

नई दिल्ली/ए.। दिल्ली में सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार को लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी शब्बीर अहमद लोन को दिल्ली बॉर्डर से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में सामने आया है कि वह बांग्लादेश से भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा था। पुलिस के मुताबिक, शब्बीर दिल्ली, कोलकाता और तमिलनाडु में आतंकी गतिविधियों के लिए युवाओं की भर्ती करने की तैयारी में था।

आंध्र प्रदेश में नेवी कर्मचारी ने प्रेमिका के किए तीन टुकड़े

विशाखापट्टनम/ए.। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में एक शादीशुदा नेवी कर्मचारी ने रविवार 29 मार्च को अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। फिर उसके शव के कई टुकड़े कर दिए। इसके बाद खुद पुलिस स्टेशन गया और अपना अपराध को कबूल कर लिया। मृतक की पहचान 31 साल की मोनिका के रूप में हुई है। वहीं आरोपी 35 साल का चिंतादा रविंद्र है। शुरुआती जांच के अनुसार, आरोपी ने प्रेमिका का सिर, हाथ और पैर को धड़ से अलग किया।

गढ़चिरौली में भीषण सड़क हादसा: 5 की मौत, 12 घायल

गढ़चिरोली (वार्ता)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में एक निजी बस और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में आठ साल की एक बच्ची भी शामिल है।

पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार शाम को चामोरशी तालुका में तलोधी सड़क पर एक पेट्रोल पंप के पास हुई। हादसे के समय कथित तौर पर एक निजी टूर और ट्रैवल संचालक की बस ने शादी के मेहमानों को ले जा रही कार को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार कुरुल रामपुर गांव के लगभग 16 यात्री एक शादी में शामिल होने के बाद भदभिड़ी लौट रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी और मौके पर ही कई लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान विमल कन्हूजी गव्हारे और सुमन देवाजी गव्हारे (दोनों कुंघड़ा के निवासी), भदभिड़ी के अनिकेत साईनाथ बरलावार और गट्टेगुड़ा की आरोही मोगरकर (8) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि एक और मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

छत्तीसगढ़ में टोल प्लाजा रेट में 5 रुपए की बढ़ोतरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने छत्तीसगढ़ से अलग-अलग शहरों के लिए जाने वाले नेशनल हाईवे की टोल दरों में बढ़ोतरी की है। इसमें बिलासपुर से रायपुर, कोरबा, अंबिकापुर, रायगढ़ समेत सभी टोल प्लाजा में 5 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। अब 1 अप्रैल से हर टोल प्लाजा से गुजरने पर 5 रुपए एक्स्ट्रा टैक्स देना होगा। इसी तरह एनुअल (वार्षिक) पासधारकों को 75 रुपए अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा। स्थानीय पासधारकों को पुराने दर पर ही सफर करने की छूट है। NHAI ने फाइनेंशियल ईयर के लिए टोल की नई दरें जारी कर दी हैं।

डॉलर के मुकाबले रुपया सबसे कमजोर

■ पहली बार 1 डॉलर 95.58 का हुआ, मोबाइल, सोना, तेल, विदेशी सामान खरीदना महंगा

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया आज यानी 30 मार्च को पहली बार 95 के पार पहुंच गया है। रुपया आज 88 पैसे कमजोर होकर 95.58 पर आ गया है। अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से रुपए में ये गिरावट आई है। एक महीने में रुपया करीब 4% गिरा है। वहीं इस वित्त वर्ष में रुपया 10% से ज्यादा टूट चुका है। रुपए की कमजोरी का असर आम आदमी पर होगा। विदेशों से इम्पोर्ट होने वाले सामान जैसे मोबाइल, सोना-चांदी, कच्चा तेल खरीदना महंगा हो जाएगा। इससे महंगाई बढ़ेगी।

जंग के आगे बेबस शेयर बाजार, सेंसेक्स 1636 अंक टूटा, निफ्टी 22400 के नीचे

नई दिल्ली/ए.। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार को शेयर बाजार बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में दो प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1635.67 अंक या 2.22 प्रतिशत गिरकर 71,947.55 पर बंद हुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 488.20 अंक या 2.14 प्रतिशत गिरकर 22,331.40 पर बंद हुआ। निवेशकों के पोर्टफोलियो में नौ लाख करोड़ रुपये की कमी आई। अनुसंधान विश्लेषक और लिवेलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक

हरिप्रसाद के ने कहा कि यह दबाव काफी हद तक बाहरी है, क्योंकि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों का निवेशकों की भावना पर लगातार प्रभाव बना हुआ है। एशियाई बाजारों में भारी गिरावट के साथ शुरुआत हुई है, जिसमें दक्षिण कोरिया का कोस्पी और जापान का निक्केई तेजी से गिरे हैं।

छत्तीसगढ़ के जेलों में कैदी वीडियो-कॉल पर कर पाएंगे बात

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जेल विभाग ने बीएसएनएल के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत राज्य की 33 जेलों में वीडियो और ऑडियो कॉलिंग सिस्टम लग जाएगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जेल विभाग को इस काम को जल्द पूरा करने को कहा है। इसके बाद बंदी अपने परिवार और वकील से चेहरा देखकर बात कर सकेंगे। अभी सिर्फ 17 जेलों में ऑडियो कॉलिंग है। किसी जेल में वीडियो कॉलिंग नहीं है। नई व्यवस्था से जेलों में पारदर्शिता बढ़ेगी। जेल एडमिनिस्ट्रेशन का कहना है कि, परिवार से दूर रहने से कैदियों में तनाव और उदासी बढ़ जाती है।

गरमा-गरम

रचा इतिहास : 6 लाख से अधिक ग्रामीण आवास पूरा, तेजी-पारदर्शिता और जवाबदेही का मॉडल बना छत्तीसगढ़

ग्रामीण विकास में छत्तीसगढ़ अव्वल, देशभर में सबसे ज्यादा आवास निर्माण

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ ने ग्रामीण आवास निर्माण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 6 लाख से अधिक आवास पूर्ण किए हैं। यह इस वर्ष देश में सर्वाधिक आवास निर्माण का आंकड़ा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, प्रधानमंत्री जनमन योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के सशक्त एवं समन्वित क्रियान्वयन से यह उपलब्धि संभव हो पाई है। इससे प्रदेश आवास निर्माण के क्षेत्र में एक प्रभावी मॉडल के रूप में उभरा है। 'सबको आवास' के लक्ष्य को तेजी से साकार करने के लिए वर्तमान सरकार के प्रथम कैबिनेट निर्णय में 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए थे। वर्तमान में सर्वे सूची में शामिल सभी पात्र हितग्राहियों को कवर कर लिया गया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी पात्र परिवार आवास से वंचित न रहे। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (PMAY-G) के तहत 5.87 लाख, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत 13 हजार तथा मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 10 हजार से अधिक आवास पूर्ण किए गए हैं। योजनाओं के प्रभावी समन्वय से 6 लाख से अधिक आवासों का लक्ष्य पार किया गया है। यह उपलब्धि ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ चालू वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक आवास निर्माण

■ प्रदेश में योजना आरंभ से एक वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक मकान बनाए

■ आवास से बदली तस्वीर: 9 हजार से ज्यादा महिलाएं बनीं लखपति दीदी

भाटिया और वेलकम डिस्टलरी के 16 वाहनों को ईओडब्ल्यू ने किया जब्त

■ डिस्टलरियों से सीधे दुकानों तक होती थी अवैध शराब की सप्लाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो-ईओडब्ल्यू ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त 16 वाहनों को जब्त किया है।

वेलकम डिस्टलरी, कोटा बिलासपुर और भाटिया वाइंस डिस्टलरी सरगांव मुंगेली से कुल 16 वाहन जब्त किए गए हैं। डिजिटल एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर यह पाया गया है कि इन वाहनों का उपयोग अवैध शराब (पार्ट-बी) के परिवहन में किया

जाता था। इन वाहनों के माध्यम से डिस्टलरियों से सीधे चयनित शासकीय शराब दुकानों तक अवैध शराब पहुंचाई जाती थी। इस कार्य के लिए डिस्टलरी मालिकों द्वारा अपनी कंपनियों, कर्मचारियों और भरोसेमंद व्यक्तियों के नाम से खरीदी गई गाड़ियों का उपयोग किया जाता था। विवेचना में वेलकम डिस्टलरी से 8 और भाटिया वाइंस डिस्टलरी से 8 वाहन चिन्हित कर जब्त किए गए हैं।

न्यूज गैलरी

प्राचार्य संघ ने सेवानिवृति पर डीईओ द्विवेदी को दी भावभीनी विदाई

खैरागढ़ / नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी के 31 मार्च को सेवानिवृत पर जिला प्राचार्य संगठन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर विदाई दी गई । समारोह पीएम श्री बख्शी स्कूल में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के बाद प्राचार्च ममता अग्रवाल द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति के साथ हुआ । जिला शिक्षा अधिकारी का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। बक्शी स्कूल प्राचार्य अनुराग सिंह द्वारा अभिनंदन पत्र का वाचन ,प्राचार्य सीताराम पाल द्वारा डीईओ द्विवेदी के प्रशासनिक कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व की सरलता एवं अनुशासित जीवन शैली को बताया गया। रोशन लाल वर्मा टी सी मचगहे ,नेहरू वर्मा ,ममता अग्रवाल ने भी अपने विचार रखें । प्राचार्य संगठन ने द्विवेदी के सेवानिवृत्ति पर उनके सुखद स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते शाल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र, स्मृति चिन्ह , उपहार भेंट किया। कार्यक्रम में संतोष कुमार नेताम अनुराग सिंह, रविंद्र चावड़ा ,सुनील गुनी ,संजय वर्मा, कमलेश साहू ,सीताराम पाल, पवन ददरिया, नेहरू राम वर्मा, अमित श्रीवास्तव, चिंता राम श्रीवास ,रोशन लाल वर्मा ,अनिल पाल ,प्रेमलाल महिमा सहित छुईखदान एवं खैरागढ़ ब्लॉक के प्राचार्य उपस्थित रहे।

खाद्य विभाग ने 3 सिलेंडर किए जब्त

खैरागढ़ / नवपदेश। नर्मदा साल्हेवारा मार्ग स्थित नटराज होटल मे प्रतिबंध के बाद भी घरेलू सिलेंडर का उपयोग किए जाने की शिकायत के बाद खादय विभाग की छापामार कार्यवाही मे अधिकारियो ने तीन नग घरेलू सिलेंडर का उपयोग करते पकड़ा है । शिकायत की सूचना के बाद मौके पर पहुँचे खादय विभाग की टीम मे सहायक खादय अधिकारी संजय ठाकुर, दीपक कुमार, खादय निरीक्षक विनोद सागर और मनीष ध्रुव ने नटराज होटल मे घरेलू सिलेंडर का उपयोग किए जाने पर कार्यवाही करते मौके से तीन नग घरेलू सिलेंडर जप्त कर इसे गंडई गैस एजेंसी के सुपुर्द किया है । मामले मे अधिकारियो ने द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस प्रदाय एवं वितरण विनिमयन आदेश के साथ आवश्यक वस्तु अधिनियम के प्रावधानो के उल्लंघन के तहत कार्यवाही की है ।

श्री किसान हनुमान चार दिवसीय शोभायात्रा, गांव-गांव में उमड़ा आस्था का सैलाब

छुईखदान / नवप्रदेश। क्षेत्र में इन दिनों गहरी आस्था, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। श्री किसान हनुमान जी की चार दिवसीय भव्य शोभा यात्रा ने ग्रामीण अंचलों को पूर्णतः आध्यात्मिक वातावरण में रंग दिया है। यह यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, श्रद्धा और सेवा भाव का जीवंत उदाहरण बनकर उभर रही है। शोभा यात्रा जैसे ही एक गाँव से दूसरे गाँव की ओर बढ़ती है, वैसे ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। हर ओर जय श्री राम और जय बजरंग बली के गगनभेदी जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठता है। छोटे-छोटे बच्चे हों या बुजुर्ग, महिलाएं हों या युवा–हर वर्ग के लोग भगवान के दर्शन के लिए आतुर नजर आ रहे हैं। श्रद्धालु घंटों तक प्रतीक्षा कर केवल एक झलक पाने के लिए कतारों में खड़े रहते हैं।

यात्रा के स्वागत में गाँव-गाँव की सेवा समितियाँ पूरे उत्साह के साथ जुटी हुई हैं। बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत के साथ भगवान का भव्य स्वागत किया जा रहा है। कहीं ग्रामीण मार्गों पर पानी डालकर धूल को शांत कर रहे हैं, तो कहीं फूल-मालाओं से सजी भव्य द्वार सजाकर शोभा यात्रा का अभिनंदन किया जा रहा है। कई स्थानों पर श्रद्धालु श्रीफल अर्पित कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

समिति की अध्यक्ष लुकेश्वरी जंघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह चार दिवसीय शोभा यात्रा 50 से अधिक प्रभावित गाँवों से होकर गुजर रही है, जो चुना पत्थर खनन परियोजना एवं प्रस्तावित सीमेंट फैक्ट्री से जुड़े क्षेत्र हैं। इस यात्रा का उद्देश्य न केवल धार्मिक जागरूकता फैलाना है, बल्कि समाज को एकजुट करना और सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाना भी है।

यात्रा मार्ग में माताएं और बहनें आरती की सजी हुई थालियों के साथ खड़ी रहती हैं और भगवान की आराधना करती हैं। दीपों की लौ और घंटियों की ध्वनि पूरे वातावरण को अलौकिक बना देती है। हर गाँव में श्रद्धालु भक्ति भाव से पूजा-पाठ कर रहे हैं और भगवान हनुमान से सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं।

इस शोभा यात्रा के साथ-साथ विभिन्न गाँवों की सेवा मंडलियाँ भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं। पंडरिया, जंगलपुर, विचारपुर सहित अन्य कई गाँवों के सेवाभावी लोग निरंतर यात्रा के साथ चल रहे हैं और व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए हुए हैं।

समिति के संरक्षक गिरवर जंघेल एवं मोतीलाल जंघेल ने बताया कि यह यात्रा जिस भी गाँव से गुजरती है, वहाँ का दृश्य अत्यंत भावुक और श्रद्धामय हो जाता है। लोग अपने घरों से निकलकर मार्ग के दोनों ओर खड़े हो जाते हैं और भगवान के स्वागत में भक्ति भाव से लीन हो जाते हैं। गिरवर जंघेल ने आगे बताया कि 2 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में किसान महापंचायत का आयोजन होगा जिसमें आगे की रणनीति की जानकारी साझा की जाएगी।

दिनदहाड़े कट रहे सागौन के पेड़, कई गांवों के जंगलों में फैला नेटवर्क

द्वारतरा सागौन प्लांटेशन में अवैध कटाई, वन अमला बना मूकदर्शक

छुरा/नवप्रदेश। फिंगेश्वर वन परिक्षेत्र के द्वारतरा जंगल में अवैध कटाई का बड़ा खुलासा हुआ है, जहां वन माफियाओं ने खुलेआम जंगलों पर कब्जा जमा लिया है। कभी घने और हरे-भरे रहने वाले ये जंगल अब तेजी से उजड़ते जा रहे हैं, लेकिन वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी इस ओर ध्यान देने की बजाय चुप्पी साधे हुए हैं।

दिनदहाड़े कट रहे सागौन के पेड़–ग्रामीणों के अनुसार द्वारतरा सागौन प्लांटेशन जंगल में बड़े-बड़े ईमारती पेड़ों को डीजल आरी मशीन से काटा जा रहा है। माफिया अब रात के अंधेरे का इंतजार भी नहीं करते, बल्कि दिनदहाड़े बेखौफहोकर कटाई कर रहे हैं। जंगल के भीतर पगडंडी रास्तों से लकड़ी की तस्करी का काम लगातार जारी है।

कई गांवों के जंगलों में फैला नेटवर्क–द्वारतरा के जंगलों में भी यही हालात हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध कटाई का यह नेटवर्क पूरे क्षेत्र में फैला हुआ है और लगातार जंगलों को नुकसान पहुंचा रहा है।

एक साल में हरियाली से बंजर तक का सफर–ग्रामीणों के मुताबिक पिछले एक वर्ष में जंगलों की स्थिति में भारी गिरावट आई है। जो क्षेत्र कभी घने जंगलों के लिए पहचाने जाते थे, वे अब उजाड़ और मरुस्थल जैसे नजर आने लगे हैं। इससे पर्यावरणीय संतुलन पर भी गंभीर असर पड़ रहा है।

मुख्य मार्ग तक सीमित अधिकारी, अंदर माफियाओं का राज

स्थानीय लोगों का आरोप है कि रेंजर बदरीधर ध्रुव और डिप्टी रेंजर केवल मुख्य सड़कों तक ही निरीक्षण करते हैं। लक्जरी वाहनों से जंगल का दौरा कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है, लेकिन अंदरूनी क्षेत्रों में जाने की कोई कोशिश नहीं की जाती। इसका फायदा उठाकर वन माफिया जंगल के भीतर बेखौफहोकर पेड़ों की कटाई कर रहे हैं।

मिलीभगत के आरोप, कार्रवाई नदारद–स्थानीय लोगों ने वन विभाग के कुछ कर्मचारियों पर अवैध कटाई में मिलीभगत के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अतिरिक्त कमाई के लालच में माफियाओं को खुली छूट दी जा रही है, जिसके चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

जंगल खत्म होने की कगार पर, जिम्मेदार कौन?

लगातार हो रही अवैध कटाई से तालेसर सहित आसपास के जंगल खत्म होने की कगार पर हैं। यदि जल्द सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में यह पूरा क्षेत्र बंजर हो सकता है। अब सवाल यह है कि क्या वन विभाग इस गंभीर मामले में जागेगा, या फिर माफियाओं का यह तांडव यूं ही चलता रहेगा।

> मुझे इसकी जानकारी नहीं है। स्टाप को भेजकर पता करवाता हूं।
>
> **– बदरीधर ध्रुव,** वन परिक्षेत्र अधिकारी

समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना ही उद्देश्यः अजय चन्द्राकर

कुरूद / नवप्रदेश। राजनीति के गलियारों में जब 'संगठन' की बात होती है, तो प्रशिक्षण उसकी रीढ़ माना जाता है। इसी मूल विचार को साकार रूप देते हुए कुरूद में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 समपन्न हुआ। पांच दिनों तक चले इस बौद्धिक महाकुंभ में कुरूद विधानसभा के चार प्रमुख मंडलों–कुरूद, मेघा, भखारा और सिर्री–के कुल 742 चयनित कार्यकर्ताओं ने सहभागिता दर्ज कर संगठनात्मक शक्ति का परिचय दिया।

स्वामी विवेकानंद मंगल भवन के प्रांगण में 22 से 26 मार्च तक चली इस वैचारिक पाठशाला में भाजपा ध्वज के आरोहण के साथ राष्ट्रभक्ति की जो अलख जगी, उसने कार्यकर्ताओं के भीतर नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता का संचार कर दिया।

प्रशिक्षण प्राप्त कर निकली भखारा मंडल के कार्यकर्ता गीतेश्वरी साहू, चोवाराम, खिलेश्वरी, सविता गंजीर ने बताया कि यह आयोजन महज प्रशिक्षण नहीं था, बल्कि विचार, व्यवहार और तकनीक के त्रिवेणी संगम का जीवंत उदाहरण था। 'राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि' का मूल मंत्र यहां केवल उद्घोष नहीं, बल्कि हर सत्र की आत्मा बनकर उपस्थित रहा।

मंथन के 32 अध्यायः परंपरा से आधुनिकता तकः करीब 32 सघन सत्रों में कार्यकर्ताओं को पार्टी के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक धरोहर और संगठनात्मक कार्यप्रणाली की गहराइयों से परिचित कराया गया। बूथ प्रबंधन की सूक्ष्म रणनीतियों से लेकर जनसंपर्क की प्रभावी तकनीकों तक, हर पहलू पर विस्तार से चर्चा हुई।डिजिटल युग की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया, आईटी सेल और संचार माध्यमों के प्रभावी उपयोग पर विशेष मंथन किया गया।

खौफ से खुशहाली तक: 6 एनकाउंटर और 13 सरेंडर से कबीरधाम में लौटी शांति

जितेंद्र नामदेव/कवर्धा

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में आजादी के बाद भी वर्षों तक तिरंगा नहीं लहराया जा सका था। नक्सलवाद के प्रभाव के चलते सूरुतिया, झूमा और झुरगीदादर जैसे इलाकों में भय और असुरक्षा का माहौल बना रहा। लेकिन वर्ष 2019 एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हुआ, जब इन क्षेत्रों में पहली बार शान से तिरंगा फहराया गया और विकास की नई शुरुआत हुई।

इस तरह वर्षों से नक्सल का दंश झेल रहे कबीरधाम जिले को वर्ष 2025 में मुक्ति मिली। आत्मसमर्पण किए 8 से अधिक नक्सलियों को नौकरी भी दी गई।

नवप्रदेश विशेष

कभी डर और सन्नाटे की पहचान रहे कबीरधाम जिले के वनांचल इलाकों में अब बदलाव की नई कहानी लिखी जा रही है। वर्ष 2010 के बाद नक्सल प्रभाव की चपेट में आए सूरुतिया, झूमाछापर और झुरगीदादर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों ने 2025 में एक ऐतिहासिक मोड़ देखा, जब जिला नक्सल प्रभावित सूची से बाहर हो गया। यह केवल प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि वर्षों की रणनीति, संघर्ष और जनविश्वास का परिणाम है। 2023-24 में प्रदेश में नई सरकार बनने के बाद नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का लक्ष्य लेकर विशेष अभियान शुरू किया गया, जिसने इस बदलाव को निर्णायक दिशा दी। इन इलाकों में एक समय ऐसा भी था, जब तिरंगा फहराना तक चुनौती माना जाता था। लोग भय के साए में जीवन जीते थे और विकास की कल्पना भी दूर की बात थी, लेकिन जब पहली बार इन क्षेत्रों में तिरंगा लहराया गया तो वह केवल प्रतीक नहीं, बल्कि बदलाव की शुरुआत बन गया। इसके बाद लगातार सुरक्षा, विकास और संवाद के जरिए हालात बदलते गए और अब यह क्षेत्र शांति की राह पर आगे बढ़ चुका है।

मुठभेड़ व आत्मसमर्पण से टूटा नक्सल नेटवर्क

नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाए गए। बीते वर्षों में 6 बड़ी मुठभेड़ों में 3 नक्सलियों को मार गिराया गया, जिनमें महिला नक्सली भी शामिल थीं। वहीं 13 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा को अपनाया, जिनमें 6 महिलाएं और 7 पुरुष शामिल हैं। यह बदलाव इस बात का संकेत है कि अब बंदूक की जगह विश्वास और विकास ने ले ली है।

नेतृत्व व जमीनी सक्रियता का मिला बेहतर परिणाम

इस बदलाव के पीछे मजबूत नेतृत्व और सतत प्रयासों की अहम भूमिका रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का लगातार दौरा कर न केवल सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया, बल्कि स्थानीय लोगों के बीच विश्वास भी कायम किया। संवाद, विकास और सख्ती के संतुलन ने इस अभियान को सफल बनाया। आज कबीरधाम का वनांचल क्षेत्र यह संदेश दे रहा है कि जब संकल्प मजबूत हो, तो सबसे कठिन हालात भी बदले जा सकते हैं।

विकास और विश्वास ने बदली तस्वीर

सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार जैसे बुनियादी क्षेत्रों में तेजी से हुए कार्यों ने वनांचल की तस्वीर बदल दी है। अब गांवों में भय का माहौल नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और उम्मीद का वातावरण दिखाई देता है। लोग योजनाओं का लाभ ले रहे हैं और मुख्यधारा से जुड़कर अपने जीवन को बेहतर बना रहे हैं। बंदूक के साए से निकलकर अब यह क्षेत्र विकास, शिक्षा और आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन चुका है।

बंदूक से कलम तक का सफर

कबीरधाम में जहां कभी शिक्षा का अभाव था। वहां अब विद्यार्थी स्कूलों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा के विस्तार के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। आज सैकड़ों विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं और कई युवा रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

न्यूज गैलरी

टोल टैक्स दरों में वृद्धि कर यात्रियों की जेब पर सरकार का डाका: उत्तम

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने टोल टैक्स दरों में वृद्धि पर एतराज जताते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में नेशनल हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों पर टेक्स बढ़ाना चिंतनीय है । उन्होंने बताया कि

नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टोल टैक्स की नई दरें 1 अप्रैल से लागू की हैं । नई दरों के तहत प्रदेश के अलग-अलग टोल प्लाजा पर 5 रुपये से लेकर 20 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है, जिससे आम यात्रियों की जेब पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कार, जीप और वैन जैसे निजी वाहनों के साथ-साथ व्यावसायिक वाहनों के लिए टोल महंगा हो जायेगा साथ ही 1 अप्रैल से फास्टैग एनुअल पास भी महंगा हो रहा है, जो 3,000 रुपये से बढ़कर 3,075 रुपये हो जाएगा। टोल दरों में वृद्धि से ट्रकों और व्यावसायिक वाहनों का परिचालन खर्च बढ़ेगा जिससे वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होगी और आगे महंगाई बढ़ेगी। केंद्र की भाजपा सरकार देश की जनता को सिर्फ लूटने में लगी है आम आम जनता की तकलीफों से उसे कुछ लेना देना नहीं है।

सूने मकान में चोरी: दो आरोपी गिरफ्तार, 2 लाख का माल बरामद

रायपुर/नप्रदेश। राजधानी के मुजगहन थाना क्षेत्र में सूने मकान को निशाना बनाकर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से सोने-चांदी के आभूषण और मोबाइल फोन सहित करीब 2 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक, बोरियाखुर्द स्थित अविवा प्राइड कॉलोनी निवासी प्रार्थी जोस्टिन लकड़ा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 24 दिसंबर 2025 को वह अपने घर

में ताला लगाकर परिवार सहित धरमजयगढ़ गया हुआ था। 28 दिसंबर को लौटने पर घर के दरवाजे और खिड़की की ग्रिल टूटी मिली। अंदर जांच करने पर आलमारी का लॉकर टूटा हुआ था और उसमें रखे नगदी व जेवरात गायब थे। अज्ञात चोर पीछे की ओर से खिड़की की ग्रिल काटकर घर में घुसे थे। मामले में थाना मुजगहन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 281/2025 धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और मुजगहन पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दो आरोपियों–लक्ष्मी नारायण गोस्वामी उर्फ मोंटी और अंकित वर्मा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 सोने की अंगूठी, 1 सोने का लॉकेट, 1 जोड़ी ईयरिंग और 1 मोबाइल फोन जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 2 लाख रुपये बताई जा रही है।

बकाया न चुकाने पर दो होलीक्रॉस स्कूल सीलबंद, निगम की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदश। रायपुर नगर निगम ने बकाया राजस्व वसूली को लेकर सख्ती दिखाते हुए दो निजी स्कूलों पर बड़ी कार्रवाई की है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन-4 राजस्व विभाग की टीम ने बैरनबाजार और शैलेन्द्र नगर स्थित होलीक्रॉस स्कूलों को सीलबंद कर दिया। जानकारी के अनुसार, होलीक्रॉस स्कूल बैरनबाजार पर करीब 34 लाख रुपये और होलीक्रॉस स्कूल शैलेन्द्र नगर पर लगभग 24 लाख रुपये का बकाया था। बार-बार नोटिस के बावजूद राशि जमा नहीं करने पर निगम की टीम ने दोनों स्कूल परिसरों के गेट पर ताला लगाकर तत्काल सीलिंग की कार्रवाई की। यह कार्रवाई जोन-4 कमिश्नर डॉ. दिव्या चंद्रवंशी के नेतृत्व में की गई, जिसमें आईटी एक्सपर्ट रंजीत रंजन और सहायक राजस्व अधिकारी अमरनाथ साहू भी मौजूद रहे। निगम अधिकारियों ने बताया कि लगातार चेतावनी के बावजूद बकाया नहीं चुकाने वाले बड़े बकायेदारों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। वहीं, होलीक्रॉस स्कूल कांपा ने कार्रवाई से पहले ही अपना पूरा बकाया जमा कर दिया, जिससे उसे सीलिंग की कार्रवाई से राहत मिल गई। नगर निगम ने साफ किया है कि शहर में बकाया कर वसूली के लिए आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

पल्लवी की बेटी छह महीने की थी जब उन्होंने दोबारा वेटलिफ्टिंग पर ध्यान देने का फैसला किया

चार साल की बेटी को घर पर छोड़ असम की पल्लवी ने जीता पदक

■ **बीएसएफ में कार्यरत पति के सहयोग के बगैर आसान नहीं था यह वापसी का सफर**

रायपुर/नवप्रदेश। जब पल्लवी पायेंग की बेटी सिर्फ छह महीने की थी, तब असम की इस वेटलिफ्टर के सामने एक कठिन फैसला था। या तो वह अपने पसंदीदा खेल को छोड़ दें या फिर अपनी बेटी से दूर रहकर दोबारा ट्रेनिंग शुरू करें। ऐसे समय में उनके पति सुखावन थौमंग ने उन्हें अपने सपनों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया, जबकि उनकी मां ने बच्चे की देखभाल की जिम्मेदारी संभाली। पल्लवी ने इस त्याग को सार्थक करते हुए यहां आयोजित पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में महिलाओं के 69 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता।

असम की मिसिंग जनजाति से ताल्लुक रखने वाली पल्लवी ने 2018 में वेटलिफ्टिंग की शुरुआत की थी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपनी पहचान बनाई। लेकिन कोविड-19 लॉकडाउन ने उनके खेल जीवन की रफ्तार को रोक दिया। इसी दौरान वह मां बनीं, लेकिन वेटलिफ्टिंग मंच पर वापसी की इच्छा उनके भीतर हमेशा बनी रही।

हालांकि, मां बनने के बाद खेल में लौटने का विचार जितना उत्साहजनक था, उतना ही चुनौतीपूर्ण भी। पल्लवी ने साई मीडिया से कहा, ÷यह आसान नहीं है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई महिलाओं ने मां बनने के बाद शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन एक महिला ही समझ सकती है कि पूरी फिटनेस में लौटने के लिए उसे किन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है।

उन्होंने कहा, मैंने अपनी बेटी को तब छोड़ा जब वह सिर्फ छह महीने की थी, ताकि मैं दोबारा ट्रेनिंग शुरू कर सकूं। यह भावनात्मक फैसला था, लेकिन मुझे लगा कि यही सही समय है।

अब चार साल की उनकी बेटी, पल्लवी के सरूपथार स्थित किराए के घर और गोलाघाट जिले के बोरपाथार स्थित नानी के घर के बीच समय बिताती है, जो करीब 20 किलोमीटर दूर है।

यह फैसला आसान नहीं था। बेटी से दूर लंबे समय तक रहना और कई बार अपने निर्णय पर सवाल उठाना, पल्लवी के सफर का हिस्सा रहा। लेकिन परिवार के सहयोग ने उन्हें कभी अकेला महसूस नहीं होने दिया। उन्होंने कहा, ÷मेरे पति ने हमेशा मेरा साथ दिया है, जबकि मेरी मां यह सुनिश्चित करती हैं कि जब मैं प्रतियोगिताओं के लिए बाहर जाती हूं, तो मेरी बेटी का पूरा ख्याल रखा जाए। पल्लवी के पति, जो राष्ट्रीय स्तर के पूर्व मुक्केबाजी पदक विजेता रह चुके हैं, वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में ड्राइवर के रूप में कार्यरत हैं और जम्मू में तैनात हैं।

इसके बावजूद वापसी का रास्ता बिल्कुल आसान नहीं था। मां बनने के बाद 2023 में गोलाघाट में हुए राज्य चैंपियनशिप में पल्लवी छठे स्थान पर रहीं। अगले साल डिब्रूगढ़ में उन्हें निराशा हाथ लगी, जब प्रतियोगिता देर रात तक चली और वह अपनी लय नहीं बना सकीं। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। 2025 में उनकी मेहनत रंग लाने लगी।

व्यापमं अध्यक्ष के निर्देश, परीक्षा ड्यूटी से इनकार पर होगी सख्त कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) की परीक्षाओं में लापरवाही की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष रेणु जी. पिल्ले ने कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि परीक्षा ड्यूटी से इंकार करने वाले शासकीय शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। दरअसल, हाल के निरीक्षणों में सामने आया कि कई परीक्षा केंद्रों में पर्यवेक्षक और वीक्षक के रूप में सरकारी शिक्षकों की जगह अतिथि व्याख्याताओं और निजी संस्थानों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी।

इसे परीक्षा जैसी संवेदनशील प्रक्रिया में गंभीर लापरवाही माना गया है। व्यापमं द्वारा आयोजित पीईटी, पीपीएचटी, नर्सिंग सहित विभिन्न प्रवेश परीक्षाओं का कैलेंडर पहले ही जारी किया जा चुका है और हर दूसरे-तीसरे सप्ताह परीक्षाएं आयोजित हो रही हैं। ऐसे में परीक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है। अध्यक्ष ने सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि पर्यवेक्षक के रूप में केवल शासकीय महाविद्यालयों के सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता या उससे उच्च स्तर के अधिकारी ही नियुक्त किए जाएं। किसी भी स्थिति में अतिथि व्याख्याता या निजी संस्थानों के शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की जाए। वहीं, वीक्षक के रूप में भी अशासकीय संस्थानों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाने पर रोक लगा दी गई है।

ड्यूटी से इनकाप करना माना जाएगा अवचार

निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा कार्य से इंकार करना छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के तहत अवचार की श्रेणी में आता है। ऐसे मामलों में संबंधित कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। अधिकारियों के अनुसार, कई केंद्रों पर सरकारी शिक्षक ड्यूटी से बचने के कारण वैकल्पिक रूप से निजी शिक्षकों को लगाना पड़ रहा था।

परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने कड़े नियम लागू

परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अभ्यर्थियों के लिए भी सख्त नियम लागू किए गए हैं। अब परीक्षार्थियों को केवल हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर ही प्रवेश मिलेगा। फुल स्लीव कपड़े और गहरे रंग जैसे काला, गहरा नीला, हरा, मैरून आदि प्रतिबंधित रहेंगे। इसके अलावा जूते, बेल्ट, पर्स और कान के आभूषण पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

अप्रैल में तीन माह का राशन एक साथ मिलेगा, स्टॉक व व्यवस्था बनी चुनौती

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र हितग्राहियों को अप्रैल महीने में ही तीन माह-अप्रैल, मई और जून–का चावल एक साथ वितरित किया जाएगा। खाद्य विभाग ने इसके लिए खाद्यान्न का आवंटन जारी करते हुए सभी जिलों को 31 मार्च तक पर्याप्त स्टॉक रखने और 30 अप्रैल तक वितरण पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य शासन द्वारा कलेक्टरों और नागरिक आपूर्ति निगम को जारी निर्देशों के अनुसार अंत्योदय और प्राथमिकता राशनकार्डधारियों को निर्धारित मासिक पात्रतानुसार चावल दिया जाएगा। इसके साथ ही राज्य योजना के तहत एकल निराश्रित और निःशक्तजन कार्डधारकों के लिए भी आवंटन जारी किया गया है। नमक और शक्कर जैसी अन्य राशन सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। ई-पॉस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का बायोमेट्रिक सत्यापन कर राशन वितरण की व्यवस्था की गई है।

हालांकि, जमीनी स्तर पर व्यवस्थाएं चुनौतीपूर्ण नजर आ रही हैं। प्रदेश की अधिकांश उचित मूल्य दुकानों में तीन महीने का स्टॉक रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। इसके चलते भंडारण और वितरण प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, कई दुकानों में पहले से ही खाद्यान्न की कमी की शिकायतें सामने आ रही हैं।

राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में राशन दुकानों पर हितग्राहियों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। सर्वर की तकनीकी दिक्कतों ने भी वितरण प्रक्रिया को प्रभावित किया है, जिससे मार्च महीने में ही कई लोगों को समय पर राशन नहीं मिल पाया।

नागरिक आपूर्ति निगम की प्रबंध संचालक इफ्फत आरा के अनुसार, उचित मूल्य दुकानों में चावल का भंडारण लगातार किया जा रहा है और जल्द ही सभी दुकानों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध हो जाएगा। वहीं, खाद्य सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि अप्रैल में तीन महीने का राशन एक साथ देने की योजना के तहत आवंटन जारी कर दिया गया है।

बच्चों की प्रस्तुति दे गई संदेश- हर बात को जानने का होता है उचित समय

रायपुर/नवप्रदेश। डायलॉग डिलीवरी अभिनय का वह हुनर है, जिसके जरिए रंगमंच का कलाकार अपनी भावनाओं और आवाज़ को उतार-चढ़ाव के साथ दर्शकों के सामने प्रस्तुत करता है। ऐसी ही रोचक संवाद अदायगी अगर बच्चे अपने नाटक 'उत्तर रामायण प्रसंग' पर करने लगे, तो तालियां तो बजनी ही है। ऐसा ही नजारा रविवार की शाम महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में देखने को मिला। जब मंडल में चल रहे वाल्मिकी रामायण कथा के दौरान बाल कलाकारों ने अपर्णा कालेले के निर्देशन में 'उत्तर रामायण प्रसंग' का मंचन किया गया।

नाट्य अभिनय के दौरान गुप्तचर की सूचना पर राम की प्रतिक्रिया, हनुमान की स्वामी भक्ति, राम से प्रश्न पूछने के लिए लव- कुश की जीजीविशा, माता सीता का दुखी भाव, उत्साह और जिज्ञासा बच्चों के चेहरे में देखने को मिली। उत्तर रामायण के इस प्रसंग में बाल कलाकारों ने यह संदेश प्रभावशाली तरीके से दिया कि हर बात को जानने का एक सही समय होता है। जिस तरह लव- कुश को अपनी सच्चाई उचित समय पर ही गुरु वाल्मिकी ने बताई और एक अनर्थ अपने आप ही टल गया। नाटक में तनीष डोनगांवकर, तन्वी डोनगांवकर, प्रणीश डोनगांवकर, अनय पंडित, अक्षत पंडित, प्रथमेश पुराणिक, कियान महाजन, विहान कालेले, मायरा गुप्ते सहित अन्य बाल कलाकारों ने अपने सादगीभरे अभिनय से प्रभावित किया। नाटक में तकनीकी पक्ष परितोष डोनगांवकर और प्रवीण क्षीरसागर ने संभाला था। वेशभूषा अपर्णा कालेले और अजय पोतदार ने सेट डिजाइन बखूबी किया। पात्रों का परिचय प्रसन्न निमोणकर ने दिया।

आस्था: श्री हनुमंत सेवा समिति व दीपक-नरेश केडिया द्वारा आयोजन, सचिन गुप्ता एण्ड पार्टी की होगी भजन संध्या

हनुमान जन्मोत्सव पर चिंताहरण मंदिर में होगा सुंदरकांड पाठ और भजन संध्या

रायपुर/नवप्रदेश। श्री हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार 2 अप्रैल को चौबे कालोनी स्थित श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा। सुबह मंदिर में श्री बजरंग बली का अभिषेक, पूजा-अर्चना व प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। संध्या 5 बजे भजन प्रवाहक सचिन गुप्ता एण्ड पार्टी द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। फूलों की वर्षा एवं बधाई उत्सव के साथ हनुमान जी की झांकी भी प्रस्तुत की जाएगी। संध्या 8 बजे संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व आरती की जाएगी। रात्रि 8.30 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के संबंध में दीपक-नरेश केडिया ने बताया कि श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर में विगत 4 वर्षों से प्रत्येक मंगलवार को संध्या 7.30 बजे से संगीतमय सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जाता है जिसमें लगभग 600 लोग उपस्थित रहते है। पूरा परिसर जय श्री हनुमान, जय श्री राम के नारों से गूंजता है। पं. घनश्याम तिवारी ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था, हनुमान जी को कलयुग में सबसे प्रभावशाली देवताओं में से एक माना जाता है। विष्णु जी के राम अवतार के बाद रावण को दिव्य शक्ति प्रदान हो गई। जिससे रावण ने अपनी मोक्ष प्राप्ति हेतु शिवजी से वरदान माँगा की उन्हें मोक्ष प्रदान करने हेतु कोई उपाय बताए। तब शिवजी ने राम के हाथों मोक्ष प्रदान करने के लिए लीला रची। शिवजी की लीला के अनुसार उन्होंने हनुमान के रूप में जन्म लिया ताकि रावण को मोक्ष दिलवा सके।

इस कार्य में रामजी का साथ देने हेतु स्वयं शिवजी के अवतार हनुमान जी आये थे, जो की सदा के लिए अमर हो गए। रावण के वरदान के अनुसार उन्हे मृत्यु के साथ साथ उसे मोक्ष भी दिलवाया। हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बेहद शुभ माना जाता है। इसका हिंदुओं में बड़ा धार्मिक महत्व है। इस दिन भाव के साथ पूजा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। भक्त इस दिन को बहुत खुशी और उत्साह के साथ मनाते हैं। बजरंगबली का जन्म राजा केसरी और माता अंजनी से हुआ था।

सुविचार

खुश रहने के लिए कोई वजह जरूरी नहीं है। बेवजह भी खुश रहना चाहिए। वैसे भी लोग खुश रहने की वजह छीन लेते हैं।

मिडिल ईस्ट में जंग तेज होने के आसार

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रही जंग को एक माह हो गया है। संघर्ष विराम की कुटनीतिक कोशिशें अभी भी जारी हैं किन्तु इसका कोई कारआमक नतीजा निकलता दूर दूर तक दिखाई नहीं दे रहा है। अब तो अमेरिका ने जमीनी हमला करने की भी तैयारी शुरू कर दी है। हजारों सैनिकों और कमांडो दस्तों खाड़ी क्षेत्र में तैनात करने की कवायद चल रही है और अमरिका के रक्षा मंत्रालय ने संकेत दिया है कि यह लड़ाई लंबी चल सकती है। इसलिए अब जमीनी लड़ाई लड़ने का और पारंपरिक पैदल सेना को हमले के लिए तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है। अमेरिका की इस कार्यवाही की भनक लगते ही ईरान ने भी इसका मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी प्रारंभ कर दी है और ईरान ने चेतावनी दी है कि हम शत्रु देशों के सैनिकों का इंतेजार कर रहे हैं वे ईरान में दाखिल होकर दिखाएं हम उन सब की कब्र खोदने के लिए तैयार बैठै हैं। इससे जाहिर है कि न तो अमेरिका और न ही ईरान पीछे हटने को तैयार है इजराइल तो पहले से ही संघर्ष विराम के खिलाफ है और वह अमेरिका द्वारा किये गये एकतरफा सीजफायर के बावजूद ईरान पर लगातार हमले कर रहा है कि जवाबी कार्यवाही के रूप में इजराइल पर कहर ढा रहा है और खाड़ी देशों पर भी निशाना बना रहा है। होमूर्ज खोलने पर भी अभी तक सहमति नहीं बन पाई है जिसकी वजह से दुनिया के तमाम देशों में तेल और गैस का संकट विकराल रूप धारण करता जा रहा है। ऐसे में यदि यह युद्ध और लंबा खींच जाएगा तो पूरी दुनिया के सामने विकट स्थिति निर्मित हो जाएगी और विश्व के अधिकांश देशों की अर्थव्यवस्था पटरी से उतर जाएगी। यह सारा बखेड़ा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सनक के कारण खड़ा हुआ है जो कभी कुछ बोलते हैं तो कभी कुछ बोलते हैं एक तरफ तो वे यह दावा कर रहे हैं कि ईरान के साथ शांति प्रस्ताव पर बातचीत चल रही है वहीं दूसरी ओर वे ईरान पर अपने हमले और तेज करने की धमकी भी देते हैं। ट्रंप ने यह भी कहा है कि ईरान के खिलाफ हमने अपना लक्ष्य हासिल कर लिया है जबकि हकीकत यह है कि ईरान उनपर भारी पड़ रहा है। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप सुलह के रास्ते ढूंढ रहे हैं और इसके लिए भी उन्होंने पाकिस्तान जैसे देश को आगे करने की मूर्खता की है जो खुद एक आतंकवादी देश है ऐसे देश की मध्यस्थता को न तो ईरान कबूल कर रहा है और न ही यह इजराइल को मंजूर है। डोनाल्ड ट्रंप की इन बचकानी हरकतों से पूरी दुनिया परेशान हो चुकी है और अब तो खुद अमेरिका में ही डोनाल्ड ट्रंप का भारी विरोध शुरू हो गया है। अमेरिका के कोने कोने में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ लोग सड़को पर उतर आये हैं और उनके विरूद्ध नारेबाजी कर रहे हैं। ऐसे में देखना होगा कि अब डोनाल्ड ट्रंप क्या करते हैं।

बस्तर में नक्सलवाद खात्में की कगार पर

छत्तीसगढ़ आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र में अब नक्सलवाद खात्में की कगार पर पहुंच गया है। गौरतलब है कि प्रदेश और देश से नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए केन्द्र सरकार ने 31 मार्च की समय सीमा तय की थी जो पूरी होने जा रही है इस बीच बड़ी संख्या में नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है और जो बचे हुए हैं वे भी सरेंडर करने जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले एक साल के भीतर ही लगभग सवा दो हजार नक्सनिलयों ने आत्म समर्पण किया है। अब बस्तर क्षेत्र नक्सली आंतक से लगभग मुक्त हो गया है। यह केन्द्र सरकार और छत्तीसगढ़ की विष्णुदेवय साय सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है जिन्होंने मिलकर नक्सली हिंसा को पूर्ण रूपेण समाप्त करने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलाया और आखिरकार अपने लक्ष्य को हासिल करने के निकट पहुंच ही गये। अब अरबन नक्सलियों की नाक में भी नकेल कसने की आवश्यकता है और इसके लिए भी राज्य सरकार ने कार्य योजना बना ली है। अरबन नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होने से ही बस्तर में फिर से नक्सली समस्या से सिर उठाने से संभावना खत्म होगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि जिस तरह सरकार छत्तीसगढ़ से नक्सली आतंक को खत्म करने में सफल हो रही है उसी तरह वह बहुत जल्द अरबन नक्सलियों की नाक में नकेल कसने में भी सफल हो जाएगी और इसके बाद कभी पिछड़ेपन का पर्याय रहे आदिवासी बहुल बस्तर क्षेत्र के चहुमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त हो पाएगा क्योंकि शांति के उपवन में ही विकास के फूल खिला करते हैं।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू ऋतेश्वर

◆ मनुष्य ने प्रत्येक होने वाले दुख, तकलीफ़ शोक के लिए अपने आप को रिस्पांसिबल मान लिया, समझ गया; उसी दिन मनुष्य मुक्त हो गया। मुक्ति का पहला और अंतिम सोपान यही है।

◆ आदमी जिस दिन खुद को रिस्पांसिबल मान लेगा, उसी दिन जागरण में आ जाएगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1504 - सिखों के गुरु अंगद देव जी का जन्म। वह गुरु नानक देव जी के बाद सिखों के दूसरे गुरू थे। 1727 - दुनिया के महान भौतिकशास्त्रियों में शुमार आइजक न्यूटन का 84 वर्ष की आयु में लंदन में निधन। 1774 - भारत में डाक सेवा शुरू, पहला डाकघर खुला। 1870 - अमेरिका में पहली बार किसी अश्वेत नागरिक ने वोट दिया। अश्वेतों को समान अधिकार दिलाने की दिशा में यह एक बड़ी कामयाबी थी। 1889 - पेरिस का मशहूर एफेल टावर आधिकारिक तौर पर खुला। 1959 - 14वें दलाई लामा, तेनज़िन ग्यातसो, भारत की सीमा पार करी और राजनीतिक में शरण ली। 1980 - अमेरिका के महान फर्राटा धावक जेसी ओवंस का निधन। ओवंस ने 1936 के बर्लिन ओलंपिक खेलों में अपने देश के लिए चार स्वर्ण पदक जीते थे। 1981 - एक घरेलू विमान का अपहरण करने वाले इंडोनेशिया के पांच आतंकवादियों में से चार को थाइलैंड के बैंकाक में मार गिराया गया।

बंगाल में इस बार कांटे की टक्कर

पश्चिम बंगाल का विधानसभा चुनाव इस बार टीएमसी और भाजपा के बीच कांटे का मुकाबला है। सत्तारूढ़ तृणमूल सरकार के खिलाफ एंटी इनकंबेंसी फैक्टर चरम पर है। सरकार में भ्रष्टाचार और महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वृद्धि जैसे कई मुद्दे हैं, जिनका टीएमसी के पास कोई जवाब नहीं है। इसके अलावा ममता बनर्जी को चारों मोर्चों पर लड़ाई लड़नी पड़ रही है। एक तरफ कांग्रेस है तो दूसरी ओर लेफ्ट। एक तरफ उसके खिलाफ मुस्लिम वोट बैंक का गठबंधन है और सबसे बड़े मोर्चे पर खुद बीजेपी। ऐसे हालात में पिछली बार की कामयाबी से आगे निकलकर भगवा दल इस बार पश्चिम बंगाल की सरजमीं पर अपना परचम लहराना चाहता है। बीजेपी के थिंक टैंक ने टीएमसी के वोट बैंक को तोड़ने के साथ ही 'एक्स फैक्टर' पर भी फोकस किया है।

डॉ. ओ.पी त्रिपाठी

बंगाल में ये एक्स फैक्टर कोई और नहीं, लेफ्ट वोट बैंक है। ये लेफ्ट वोटर अपनी वैचारिक पार्टी के कमजोर होने के बाद से कन्फ्यूज हैं। कभी बंगाल की सत्ता में राज करने वाले ये लेफ्ट के कार्यकर्ता निष्क्रिय से पड़े हैं। बीजेपी की सोच इस वोट बैंक अपने पक्ष में सक्रिय करने की है। जमीन पर यह वामपंथी वोट बैंक भाजपा की तरफ मुड़ा तो, उसे बड़ा फायदा हो सकता है। दूसरी ओर ममता के मुस्लिम वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए कबीर-ओवैसी का गठबंधन अपना काम कर ही रहा है। बीजेपी थिंक टैंक ने ममता को उसके गढ़ में घेरने के लिए भवानीपुर विधानसभा में 'इस बार जय भवानी' का नारा देकर सुवेंदु अधिकारी को चुनाव मैदान में उतार दिया है। इसके साथ ही बीजेपी ने लेफ्ट के एक-एक छोटे कार्यकर्ता से संपर्क बनाना शुरू कर दिया है। घर-घर लेफ्ट विचारधारा वाले परिवारों से मिलने का सिलसिला चल रहा है। पार्टी के रणनीतिकार मानकर चल रहे हैं कि अगर लेफ्ट के कार्यकर्ता और वोटर बिना शोर किए गए भाजपा को समर्थन देते हैं तो, यह एक्स फैक्टर साबित हो सकता है। लेफ्ट का यह वोट बैंक भाजपा को सत्ता तक पहुंचाने का दम रखता है। दरअसल कभी लेफ्ट ने पश्चिम बंगाल की सत्ता पर बरसों तक राज किया है। अब लेफ्ट के ऐसे कार्यकर्ता, जो पार्टी से असंतुष्ट या निराश हैं, वे राज्य की तरक्की के लिए मूड बदल सकते हैं। उन्हें पता है कि लेफ्ट जीतने की स्थिति में नहीं है, इसलिए वो अपना वोट जाया न करके भाजपा के पाले में आ सकते हैं। बीजेपी की घर-घर संपर्क का अभियान कुछ असर दिखाने लगा है। ऐसे लेफ्ट के नेता, जो सक्रिय राजनीति से दूर चले गए हैं और अब बदले माहौल में कुछ अच्छा फील कर रहे हैं। इनकी पहचान कर भाजपा के कार्यकर्ताओं और बड़े नेताओं को इनसे मिलने के लिए भेजा जा रहा है। लेफ्ट के कार्यकर्ताओं को मोटिवेट कर भाजपा से जोड़कर पार्टी को वोट देने के लिए कहा जा रहा है। जनता के बीच चुनाव प्रचार तो चल ही रहा है, यह व्यक्ति केंद्रित संपर्क लेफ्ट वोट बैंक को साधने के लिए है।

पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य ने लेफ्ट विचारधारा को मानने वाले लोगों से अपील की है कि वे भले ही अपनी विचारधारा को मानते रहें, लेकिन राज्य के हित में भाजपा को वोट दीजिए। भाजपा के नेता नारा दे रहे हैं- दिल में रखिए विचारधारा, वोट लेकिन भाजपा को ही। भाजपा की कोशिश विपक्षी वोटों को जहां तक संभव हो, एकजुट करने की है।बंगाल में असल में जैसे-जैसे बंगाल में टीएमसी का कद बढ़ने लगा, लेफ्ट का पतन शुरू हो गया। बाद के चुनाव में 'लाल' वोटर 'भगवा' को मौन समर्थन देने लगे। हालांकि, संख्या कम थी लेकिन फायदा तो हुआ ही। 2014 लोकसभा चुनाव में लेफ्ट का वोट शेयर 30 प्रतिशत के करीब था, जो 2019 में आकर 8 प्रतिशत के करीब रह गया है। भाजपा का वोट शेयर बढ़कर 2019 लोकसभा चुनाव के समय 17 से 40 प्रतिशत पहुंच गया। पिछले विधानसभा चुनाव में हाल यह रहा कि लेफ्ट पार्टी खाता नहीं खोल सकी। वहीं, भाजपा ने टीएमसी को चुनौती देते हुए 77 सीटें निकाल लीं। इससे साफ है विपक्षी वोटर टीएमसी के सामने भाजपा को एक विकल्प के तौर पर देखकर इस पार पूरा गेम बदल सकते हैं। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर सियासी तकरार छिड़ी है, पक्ष विपक्ष एक दूसरे के ऊपर तंज कस रहे हैं। इसी बीच भाजपा ने अपनी नई लिस्ट में आरजी कर मेडिकल कॉलेज की पीड़िता की मां को टिकट दिया है। तीसरी लिस्ट में भाजपा ने 19 उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। इसमें सबसे ज्यादा चैंकाने वाला नाम रत्ना देबनाथ का था। आरजी कर अस्पताल की उस ट्रेनी डॉक्टर की मां हैं, जिनके साथ दुष्कर्म और फिर हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया था। इस घटना से पूरे देश की सड़कों पर लोग प्रदर्शन कर रहे थे. इतना ही नहीं, ममता के इस्तीफे की भी मांग हो रही थी। पार्टी ने उत्तर 24 परगना जिले की अहम मानी जाने वाली पानीहाटी सीट से आरजी कर मेडिकल कॉलेज रेप-मर्डर केस की पीड़िता की मां को उम्मीदवार बनाकर भाजपा ने भावनात्मक और राजनीतिक दांव चला है। पश्चिम बंगाल में मुस्लिम आबादी लगभग 30 प्रतिशत मानी जाती है, जो राज्य की करीब 100 से अधिक विधानसभा सीटों पर सीधे तौर पर प्रभाव डालती है। मुर्शिदाबाद, मालदा, उत्तर दिनाजपुर, दक्षिण 24 परगना और कुछ हद तक नदिया जैसे जिलों में यह प्रभाव और भी स्पष्ट दिखाई देता है। अब तक यह वोट बैंक काफी हद तक ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस के साथ रहा है, जिसने खुद को अल्पसंख्यकों के भरोसेमंद राजनीतिक विकल्प के रूप में स्थापित किया। लेकिन मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का निर्माण करा रहे हुमायूं कबीर को इसी बात पर पार्टी से निकालकर ममता ने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारी है और अपने वोट बैंक को नाराज कर लिया है। हुमायूं कबीर अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर पश्चिम बंगाल में मस्जिद बनवा रहे हैं, जिसका नाम भी उन्होंने बाबरी मस्जिद ही रखा है। हुमायूं कबीर और ओवैसी का गठबंधन ममता बनर्जी के इसी स्थिर समीकरण को चुनौती देता नजर आ रहा है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में इस बार मुस्लिम धर्म के आधार पर नया गठबंधन आने से यदि मुस्लिम वोटों में विभाजन होता है, तो इसका सीधा लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिल सकता है। 2021 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने कई सीटों पर कड़ी टक्कर दी थी, लेकिन एकजुट मुस्लिम वोटिंग ने टीएमसी को बढ़त दिलाई। अब अगर यही वोट बैंक विभाजित होता है, तो इस बार के विधानसभा चुनाव में भाजपा को उन सीटों पर बढ़त मिल सकती है जहां वह पहले मामूली अंतर से पीछे रह गई थी। इसके अलावा एंटी इनकंबेंसी फैक्टर भी ममता बनर्जी की टीएमसी को मुश्किलों में डाल सकता है।

युगों-युगों तक मार्गदर्शन करती रहेगी भगवान महावीर की अमृतवाणी

योगेश कुमार गोयल

'अहिंसा परमो धर्मः' का अमर संदेश देने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन आज के अशांत, तनावग्रस्त और संघर्षपूर्ण समय में पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठा है। आधुनिक युग में मनुष्य प्रगति की अंधी दौड़ में नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। स्वार्थ, लोभ और प्रतिस्पर्धा ने उसे इस हद तक प्रभावित कर दिया है कि वह अपने हित के लिए हिंसा और अनैतिकता को भी उचित ठहराने लगा है। ऐसे समय में महावीर स्वामी का अहिंसा, संयम और करुणा पर आधारित दर्शन मानवता को एक नई दिशा देता है और उसे आत्ममंथन के लिए प्रेरित करता है।

भगवान महावीर ने अपने जीवन के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि प्रत्येक जीव समान है और हर प्राणी में आत्मा का वास है। उन्होंने 'जीओ और जीने दो' का जो सिद्धांत दिया, वह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि संपूर्ण जीवन दर्शन है। यह हमें सिखाता है कि हम अपने व्यवहार और आचरण में ऐसी संवेदनशीलता विकसित करें, जिससे किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचे। उनका यह विचार कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि तक में जीवन है, आज के पर्यावरणीय संकट के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। जब पृथ्वी प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के संकट से जूझ रही है, तब महावीर का यह संदेश हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने का आह्वान करता है।

महावीर स्वामी ने कर्म के सिद्धांत को भी अत्यंत स्पष्टता से समझाया। उनका मानना था कि मनुष्य स्वयं अपने कर्मों के लिए जिम्मेदार है और वही उसके भविष्य का निर्धारण करते हैं। कोई भी व्यक्ति अपने कर्मों से बच नहीं सकता। जो जैसा करता है, वैसा ही फल प्राप्त करता है। यह सिद्धांत न केवल आध्यात्मिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और नैतिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मनुष्य को उत्तरदायित्व और सजगता का बोध कराता है। उन्होंने यह भी सिखाया कि धर्म बाहरी आडंबरों में नहीं बल्कि आत्मा की पवित्रता में निहित है। अहिंसा, सत्य, संयम और तप ही धर्म के वास्तविक लक्षण हैं। क्रोध, मान, माया और लोभ जैसे दोष मनुष्य के सभी गुणों का नाश कर देते हैं। इसलिए जो व्यक्ति अपने जीवन में शांति और संतुलन चाहता है, उसे इन विकारों का त्याग करना चाहिए। महावीर का यह संदेश आज के तनावपूर्ण जीवन में अत्यंत उपयोगी है, जहां मानसिक अशांति और असंतुलन तेजी से बढ़ रहा है।

महावीर जयंती (31 मार्च) पर विशेष

महावीर स्वामी ने समानता और मानवता का भी अद्वितीय संदेश दिया। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यदि कोई उच्च कुल में जन्म लेकर भी बुरे कर्म करता है तो वह श्रेष्ठ नहीं हो सकता जबकि निम्न कुल में जन्म लेने वाला व्यक्ति यदि सदाचार और सद्विचार अपनाता है तो वह सम्मान का अधिकारी है। यह विचार सामाजिक समरसता और समानता की नींव को मजबूत करता है। उनकी दृष्टि में सेवा भी सर्वोच्च धर्म है। रोगियों और जरूरतमंदों की सेवा को उन्होंने ईश्वर की सेवा से भी बढ़कर बताया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्त्री और पुरुष दोनों समान रूप से मुक्ति के अधिकारी हैं, जो उनके प्रगतिशील और समतामूलक विचारों को दर्शाता है।

आज जब समाज हिंसा, असहिष्णुता और नैतिक पतन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब भगवान महावीर की अमृतवाणी हमें आत्मशुद्धि, सह-अस्तित्व और शांति का मार्ग दिखाती है। यदि हम उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर लें तो न केवल व्यक्तिगत जीवन में संतुलन और शांति स्थापित हो सकती है बल्कि समाज में भी सद्भाव, करुणा और अहिंसा की स्थापना संभव है। यही महावीर स्वामी के संदेश की वास्तविक सार्थकता है, जो युगों-युगों तक मानवता का मार्गदर्शन करती रहेगी।

(लेखक 36 वर्षों से पत्रकारिता में सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार और 'सागर से अंतरिक्ष तकः भारत की रक्षा क्रांति' पुस्तक के लेखक हैं)

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

तेरी आदत सी हो गई है, अब तेरे बिना जीना भी अजीब लगता है.. मेरी लेखनी में भी अब बस तेरा ही वास रहता है, हर शब्द जैसे तेरा नाम लिखता है कभी सोचती हूँ, ये स्याही है या तेरी यादों का बहता दरिया, जो हर पंक्ति में चुपचाप उतर जाता है... मेरे शब्द अब मेरे नहीं रहे, तेरी अनुभूतियों के हो गए हैं, हर कविता में तेरा ही अक्स दिखता है तू पास हो या दूर, मेरी कलम तुझे ही जीती है, तेरी आदत ही अब मेरी रचनाओं की पहचान बनती है।
– **रेनू 'शब्दमुखर'**

अपनी मर्ज़ी पे जब से चलने लगे। अचानक हम जहां को खलने लगे।। दौर कैसा ये आ गया या रब। आइने आइनों को छलने लगे।। छोड़ कर जंगलों को अब तो। आस्तीनों में साँप पलने लगे।। लद गए पेड़ जब आम से तो। उनपे पत्थर बहुत उछलने लगे।। मन को चैन भी आ गया कमल। दर्द जब हम अपना लिखने लगे।। आज का दिन हम सबके लिए मंगलमय हो – **कमलकांत डोंगरे**

कैसे कैसे लोग रहते हैं अपने देश में। वैश्विक स्तर के तेल और गैस की आपदा और आतंकवादी हमलों से लेकर युद्ध जैसी स्थिति में देश के साथ खड़े रहने की जगह देश में पैनिक फैलाने में लगे रहते हैं। यही मूल चरित्र है ज्यादातर भारतीय लोगों का और बनना इन्हे है विश्व गुरू दूसरों के बल पर। – **सीमा राय**

अमरीका ने गैस है, भेजी हिंदुस्तान। रूस भेज कर तेल भी, माने मित्र महान। माने मित्र महान, न तुमसे बैर हमारा। रास्ता दे ईरान, निभाता भाई चारा। मातम मना विपक्ष, कर रहा टिप्पणि टीका। भारत अपना दोस्त, कह रहा है अमरीका।।
– **रजनी रामदेव**

बादलों पर पाँव है यही नया ठांव है चलना ही जिंदगी है अभी कहाँ छाँव है सितारों से होड़ है हौसलों में ज़ोर है होंगे कामयाब हम सुनाई चारों ओर है ।। धूप का लिबास है पसीने का बास है रास्तों से इश्क है मंज़िल की आस है।। उड़ान बाकी है अभी पहचान बाकी है अभी मुट्ठी में है आसमाँ जहान बाकी है अभी।। रुकावटें हज़ार हैं मुश्किलें कतार हैं हौसलों के सामने पहाड़ भी लाचार है ।। – **मनीष सिंह वंदन**

सुनो कबूतर से संदेशा भेजना है मुझे उन हवाओं के पास जो दूषित होकर दुखी हैं बेहद और बेबस हो देख रहीं हैं उन मिसाइलों को जो उनका सीना चीर कर जा रहीं है दूषित करने उन स्वच्छ हवाओं को जो प्राण हैं प्राणी मात्र की,, सुनो क्या मेरा ये श्वेत कबूतर श्वेत ही लौट पाएगा संदेशा पहुंचाकर। – **शुचि 'भवि'**

राम नाम ही मंत्र है, राम नाम ही नाव, भवसागर के बीच में, यही सच्चो ठाव। राम नाम ही ओढ़िए, राम नाम ही बिछाव, जागत, सुतत, साँस-साँस में, राम रहैं प्रभाव॥ राम बिना सब सूना लगे, रामहि जीवन धाम, जिनके हिय बसि गयौ सिया-राम, तिनके मिटे सब ग्राम॥
– **चिन्मय शुक्ल**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आप कार्य-व्यवसाय में असहयोग की स्थिति बनने पर उग्र हो सकते है। सहयोगी आवश्यक कामो में लापरवाही दिखाएंगे। सभी महत्त्वपूर्ण निर्णय आपको स्वयं ही लेने पड़ेंगे। दाम्पत्य जीवन मे अहम के कारण खटास आ सकती है।

वृषः आपका आज का दिन भी विषम परिस्थितियों वाला रहेगा। दिन के आरंभ में ही कोई अशुभ समाचार मिलने से मन हताश रहेगा। कार्य व्यवसाय में से भी आज निराशा ही हाथ लगेगी।

मिथुनः आज का दिन आपको आर्थिक रूप से सबल बनाने में सहयोग करेगा। व्यवसाय में प्रतिस्पर्धा आज कुछ कम रहेगी जिसका फायदा अवश्य उठाएंगे। नौकरी पेशा जातको को अधिकारी वर्ग का प्रोत्साहन मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा।

कर्कः आज के दिन आप किसी ना किसी उलझन में फंसे रहेंगे। दिन का अधिकांश समय अनर्गल कार्यो में बर्बाद होगा। लोग आपके मन के विपरीत कार्य करवाने को बाध्य करेंगे।

सिंहः आज के दिन आपकी मनोवृति सुखोपभोग की अधिक रहेगी जिस वजह से कार्य क्षेत्र पर पूर्ण ध्यान नही दे पाएंगे फिर भी आज धन लाभ के अवसर मिलते रहेंगे।

कन्याः आज के दिन आप अधिकांश कार्यो में लापरवाही दिखाएंगे जिससे उचित लाभ मिलने में विलंब के साथ ही कमी भी आएगी।

तुलाः आज का दिन आपको आकस्मिक धन लाभ कराएगा। आज जिन कार्यो अथवा व्यवहारों से उम्मीद नही रहेगी उनसे भी आकस्मिक लाभ होने की संभावना है।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए विशेष शुभ रहेगा। धन लाभ के साथ-साथ संबंधों में भी निकटता का अहसास होगा। व्यवसाय क्षेत्र पर भी सहयोगी वातावरण मिलने से निश्चित समय पर कार्य पूर्ण कर लेंगे।

धनुः आज का दिन भी आपके लिए लाभदयक रहेगा फिर भी ध्यान रखें आज किसी के गलत मार्गदर्शन अथवा गलतफहमी में पड़ने से लाभ के अवसर किसी अन्य के पास भी जा सकते है।

मकरः आपका आज का दिन भी अशुभ रहने से अधिक सावधानी बरतने की सलाह है। सेहत का आज विशेष ध्यान रखें परिवार में बीमारी का प्रकोप अथवा अन्य आकस्मिक दुर्घटना होने की संभावना है।

कुंभः आज आप कार्यो में व्यस्त रहने के बाद भी दिन का भरपूर आनंद उठाएंगे। मन इच्छित कार्य होने से हास-परिहास का वातावरण बना रहेगा।

मीनः आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के आरंभ में दैनिक कार्यो को पूर्ण करने की जल्दी में कुछ हानि हो सकती है।

QUIZ TIME

1) सूचना की सार्वभौमिक पहुँच के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है?

2) संवादिनी का संबंध किस आंदोलन से है?

3) कौन नालंदा कॉलेज बुद्धिस्ट स्टडीज, कनाडा के संस्थापक हैं?

4) भारत और अमेरिका के बीच मुक्ताकाश समझौता किस वर्ष हस्ताक्षरित हुआ था?

5) हाल ही में समाचारों में देखी गई सेनेमास्पिस वांगोघी किस प्रजाति से संबंधित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 28 सितम्बर (2) [illegible] आंदोलन (3) [illegible] (4) 2005 (5) छिपकली

पहेली

शब्द सामर्थ्य -358

न्यूज गैलरी

बकाया संपत्तिकर जमा करने 1 दिन शेष

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई द्वारा बकाया संपत्ति करदाताओं को अंतिम सूचना देते हुए 31 मार्च तक हर हाल में टैक्स जमा करने की अपील की गई है। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर निर्धारित तिथि के बाद बकाया कर जमा करने पर 18 प्रतिशत का अधिभार और 1000 रुपये का पेनाल्टी शुल्क लगाया जाएगा। 31 मार्च तक कर जमा करने वाले नागरिकों से किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा विशेष व्यवस्था की गई है। अवकाश के दिनों में भी संपत्ति कर काउंटर खुले रखे गए हैं, ताकि अधिक से अधिक लोग समय सीमा के भीतर अपना लंबित कर जमा कर सकें। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और जल्द से जल्द बकाया कर का भुगतान कर अतिरिक्त आर्थिक भार से बचें।

टैक्स जमा न करने पर 1 अप्रैल से काटे जाएंगे नल कनेक्शन

दुर्ग। बकाया टैक्स वसूलने नगर निगम दुर्ग द्वारा सख्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आयुक्त सुमित अग्रवाल के कड़े निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। 31 मार्च तक टैक्स जमा न करने पर नल कनेक्शन काटे जाएंगे। सीलिंग की कार्रवाई भी होगी। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष का अंतिम दिन होने के कारण सभी करदाताओं को बकाया टैक्स तुरंत जमा करने कहा गया है। टैक्स जमा न करने पर बकायेदारों के नल कनेक्शन काटने, संपत्तियों को सील करने सहित अन्य दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे। करदाता घर बैठे ऑनलाइन टैक्स जमा कर सकते हैं।

मच्छर उन्मूलन करने सभी वार्डों में होने लगा दवा का छिड़काव

दुर्ग। नगर निगम दुर्ग द्वारा शहर के सभी वार्डों में सफाई अपनाओ - बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ बीमारियों की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। प्रत्येक वार्ड के लिए विशेष रूट प्लान तैयार किया गया है, जिसके तहत दिन के समय सीकर (स्प्रे) मशीन के माध्यम से दवाई का छिड़काव किया जा रहा है। मच्छरों व अन्य रोग फैलाने वाले जीवों पर प्रभावी नियंत्रण करने शाम और रात में फॉगिंग मशीन से फॉगिंग की जा रही है। सफाई कर्मियों द्वारा प्रतिदिन नालियों की सफाई कर टेमिफोस और बॉयो डार्ट का छिड़काव किया जा रहा है, जिससे मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके।

महावीर जयंती पर आज मांस दुकानें और पशु वध गृह रहेंगे बंद

दुर्ग। 31 मार्च मंगलवार को महावीर जयंती के अवसर पर नगर निगम, दुर्ग सीमा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित सभी पशु वध गृह और मांस विक्रय की दुकानें पूर्णतः बंद रखी जाएंगी। नगरीय प्रशासन विभाग के आदेश के पालन हेतु नगर निगम द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम दुर्ग द्वारा समस्त संबंधित व्यापारियों से अपील की गई है कि वे शासन के निर्देशों का पालन करते हुए सहयोग प्रदान करें।

अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग कल तक

दुर्ग। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु 1 अप्रैल 2026 तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 1 जून से 15 जून तक पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) आयोजित संभावित है। भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीकृत अभ्यर्थियों को छ. रा. रोजगार विभाग द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जाएगी। लिखित परीक्षा हेतु निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग प्राप्त करने के इच्छुक आवेदक भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती हेतु पंजीयन के बाद रोजगार विभाग के वेबसाईट पर अग्निवीर भर्ती 2026 की लिखित परीक्षा की तैयारी के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण के ऑनलाईन आवेदन पर क्लिक कर अपनी व्यक्तिगत जानकारी सहित आवेदन छ. ग. रोजगार विभाग को प्रेषित कर सकते हैं। आवेदक को लिखित परीक्षा हेतु प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व 'रोजगार कार्यालय में पंजीयन' करवाना अनिवार्य होगा।

निधन : कांता मुरकुटे

दुर्ग। पद्मनाभपुर एलआईजी 601 निवासी कांता रूपचंद मुरकुटे (75 वर्ष) का सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 मार्च मंगलवार को सुबह 11 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे रूपचंद मुरकुटे की पत्नी, वीरेंद्र मुरकुटे, रवि मुरकुटे, जयश्री समर्थ की माताजी और भाजपा नेता सतीश समर्थ की सास थी।

8.65 लाख की हेरोइन के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

■ **टॉयलेट कॉम्पलेक्स के पास डील करते पुलिस ने किया गिरफ्तार**

भिलाई/नवप्रदेश। पुलिस ने ड्रग्स सप्लाई करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 43 ग्राम से ज्यादा हेरोइन जब्त की गई है। बाजार में इसकी कीमत करीब 8 लाख 65 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी पंजाब से हेरोइन व अन्य ड्रग्स दुर्ग-भिलाई लाकर सप्लाई करते थे। गैंग का सरगना 26 साल का विजय सिंह निकला। विजय सिंह पंजाब के अमृतसर जिले के कलसिया थाने के कलेर गुमान इलाके का रहने वाला है। पिछले कुछ समय से खुर्सीपार के एचसीएल कॉलोनी इलाके में रहने वाले विजय ही नशे का नेटवर्क चला रहा था। विजय के साथ पकड़े गए अन्य दो आरोपियों में से एक मीर नौशाद अली (26 वर्ष) है, जो वैशाली नगर के जवाहर नगर का निवासी है। तीसरा आरोपी सुरेंद्र क्षत्रिय (23 वर्ष) जवाहर नगर इलाके के बांबे आवास में रहता है। दोनों आरोपी विजय से हेरोइन लेकर पुड़िया बनाकर बेचते थे। पुलिस ने बताया कि रविवार 29 मार्च को मुखबिर से खुर्सीपार इलाके के मिनी स्टेडियम के पास बने सुलभ शौचालय के पास संदिग्ध लोगों के पास ड्रग्स होने की सूचना मिली। मुखबिर ने बताया कि उन्हें किसी ग्राहक का इंतजार था, ताकि ड्रग्स की पुड़िया बेच सकें।

सूचना मिलने पर खुर्सीपार पुलिस की टीम ने चारों ओर से घेराबंदी कर मिनी स्टेडियम के पास से तीन युवकों को पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से सफेद रंग का पाउडर मिला। पाउडर के हेरोइन होने की पुष्टि होने पर पुलिस ने तुरंत तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने तस्करों के पास से कुल 43.14 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जब्त ड्रग्स की कीमत 8 लाख 65 हजार 800 रुपए बताई गई है। आरोपियों के पास से नशीला पदार्थ बेचकर कमाए गए 3 हजार 640 रुपए नगद भी मिले। आरोपियों के पास से 5 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं, जिनकी कीमत करीब 24 हजार 500 रुपए है। इस तरह पुलिस ने कुल 8 लाख 90 हजार 940 रुपए का माल जब्त किया है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नशीली दवाओं की रोकथाम करने वाले कानून यानी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। तीनों को अदालत के सामने पेश किया गया, जहां से जज ने उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस आरोपियों के मोबाइल फोन से पता लगा रही है कि नशे के नेटवर्क से और कितने लोग जुड़े हैं।

बजट पेश न करने पर महापौर और सभापति पर साधा निशाना

रिसाली निगम में भाजपा पार्षदों ने भैंस के आगे बीन बजाकर जताया विरोध

रिसाली/नवप्रदेश। नगर निगम रिसाली में वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 30 मार्च तक बजट पेश न करने पर भाजपा पार्षदों ने महापौर और सभापति को आड़े हाथों लिया है। वर्ष 2026-27 का बजट हर हाल में मार्च में पारित किया जाना था। लेकिन, अभी तक बजट का अता पता नहीं है। इसे लेकर आज नगर निगम में राजनीतिक सरगर्मी उफान पर रही। भाजपा के 19 पार्षदों और संगठन पदाधिकारियों ने निगम कार्यालय के मेन गेट पर धरना देकर शहर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा पार्षद दल ने दो भैंसों को महापौर शशि सिन्हा और सभापति केशव बंछोर का रूप देकर उनके सामने बीन बजाई। संदेश दिया गया कि निगम प्रशासन जनता की समस्याओं के प्रति जवाबदेह नहीं है। रिसाली निगम के नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू ने आरोप लगाया कि बजट पेश न करना महापौर की प्रशासनिक विफलता है। मार्च माह में बजट प्रक्रिया पूरी होनी थी, लेकिन महापौर और सभापति की लापरवाही, उदासीनता और अक्षमता के कारण बजट पेश नहीं किया जा सका। विपक्षी पार्षदों ने आरोप लगाया कि रिसाली क्षेत्र में गर्मी की शुरुआत के साथ ही जलसंकट गहराने लगा है। कई इलाकों में पोल पर स्ट्रीट लाइट नहीं लग पाई है। नवरात्र के दौरान भी शहर में प्रकाश व्यवस्था खराब रही। श्रमिक बहुल बस्तियों में हालात और भी खराब हैं। भाजपा पार्षदों ने महापौर पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि निगम में विकास कार्यों को जानबूझकर रोका जा रहा है। पिछले चार साल तीन माह में शहर सरकार ने अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं किया है। भाजपा पार्षदों ने कहा कि लगभग 13.5 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को तीन महीने से एमआईसी में लंबित रखा गया है। इससे विकास कार्यों पर असर पड़ रहा है।

नेता प्रतिपक्ष ने शैलेंद्र साहू ने चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द बजट पेश न करने पर नगरीय प्रशासन मंत्री और कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग करेंगे। निगम का शेष कार्यकाल भले ही कम बचा हो, लेकिन जनता की मूलभूत जरूरतों को पूरा करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया केंद्रीय जेल का निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। केन्द्रीय जेल दुर्ग का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला दुर्ग द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में उन्होंने महिला प्रकोष्ठ में निरूद्ध महिला बंदियों से उनके प्रकरण की स्थिति, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई और स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। जेल अस्पताल में बीमार बंदियों के स्वास्थ्य के बारे में व्यक्तिगत चर्चा कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं से अवगत हुए। उन्होंने पुनर्वास आधारित योजनाएँ के तहत कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बंदियों, एल.ई.डी. बल्ब, आचार, फर्नीचर और अन्य सामग्री तैयार कर रहे बंदियों से उनके प्रकरण में बारे में जानकारी ली गई।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल में सजायाफ्ता बंदियों के अपील संबंधी प्रकरणों को अपडेट करने और बंदियों को प्रकरण की वर्तमान स्थिति से अवगत कराने के निर्देश जेल अधिकारियों को दिये।

उन्होंने नालसा की निःशुल्क और सक्षम विधिक सेवाएँ के तहत नव आगंतुक बंदियों को उनके प्रकरण से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के विषय में बताया गया और जो बंदी निजी अधिवक्ता नियुक्त नहीं कर सकते हैं, उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता सलाह प्रदान कर उनकी पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की नियुक्ति करने की जानकारी दी गई। जेल प्रशासन को ऐसे बंदी जिन्हें परिहार का लाभ दिया जा सकता है, उनके आवेदन के लंबित रहने के कारणों सहित जानकारी प्राधिकरण को प्रेषित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

मृतकों के परिजनों को मिली आर्थिक सहायता

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभिन्न दुर्घटनाओं में असमय मृत्यु का शिकार हुए व्यक्तियों के परिजनों के लिए कुल 16 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। ग्राम मतवारी निवासी पप्पूलाल चौधरी की शिवनाथ नदी के महमरा एनीकेट में नहाते, भिलाई 3 ग्राम लिमतरा निवासी जगतराम यादव की डबरी तालाब में डूबने, ग्राम सिकोला निवासी गुरु प्रकाश साहू और सुपेला भिलाई निवासी लोहित राव की डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर सिंह द्वारा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मृतको के परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता दी गई है।

साइंस कॉलेज के अधूरे ऑडिटोरियम का निर्माण शुरू

■ **शासन से मिली 8 करोड़ 96 लाख की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति**

दुर्ग/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज कैम्पस में कई साल से अधूरे ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य दोबारा शुरू हो गया है। शहर विधायक केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल से कॉलेज को साउंड प्रूफ व आधुनिक ऑडिटोरियम की सौगात मिल जाएगी। इसका लाभ विद्यार्थियों के अलावा शहरवासियों को मिलेगा। कई साल से अधूरे कार्य को पूरा करने मंत्री गजेन्द्र यादव की मांग पर प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने स्वीकार करते हुए शासन से पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति 8 करोड़ 96 लाख की राशि स्वीकृत की।

कांग्रेस सरकार ने ऑडिटोरियम निर्माण पूरा करने फंड नहीं दिया था। अब दोबारा निर्माण शुरू हो चुका है। आगामी कुछ माह में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। आज मंत्री गजेन्द्र यादव ने साइंस कॉलेज परिसर स्थित निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का इंजीनियरों के साथ निरीक्षण किया। आगामी जून तक सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुशासन की सरकार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर ठोस और सार्थक कदम उठा रही है।

ऑडिटोरियम न केवल शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा, बल्कि विद्यार्थियों को अपने कौशल व प्रतिभा को मंच प्रदान करने का अवसर भी देगा। कॉलेज प्रबंधन की मांग पर तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह सरकार ने ऑडिटोरियम निर्माण हेतु राशि स्वीकृत करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ कराया था। 2018 में प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होते ही कांग्रेस सरकार द्वारा फंड रोक दिया गया। इसके कारण ऑडिटोरियम निर्माण

ऑडिटोरियम में ये सुविधाएं रहेगी

शा. विश्वनाथ यादव तमास्कर स्नातकोत्तर कॉलेज कैंपस में बनने वाले 750 सीटर ऑडिटोरियम पुरी तरह से साउंड प्रूफहोगा। 6722 स्क्वेयर मीटर क्षेत्रफल में निर्माण किया जा रहा है, जिसमें 225 स्क्वेयर मीटर स्टेज, 860 स्क्वेयर मीटर का हॉल, बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु चेंजिंग रूम, वेटिंग एरिया, डबल हाईट में लॉबी, अति विशिष्ट अतिथियों के आगमन हेतु वीआईपी एरिया, विद्यार्थियों के ट्रेनिंग हेतु मीटिंग हॉल, एलईडी प्रोजेक्टर, वायरलेस साउंड सिस्टम, पार्किंग एरिया व प्रवेश द्वार होगा।

पूर्व की सरकार द्वारा फंड न देने से साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम का निर्माण अधूरा था। यह कार्य पूरा करने हमारी मांग पर वित्तमंत्री से पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। अब जल्द ही ऑडिटोरियम का अधूरा काम पूरा किया जाएगा।

- गजेन्द्र यादव, शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री

भिलाई इस्पात संयंत्र ने हॉट मेटल उत्पादन में 6 मिलियन टन का नया कीर्तिमान स्थापित किया

भिलाई/नवप्रदेश। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने परिचालन उत्कृष्टता एवं सामूहिक प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हॉट मेटल उत्पादन में वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 6 मिलियन टन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि संयंत्र की समृद्ध विरासत में एक और गौरवपूर्ण अध्याय जोड़ती है। संयंत्र ने वर्ष 2005-06 में पहली बार 5 मिलियन टन हॉट मेटल उत्पादन का लक्ष्य उस समय प्राप्त किया था, जब सात ब्लास्ट फर्नेस संचालित थे। इसके विपरीत वर्तमान में मात्र चार ब्लास्ट फर्नेस के संचालन के साथ 6 मिलियन टन का यह माइलस्टोन हासिल किया गया। उपलब्धि पर संयंत्र निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार व वरिष्ठ प्रबंधन के सदस्यों ने ब्लास्ट फर्नेस सामूहिक व हितधारकों को उनके समर्पण व उत्कृष्ट योगदान के लिए बधाई दी। प्रबंधन ने ब्लास्ट फर्नेस के प्रदर्शन में निरंतर सुधार की सराहना करते हुए इस उपलब्धि को भविष्य की प्रगति के लिए एक मानक बताया और टीमों को इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ते हुए और उच्च उत्पादन लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में 230 ने किया रक्तदान

■ **चिकित्सा शिविर में सैकड़ों ने कराई स्वास्थ्य जांच**

दुर्ग/नवप्रदेश। भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव समिति दुर्ग द्वारा महावीर जैन विद्यालय शिक्षक नगर दुर्ग में निशुल्क चिकित्सा शिविर और रक्त दान शिविर का आयोजन ऋषभदेव परिसर चंडी मंदिर रोड दुर्ग में आयोजन किया गया।

चिकित्सा शिविर के प्रभारी डॉ नीलम कोठारी व प्रमुख मार्गदर्शक मनीष पारख के मार्गदर्शन में निशुल्क चिकित्सा व जांच शिविर का आयोजन किया गया था। ऋषभदेव परिसर में रक्तदान शिविर में जैन समाज की महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में 230 लोगों ने रक्तदान कर जीवनदान का संकल्प दोहराया। चिकित्सा शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों को परामर्श के बाद निशुल्क पैथोलॉजी जांच व दवा वितरण किया गया। महावीर धर्मार्थ पैथोलॉजी लैब शनिचरी बाजार दुर्ग में सभी पेथालाजी जांच व एक्स-रे की सुविधा निशुल्क रखी गई थी। नेत्र जांच और दंत चिकित्सा के विशेषज्ञ डॉक्टर भी जांच के बाद दांत की चिकित्सा व चश्मा वितरण का कार्य कर रहे थे।

शिविर में दंत चिकित्सा हेतु मैत्री डेंटल कॉलेज के डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। बड़ी संख्या में लोगों को दांत से जुड़ी समस्या और उसके निराकरण के लिए परामर्श दिया गया।

कोटनी में स्वास्थ्य शिविर में बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच

■ **आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए, युवाओं ने किया रक्तदान**

भिलाई/नवप्रदेश। ग्राम कोटनी में गत दिवस आयुष्मान कार्ड शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में लोगों का मेडिकल चेकअप किया गया। शिविर में ब्लड डोनेट किया गया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिला पंचायत सभापति प्रिया साहू द्वारा किया गया।

प्रिया साहू ने बताया कि गांव के कई ग्रामीणों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने थे। उन्हें इलाज के लिए भटकना पड़ता था। ऐसे लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। युवाओं ने ब्लड डोनेट किया। छोटे बच्चों को स्वर्णप्रशन पिलाया गया और बुजुर्गों व महिलाओं का मेडिकल चेकअप किया गया।

प्रिया साहू ने बताया कि शिविर की शुरुआत कोटनी से की गई है। प्रत्येक रविवार को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के पंचायतों में क्रमवार शिविर आयोजित किये जाएंगे। शिविर में आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे, जिसके तहत 5 लाख रुपए तक मुक्त इलाज की सुविधा मिलती है। शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को हेलमेट व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सरपंच राम सिंह निषाद ने बताया कि गांव में पहली बार स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें गांव के लोग लाभान्वित हुए। आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए हैं। गांव के युवाओं ने रक्तदान कर मानव सेवा में सराहनीय योगदान दिया है। शिविर को सफल बनाने में भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, जिला भाजपा मंत्री गिरीश साहू, कार्यक्रम प्रभारी राजा वैष्णव, नम्रता, हेमंत विश्वकर्मा, पवन उपस्थित थे।

अग्निकांड: शार्ट सर्किट के कारण आग लगने की आशंका, दो और दुकानों फैली आग

2 मंजिला फुटवियर शॉप में आग, 1 करोड़ का सामान खाक

दुर्ग/नवप्रदेश। बीती रात दो मंजिला रौबदार फुटवियर शॉप में भीषण आग लग गई। इसकी चपेट में आने से 2 और दुकानों में भी आग लग गई। इस घटना में 1 करोड़ से अधिक का सामान जलकर राख हो गया। 5 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। शुरुआती जांच में आग लगने का मुख्य कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। रविवार रात करीब 11 बजे इंदिरा मार्केट स्थित फुटवियर दुकान में आग लगी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और अंदर रखा माल धू-धूकर जलने लगा। इसके बाद दो और दुकानों में भी आग फैल गई। स्थानीय लोगों ने फौरन घटना की जानकारी पुलिस, दमकल टीम और दुकान मालिक को दी। पुलिस और दमकल की टीम घटनास्थल पहुंची। बीएसपी से भी दमकल की गाडियां बुलाई गईं। कुल 6 दमकल गाड़ियों की मदद से फायर ब्रिगेड कर्मियों ने रात करीब 3 बजे आग पर काबू पाया। तब तक दुकानों में रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल पर मौजूद रहे। स्थानीय लोगों का कहना है कि गर्मी के कारण शहर में बिजली का लोड काफी बढ़ गया है। इसी कारण ऐसे हादसे हो रहे हैं। एएसपी सिटी सुखनंदन राठौर ने बताया कि इंदिरा मार्केट में आग लगने की सूचना पर तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। जांच के बाद ही आग लगने का वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल पुलिस और प्रशासन की टीम नुकसान का आकलन कर रही है।

महापौर अलका ने किया दुकान का निरीक्षण

फुटवियर दुकान में भीषण आग लगने की खबर मिलने पर महापौर अलका बाघमार ने दुकान का निरीक्षण किया। इस दौरान सभापति श्याम शर्मा, एमआईसी मेंबर देव नारायण चंद्राकर, नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, शेखर चंद्राकर भी मौजूद रहे। महापौर ने घटनास्थल का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। आसपास के व्यापारियों से चर्चा कर घटना की जानकारी लेते हुए प्रभावित व्यवसायी के प्रति संवेदना व्यक्त की। महापौर अलका बाघमार ने शहर के सभी दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि गर्मी बढ़ते ही आगजनी की घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों की विद्युत वायरिंग का समय-समय पर परीक्षण कराने और आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह किया। इससे पहले आग लगने की घटना का पता लगते ही सभापति श्याम शर्मा ने तत्काल फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद टीम ने रात में आग पर काबू पा लिया। सभापति श्याम शर्मा ने कहा कि स्थिति पर पूरी तरह नियंत्रण पाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

डिजिटल नंबर प्लेट और क्यूआर कोड से हर संपत्ति बनेगी 'डिजिटल कुंडली'

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर को स्मार्ट और डिजिटल बनाने की दिशा में नगर पालिका ने एक अभिनव पहल शुरू की है। अब शहर के हर घर, दुकान और कॉम्प्लेक्स के बाहर डिजिटल नंबर प्लेट के साथ क्यूआर कोड लगाया जा रहा है। इस व्यवस्था के जरिए प्रत्येक संपत्ति की एक 'डिजिटल कुंडली' तैयार होगी, जो सीधे उसी प्लेट में समाहित रहेगी।

इस पहल के साथ महासमुंद प्रदेश के चुनिंदा नगर निकायों में शामिल हो जाएगा, जहां सरकारी सेवाएं सीधे नागरिकों के दरवाजे तक पहुंचेंगी। डिजिटल नंबर प्लेट पर मकान नंबर, रोड नंबर, क्षेत्र का नाम और एक यूनिक आईडी अंकित होगी, साथ ही क्यूआर कोड भी दिया जाएगा।

एक स्कैन में 26 सेवाएं उपलब्ध

डिजिटल नंबर प्लेट पर लगे क्यूआर कोड को मोबाइल से स्कैन करते ही नागरिकों को 26 प्रकार की सेवाएं एक क्लिक पर मिल सकेंगी।

इसमें संपत्ति कर, जल कर और अन्य करों का ऑनलाइन भुगतान, आय, निवास, जाति, जन्म-मृत्यु और विवाह प्रमाण पत्र के लिए आवेदन जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसके अलावा नगर पालिका की सेवाएं जैसे कचरा संग्रहण, नल कनेक्शन, नामांतरण और भवन अनुज्ञा भी अब ऑनलाइन उपलब्ध होंगी। इससे लोगों को बार-बार सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

30 वार्डों का जीआईएस सर्वे पूरा

नगर पालिका द्वारा पहले चरण में शहर के सभी 30 वार्डों का जीआईएस सर्वे पूरा कर लिया गया है। दूसरे चरण में घर-घर डिजिटल नंबर प्लेट लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। पहले सर्वे में जिन मकानों की जानकारी अधूरी रह गई थी, उन्हें अब टीम द्वारा अपडेट किया जा रहा है।

आपातकालीन सेवाओं को मिलेगा लाभ

इस योजना से पुलिस, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आपातकालीन सेवाओं को भी बड़ी सुविधा मिलेगी। क्यूआर कोड स्कैन करते ही संबंधित मकान की सटीक लोकेशन और जरूरी जानकारी तुरंत उपलब्ध हो जाएगी, जिससे समय की बचत होगी और राहत कार्य तेजी से हो सकेगा।

हर घर को मिलेगी यूनिक पहचान

प्रत्येक संपत्ति को एक यूनिक डिजिटल पहचान मिलने से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और तेजी आएगी। नगर पालिका ने नागरिकों से इस महत्वाकांक्षी योजना में सहयोग करने की अपील की है, ताकि महासमुंद को जल्द ही एक स्मार्ट और डिजिटल शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

न्यूज गैलरी

स्वयंसेवी मंडलों का बहुमान

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। विगत दिनों संकल्प सेवा संस्थान (बुड़ेनी) नवागांव द्वारा सात जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्मेलन किया गया था। स्थानीय श्वेताम्बर जैन श्रीसंघ अधीनस्थ अनेक स्वयं सेवी महिला मंडलो द्वारा उस विवाह समारोह में विशेष सहयोग प्रदान किया गया था संकल्प सेवा संस्थान द्वारा सभी मंडलो को बहुमान स्वरूप धन्यवाद प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान किया गया। सभी मंडलो के प्रति उन्होने आभार एवं धन्यवाद प्रेषित किया है।

बाइक पर बकरी-बकरा ले जाने का मामला, सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

नगरी/नवप्रदेश। नगरी अंचल क्षेत्र में इन दिनों एक अनोखा किन्तु चिंताजनक दृश्य देखने को मिल रहा है, जहां लोग

मोटरसाइकिल पर बकरी-बकरा को लेकर आवागमन कर रहे हैं। हाल ही में ऐसा ही एक मामला सामने आया, जिसमें एक व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल पर बकरी और बकरे को लेकर सड़क मार्ग से गुजरता दिखाई दिया। यह दृश्य जहां राहगीरों के लिए कौतूहल का विषय बना, वहीं दूसरी ओर यह गंभीर सुरक्षा चिंताओं को भी जन्म देता है। दोपहिया वाहन पर इस प्रकार पशुओं को ले जाना न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे चालक, पशु और अन्य राहगीरों के लिए दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के कृत्य से सड़क पर संतुलन बिगड़ सकता है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इसके अलावा पशुओं के साथ इस प्रकार का व्यवहार भी उनके लिए कष्टदायक साबित हो सकता है।

अवकाश के चलते मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र अब 1 अप्रैल को जारी होंगे

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला चिकित्सालय महासमुंद (वर्तमान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय) में संचालित मेडिकल बोर्ड की कार्यप्रणाली में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक ने जानकारी दी कि यहां प्रत्येक माह के बुधवार को दिव्यांग प्रमाणपत्रों का सत्यापन, नवीनीकरण एवं नए प्रमाणपत्र जारी किए जाते हैं, जबकि प्रत्येक शुक्रवार को मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान किए जाते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार 3 अप्रैल 2026 को गुड फ्राइडे के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण उस दिन जारी होने वाले मेडिकल फिटनेस प्रमाणपत्र अब पूर्व निर्धारित तिथि से पहले बुधवार 01 अप्रैल 2026 को ही जारी किए जाएंगे। अधिकारियों ने जिले के सभी हितग्राहियों से अपील की है कि वे संशोधित तिथि के अनुसार उपस्थित होकर अपने आवश्यक प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया समय पर पूर्ण करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

युवक से अवैध शराब बरामद, पुलिस का अभियान लगातार जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। कोतवाली पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भलेसर रोड स्थित श्मशान घाट के पास एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी, जिसके आधार पर घेराबंदी कर कार्रवाई की गई। पुलिस ने वार्ड क्रमांक 23, श्रीराम पाठशाला के पास सुभाष नगर निवासी रोहेंद्र साहू (25) के कब्जे से 50 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 4 हजार रुपए बताई गई है। इसके अलावा मौके से एक प्लेजर वाहन भी जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफआबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफअभियान लगातार जारी रहेगा।

पति की मारपीट से महिला ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट, मामला कायम

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के पटेवा थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। बरभांठा निवासी आरती खुंटे ने अपने पति चुनुराम खुंटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, उसका पति अक्सर शराब का सेवन करता है और अन्य लोगों को भी शराब पिलाता है। 27 फरवरी को सुबह करीब 11 बजे जब उसने पति को ऐसा करने से मना किया, तो आरोपी भड़क गया। उसने गाली-गलौज करते हुए महिला को जान से मारने की धमकी दी और ईंट से उसके चेहरे पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। घटना के बाद महिला ने उपचार कराया और 28 मार्च को पटेवा थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296 और 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राष्ट्रीय महिला प्रतिभा हुई गौरवान्वित

महासमुंद (नवप्रदेश)। भाजपा की पूर्व पार्षद कमला बरिहा को प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन में उनके सामाजिक एवं जनसेवा कार्यों के लिए राष्ट्रीय महिला प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके उत्कृष्ट योगदान, महिला सशक्तिकरण और समाज के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका मुख्य अतिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके करकमलों से श्रीमती बरिहा को सम्मानित किया जाना कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका ने महिलाओं की भूमिका को समाज के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाशाली और समर्पित महिलाओं का सम्मान पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है।

प्रेम संबंधों का दर्दनाक अंतः अंतरजातीय रिश्ते, सामाजिक दबाव और उलझे संबंध बनीं वजह

एक ही दिन में दो जोड़ों की फांसी से मौत

दो अलग-अलग जगहों पर पेड़ों से लटके मिले शव

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में प्रेम संबंधों से जुड़ी दो हृदयविदारक घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। पिथौरा-रायपुर मार्ग और बसना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर प्रेमी-प्रेमिकाओं के शव पेड़ों पर फांसी के फंदे से लटके मिले। प्रथम दृष्टया दोनों मामलों में प्रेम प्रसंग, सामाजिक बाधाएं और पारिवारिक दबाव सामने आ रहे हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।

मुरईधोवा नाला के पास एक ही चुन्नी से लटके मिले जोड़े

पिथौरा-रायपुर मुख्य मार्ग पर मुरईधोवा नाला के समीप सोमवार सुबह राहगीरों ने एक युवक और युवती का शव पेड़ पर लटका देखा। दोनों एक ही चुन्नी के सहारे फंदे पर झूल रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतक युवक की पहचान पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम बनपचरी निवासी धनेश्वर खड़िया के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। परिजनों के अनुसार दोनों के बीच लंबे समय से संबंध थे, लेकिन अलग-अलग जाति के होने के कारण सामाजिक बाधाएं आड़े आ रही थीं। बताया गया कि धनेश्वर खड़िया उत्तर प्रदेश के एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करता था, लेकिन करीब दो महीने पहले वह अकेले गांव लौट आया था। घटना वाले दिन ही उसके परिजन भी भट्ठे से वापस लौटे और उन्हें इस दुखद घटना की जानकारी मिली। पुलिस आत्महत्या के कारणों की गहराई से जांच कर रही है।

पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान सामाजिक कारणों और अंतरजातीय संबंध का हवाला देते हुए युवती के परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। काफी समझाइश के बाद भी वे नहीं माने, जिसके बाद प्रशासन ने सरपंच, पंच और ग्रामीणों की मौजूदगी में युवती का अंतिम संस्कार कराया। युवक का शव उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस कर रही गहन जांच

दोनों ही मामलों में पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर प्रेम संबंध, सामाजिक दबाव और पारिवारिक परिस्थितियों को कारण माना जा रहा है, लेकिन अंतिम निष्कर्ष जांच के बाद ही सामने आएगा।

प्रेमी-प्रेमिका ने की आत्महत्या

इधर, बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी क्षेत्र में शनिवार सुबह एक और चौंकाने वाली घटना सामने आई। ग्राम मुड़ीडीह और उड़ेला के बीच तालाब किनारे इमली के पेड़ पर प्रेमी-प्रेमिका का शव एक ही फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान मुड़ीडीह निवासी सूरज सेन (28) के रूप में हुई है, जो पेशे से ड्राइवर था। वहीं युवती की पहचान छुईहा (थाना बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़) निवासी प्रिया ठाकुर (22) के रूप में हुई, जो कॉलेज छात्रा थी। दोनों 25 मार्च से अपने घरों से लापता थे।

रिश्तों में उलझन और चौंकाने वाला खुलासा

इस मामले में एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि सूरज सेन पहले से ही एक युवती से प्रेम विवाह कर चुका था और उसका तीन साल का बेटा भी है। इसके बावजूद वह प्रिया ठाकुर से भी शादी करना चाहता था, जिससे स्थिति और जटिल हो गई थी।

तालाब में नहाने गया 15 वर्षीय बालक की डूबने से मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के बसना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तोषगांव में एक दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि नहाने के दौरान वह तालाब के अंदर झाड़ियों और कमल की जड़ों में फंस गया, जिससे वह बाहर नहीं निकल सका और उसकी जान चली गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम निवासी राजेंद्र बरिहा (15), पिता रविशंकर बरिहा, शुक्रवार सुबह अन्य बच्चों के साथ तालाब में नहाने गया था। इसी दौरान वह तालाब के भीतर कमल की जड़ों में उलझ गया और गहराई में फंसकर डूब गया। जब अन्य बच्चे घर लौट आए और राजेंद्र काफी देर तक वापस नहीं पहुंचा, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुट गए। दोपहर करीब 1 बजे तालाब घाट पर उसके कपड़े और चप्पल मिलने से अनहोनी की आशंका गहरा गई।

इसके बाद ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर खोजबीन शुरू की। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद राजेंद्र को पानी से बाहर निकाला गया और तत्काल बसना अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हाईवा की टक्कर से बाइक सवार घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के ग्राम पड़कीपाली में हाईवा की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अजगरखार निवासी डोरीलाल निषाद 28 मार्च की शाम करीब 6 बजे अपनी बाइक से ग्राम भंवरपुर अपने पुत्र की शादी का कार्ड बांटने जा रहे थे। इसी दौरान पड़कीपाली मुख्य मार्ग पर सामने से आ रहे हाईवा (सीजी 04 पीई 8131) के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी, जिससे डोरीलाल घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफभारतीय न्याय संहिता की धारा 281 एवं 125(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महुआ शराब पर पुलिस का प्रहार, 9 गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध महुआ शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए व्यापक अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स तथा महासमुंद, बागबाहरा, कोमाखान, सरायपाली और पिथौरा पुलिस की संयुक्त टीम ने 8 ठिकानों पर दबिश देकर 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान अब तक कुल 11 लाख 39 हजार 105 रुपए मूल्य की

4936.520 लीटर अवैध शराब जब्त की जा चुकी है। वहीं 15 दिसंबर 2025 से अब तक 4382 प्रकरणों में 438 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। कार्रवाई के तहत बागबाहरा थाना क्षेत्र में दो आरोपियों से 40 पौवा देशी शराब और एक बिना नंबर स्कूटी जब्त की गई। महासमुंद थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग मामलों में 129 पौवा (करीब 23 लीटर) शराब के साथ दो वाहन जब्त किए गए।

कोमाखान थाना पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब और नकदी बरामद की। सरायपाली क्षेत्र में ढाबा संचालक सहित दो लोगों पर कार्रवाई करते हुए महुआ शराब और गोवा शराब जब्त की गई, साथ ही 30 किलो महुआ लाहन मौके पर नष्ट किया गया। वहीं पिथौरा थाना क्षेत्र में दो मामलों में किराना दुकानों से कुल 44 नग देशी शराब जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

खरोरा में चार दिवसीय संत समागम मेला आज से

खरोरा/नवप्रदेश। खरोरा में चार दिवसीय संत समागम मेला 31 मार्च से नवभारत खरोरा-नगर पंचायत खरोरा के राजीव नगर वार्ड नंबर 2 में स्थित सतनाम धाम में सत्य, अहिंसा और मानवता के प्रणेता परम पूज्य गुरु घासीदास जी की पावन स्मृति में तीन दिवसीय गुरु आसन गद्दी पूजा एवं संत समागम मेला का भव्य आयोजन होने जा रहा है। समाज के संरक्षण एवं प्रदेश संयोजक नशा मुक्ति अभियान के प्रभारी वेदराम मनहरे ने बताया कि 31 मार्च से 2 अप्रैल तक चलने वाली तीन दिवसीय संत समागम मेला के

आध्यात्मिक महोत्सव में सतनाम भजन संत ग्रंथ कथा वाचन और समाज के गौरवशाली विभूतियों का सम्मान किया जाएगा। समाज के संरक्षण वेदराम मनहरे और राजीव नगर सतनामी समाज के अध्यक्ष घनश्याम जोशी ने बताया कि प्रथम दिवस 31 मार्च मंगलवार को दोपहर 3:00 बजे सतनाम संदेश कलश यात्रा, अखंड ज्योति प्रज्वलित और गुरु गद्दी आसन की स्थापना साथ ही सम्मान समारोह, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का अभिनंदन, के साथ ही रात्रि 9:00 बजे पंडित राम जोशी द्वारा सतनाम संत ग्रंथ का गायन एवं वाचन किया जाएगा। द्वितीय दिवस 1 अप्रैल बुधवार को प्रातः मंगल आरती और सत्संग एवं प्रतिष्ठित व्यवसायियो के सम्मान के साथ ही रात्रि में श्रीमती भागवती टाड़ेश्वरी द्वारा सुंदर सतनाम भजन गायन का कार्यक्रम संपन्न होगा।

गैस एजेंसियों और होटलों पर कार्रवाई, 648 सिलेंडर जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। शासन के निर्देश और कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में जिलेभर में गैस एजेंसियों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की सघन जांच जारी है। इसी कड़ी में खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल ने विकासखंड बसना स्थित बंसुलीडीह इंडेन ग्रामीण वितरण गैस एजेंसी की जांच की, जहां गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

जांच के दौरान पाया गया कि एजेंसी में स्टॉक मूल्य बोर्ड अद्यतन नहीं था और स्टॉक पंजी का संधारण भी सही तरीके से नहीं

किया जा रहा था। भौतिक सत्यापन में सर्वर के आंकड़ों और वास्तविक स्टॉक में अंतर मिला। इस पर कार्रवाई करते हुए द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियम) आदेश 2000 के उल्लंघन में एजेंसी संचालक तिरिथ राम पटेल से 648 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसी तरह महासमुंद शहर के होटल, ढाबों और ठेलों में भी जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कई प्रतिष्ठानों में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। कार्रवाई करते हुए दीपक चाट सेंटर से 2 सिलेंडर, संदीप दाबेली सेंटर से 1 सिलेंडर,इडली डोसा सेंटर से 1 सिलेंडर, शाही बिरयानी सेंटर से 1 सिलेंडर, नवनीत पान चाय कॉफी से 1 सिलेंडर, राजेश नाश्ता सेंटर से 1 सिलेंडर इस प्रकार कुल 7 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि संबंधित एजेंसी और प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्रकरण तैयार कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। उन्होंने सभी होटल और ढाबा संचालकों से अपील की है कि वे ईंधन के रूप में केवल व्यावसायिक गैस सिलेंडरों का ही उपयोग करें। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि आगे भी इस तरह की जांच लगातार जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

देरउर डोंगरी में श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया चैत जात्रा

नगरी/नवप्रदेश। क्षेत्र के देरउर डोंगरी स्थित बारहपाली में देवी माता मतलहिन दाई का चैत जात्रा श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्रामीणों ने आदिकालीन परंपरा का पालन करते हुए माता जी एवं बुढ़ा देव की विधिवत पूजा-अर्चना की।

पूजन के दौरान मौसमी फल जैसे आम, तेंदू, महुआ फूल एवं अन्य फल अर्पित कर समृद्धि, सुख-शांति और अच्छी फसल की कामना की गई। पूरे आयोजन में

ग्रामीणों की गहरी आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति जुड़ाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

इस धार्मिक अनुष्ठान में पुजारी गुलेश नेताम की विशेष भूमिका रही।

सरकारी योजनाः कमार जनजाति के लोग लंबे समय तक बुनियादी सुविधाओं से रहे वंचित, अब संवर रहा जीवन

पीएम-जनमन योजना से बदली कमार समुदाय की तस्वीर, मुख्यधारा से जुड़ रहा जीवन

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समुदाय का जीवन कभी अभावों और कठिनाइयों से घिरा हुआ था, लेकिन अब सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से इनकी जिंदगी में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। जो समुदाय पहले गांव-शहरों से दूर छोटे-छोटे डेरों में रहता था, आज वह धीरे-धीरे विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है।

कमार जनजाति के लोग लंबे समय तक बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहे। पक्की सड़क, बिजली, स्वच्छ पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी सुविधाओं का अभाव था, जिसके चलते उनका जीवन जंगल और मजदूरी पर निर्भर था। वनोपज संग्रह, बांस से सामान निर्माण और पारंपरिक खेती ही उनके जीविकोपार्जन के प्रमुख साधन थे। इतना ही नहीं, अधिकांश परिवारों के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता और आयुष्मान कार्ड जैसे आवश्यक दस्तावेज भी नहीं थे।

आदिम जाति अनुसंधान केंद्र के वर्ष 2015-16 के सर्वे के अनुसार महासमुंद जिले में कमार समुदाय के 923 परिवारों की कुल जनसंख्या 3309 है, जिसमें 1614 पुरुष और 1695 महिलाएं शामिल हैं। ये परिवार जिले के 76 गांवों में निवासरत हैं, जिनमें महासमुंद विकासखंड के 41, बागबाहरा के 33 और पिथौरा के 2 गांव शामिल हैं।

पीएम-जनमन योजना बनी उम्मीद की किरण

जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर शुरू हुई प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) योजना ने कमार समुदाय के जीवन में बदलाव की नई राह दिखाई है। जिला प्रशासन ने इस योजना को गंभीरता से लागू करते हुए प्रत्येक परिवार तक पहुंच सुनिश्चित की।

योजना के तहत जिले की 26 सड़क विहीन बस्तियों में पक्की सड़कों का निर्माण किया गया, जिससे दूरस्थ डेरों का संपर्क मुख्य गांवों और शहरों से जुड़ गया है। नल-जल योजना के माध्यम से घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा रहा है, वहीं बिजली पहुंचने से अब बच्चों को रात में पढ़ाई करने में सुविधा मिल रही है।

स्वास्थ्य और दस्तावेजीकरण में भी बड़ी प्रगति

मोबाइल मेडिकल यूनिट के जरिए अब स्वास्थ्य सेवाएं सीधे इन बस्तियों तक पहुंच रही हैं। इसके साथ ही विशेष शिविरों के माध्यम से सभी पात्र हितग्राहियों के आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, बैंक खाते और जाति प्रमाण पत्र बनाए गए हैं। किसान सम्मान निधि योजना के तहत 1461 हितग्राहियों का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा किया गया है। अब हर परिवार को नियमित राशन मिल रहा है, आयुष्मान कार्ड के जरिए मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है और बैंक खातों में सीधे शासकीय योजनाओं की राशि पहुंच रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 678 कच्चे मकानों की जगह पक्के घर बनाए गए हैं, जिससे इन परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन मिला है। बहुद्देशीय केंद्रों की स्थापना से आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य सेवाएं और आजीविका गतिविधियां एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही हैं, जिसका विशेष लाभ महिलाओं और बच्चों को मिल रहा है।

अब दिख रही है बदलाव की नई तस्वीर : आज कमार समुदाय के जीवन में बड़ा बदलाव स्पष्ट नजर आ रहा है। जहां पहले अभाव और संघर्ष था, वहां अब आत्मविश्वास और उम्मीद की नई किरण दिखाई दे रही है।

निर्माण कार्यों की कलेक्टर ने जानी प्रगति, गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूरा करने के निर्देश

कवर्धा / नव प्रदेश। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आज नगर पंचायत पिपरिया के सभाकक्ष में बैठक लेकर पिपरिया में चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विधायक निधि, राज्य प्रवर्तित मद तथा 15वें आयोग के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों की प्रगति का बारीकी से जानकारी लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष श्री घुरवा राम साहू, उपाध्यक्ष श्री शिवचरण पटेल सभापति, पार्षद सहित जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री वर्मा ने समीक्षा के दौरान अधोसंरचना मद से संचालित शौचालय एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि अधोसंरचना मद से 29 कार्य स्वीकृत है। इन 29 कार्यों में से 21 कार्य प्रगति पर हैं, जबकि 8 कार्य स्थल विवाद के कारण प्रारंभ नहीं हो सके हैं। इस पर कलेक्टर ने निर्देश दिया कि अधिकारी स्थल का निरीक्षण कर विवाद का शीघ्र निराकरण करें और

कार्य प्रारंभ कराएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण होना चाहिए। कलेक्टर ने राज्य प्रवर्तित मद के तहत निर्माणाधीन मुक्तिधाम की जानकारी लेते हुए वहां हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण एवं गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुक्तिधाम तक पहुंचने में आ रही सड़क समस्या के समाधान के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

कलेक्टर श्री वर्मा ने पिपरिया में स्वीकृत लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले अस्पताल के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि अस्पताल निर्माण के लिए शीघ्र भूमि का चिन्हांकन कर कार्य प्रारंभ किया जाए। तहसील भवन निर्माण की समीक्षा करते हुए उन्होंने किसान सुविधा को ध्यान में रखते हुए किसान रेस्ट हाउस के लिए भी प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए जलापूर्ति में किसी प्रकार की बाधा न आए और सभी वार्डों में नियमित पानी उपलब्ध कराया जाए। इस दौरान एसडीएम कवर्धा श्री चेतन साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री आरबी देवांगन, तहसीलदार श्री प्रमोद चंद्रवंशी, सीएमओ श्री योगेश्वर नेताम उपस्थित रहे।

ई-केवाईसी के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश

राशन वितरण व्यवस्था की समीक्षा के दौरान यह जानकारी सामने आई कि ई-केवाईसी के कारण हितग्राहियों को राशन प्राप्त करने में परेशानी हो रही है। इस पर कलेक्टर श्री वर्मा ने खाद्य अधिकारी को तत्काल निर्देशित किया कि पिपरिया में विशेष शिविर लगाकर पात्र हितग्राहियों का शीघ्र ई-केवाईसी पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को राशन के लिए भटकना न पड़े, यह सुनिश्चित किया जाए।निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण, खराब टाइल्स उखाड़कर दोबारा लगाने के दिए निर्देश

न्यूज गैलरी

अवैध खनिज परिवहन और उत्खनन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही जारी

कवर्धा / नव प्रदेश। । कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सतत् कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी श्री चिरंजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कबीरधाम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ईंट मिट्टी के अवैध परिवहन के 02 प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए 44 हजार रुपये का अर्थदण्ड वसूल किया गया है। इसके अतिरिक्त अवैध उत्खनन के 04 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए 80 हजार रुपये का अर्थदण्ड आरोपित एवं वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि खनिज अमले द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पण्डरिया एवं कुकदूर क्षेत्र अंतर्गत ईंट मिट्टी के अवैध उत्खनन के 15 प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिन पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के अंतर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा क्षेत्रीय स्तर पर नियमित निरीक्षण एवं सतत् निगरानी की जा रही है, जिससे अवैध उत्खनन एवं परिवहन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा रहा है। विभाग द्वारा की जा रही सख्त कार्यवाही से अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन में संलग्न व्यक्तियों पर नियंत्रण की स्थिति बनी हुई है।

पांच परिवारों को 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर

कवर्धा / नव प्रदेश। । कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत पांच विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए की मान से 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके तहत ग्राम सिंघनपुरी निवासी लक्ष्मी बंशे की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति श्री मिलाप बंशे को, ग्राम मुरकी निवासी रमौतिन बाई की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पुत्र श्री गौतर सिंह को, ग्राम कौआनार बदना निवासी मोहित कुमार की सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पत्नी डाक्टरिन बाई को, ग्राम बाहपानी निवासी तिहारो बाई की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति ज्ञान सिंह को और ग्राम बाहपानी निवासी रामबाई की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पति भगतराम को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

अज्ञात युवक की लाश मिली

राजनांदगांव/ नवप्रदेश। थाना सोमनी अंतर्गत सोमनी के शराब भट्टी के सामने से सांकरा जाने वाले रोड किनारे एक अज्ञात पुरूष का शव दिनांक 30.3.2026 के 8 बजे सुबह मिला है मृतक अज्ञात पुरूष जिसका उम्र करीब 25 से 30 वर्षा पतला दुबला रंग सांवला काला सफेद चेक फुल शर्ट भुरा रंग का हाफ चडड्ा पहना है मृतक के शव को सीएससी सोमनी के शव गृह में रखा गया है जिसके वारिसान का पता तलाश करें । मिलने पर थाना सोमनी को सूचित करने का कष्ट करें।

डॉ. रमन, सांसद पांडे और मेयर मधुसूदन ने महावीर जयंती की दी शुभकामनाएं

राजनांदगांव / नव प्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव के विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री संतोष पाण्डे तथां महापौर श्री मधुसूदन यादव ने जैन समुदाय एवं नागरिको को महावीर जयंती की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी ने जीवन भर लोगों को सत्य, और अहिंसा के मार्ग पर चलने की शिक्षा दी एवं आपस में प्रेम भाव से मिलजुल कर रहने की सलाह दी साथ ही पशुबलि, जातिगत भेदभाव आदि की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी अहिंसा और त्याग की मूर्ति थे, हमें उनके द्वारा बताये सिद्धांतों को आत्मसात करना है और उन पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाना है। विधायक डॉ. रमन सिंह, सांसद श्री पाण्डे एवं महापौर श्री यादव ने शुभकामना देते हुए कहा कि महावीर स्वामी ने संपूर्ण भारतभर प्रवास किया और अपने दर्शन की सिख दी जो आठ विश्वास के तत्वों पर, तीन अध्यात्मिक तत्त्वों पर और पाच नैतिक तत्त्वों पर आधारित थी।

प्रभारी सचिव ने जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

जनता की समस्याओं के समाधान के लिए फील्ड में जाकर करें काम: चंपावत

राजनांदगांव / नव प्रदेश। प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के समस्त विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागीय कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर फील्ड में जाकर कार्य करें और अटल मॉनिटरिंग पोर्टल एवं ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से सभी प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें।

प्रभारी सचिव ने जिले में शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को और बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आवेदकों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करानी पड़े, दोनों पक्षों की सुनवाई कर मामलों का निष्पक्ष एवं शीघ्र निराकरण किया जाए। प्रभारी सचिव ने सभी विभागों को जनहित कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तेजी और पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने धान उठाव, पीएम आशा योजना तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की भी समीक्षा की। प्रभारी सचिव ने जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 2 हजार से अधिक घरों पर सोलर कनेक्शन लगने पर बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी राजनांदगांव निवासी श्री संजय कुमार रघुवेन्द्र और कंचनबाग राजनांदगांव निवासी श्रीमती केकती साहू प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लाभार्थी राजनांदगांव निवासी श्री संजय कुमार रघुवेन्द्र और कंचनबाग राजनांदगांव निवासी श्रीमती केकती साहू ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अपने घर की छत पर रूपटॉफ सोलर पैनल लगाया है, जिससे उनका बिजली बिल शून्य हो गया है। इस अवसर पर कलेक्टर जितेन्द्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, वनमंडलाधिकारी आयुष जैन, सीईओ जिला पंचायत सुरूचि सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

त्रिनेत्रम सीसीटीवी कैमरा का आय-व्यय सार्वजनिक करे प्रशासन: कांग्रेस

■ सुरक्षा व्यवस्था के जनसहयोग में पारदर्शिता आवयशक : रूपेश दुबे

राजनांदगांव / नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने शहर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए त्रिनेत्रम सीसीटीवी कैमरा लगाने की जो कार्य योजना तत्कालीन सजग कलेक्टर संजय अग्रवाल के अगुवाई में प्रारंभ हुई जिसमें व्यापक सफलता व कई अपराध नियंत्रण में सहायता देखने मिली थी लेकिन वर्तमान समय में लगभग 70 प्रतिशत कैमरे संधारण की समस्या के कारण बंद पड़े हैं जिससे योजना पूरी तरह से दम तोड़कर कैमरे सिर्फ शोपीस के रूप में स्थापित हैं जिसके चलते शहर की सुरक्षा व्यवस्था भी बाधित हो रही है परिणामतः शहर में लगातार चोरी एवं अपराधिक गतिविधियां बढ़ रही है इसलिए त्रिनेत्रम योजनांतर्गत जितने भी कैमरे लगे हैं उसे तत्काल प्रारंभ किया जाना अनिवार्य है यह योजना जनसहयोग, सामाजिक संगठन एवं प्रगतिशील सोच वाली संस्थाओं के द्वारा स्वफूर्त दी गई सहयोग राशि से प्रारंभ किया गया था और वर्तमान में जब यह दम तोड़ने की स्थिति में आ गई है तो वैसी दशा में जन सहयोग की भावना भी आहत हो रही है इसलिए जनभावनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन त्रिनेत्रम योजना में राशि प्रदान करने वालो का नाम सार्वजनिक करे ।

प्रभारी सचिव ने पीएमश्री स्कूल डोंगरगढ़ का देखा हाल, बच्चों के साथ की चर्चा

राजनांदगांव नव प्रदेश। जिले के प्रभारी सचिव श्री अविनाश चंपावत ने आज पीएम श्री स्कूल डोंगरगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण पद्धति, डिजिटल शिक्षण व्यवस्था तथा उपलब्ध संसाधनों का विस्तार से अवलोकन किया। प्रभारी सचिव ने बच्चों के साथ आत्मीय चर्चा की। उन्होंने छात्रों से आगामी समर कैम्प में शामिल किए जाने वाले

गतिविधियों के संबंध में सुझाव लिए और उनकी रुचि के अनुरूप कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को नीट एवं जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की सुदृढ़ तैयारी कराई जाए तथा इसके लिए विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो। प्रभारी सचिव ने डिजिटल क्लासरूम में विद्यार्थियों को प्रभावी ऑनलाइन कोर्स और कौशल आधारित सीखने के अवसर प्रदान करने के निर्देश भी दिए।

बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ पर एक दिवसीय कार्यशाला

कवर्धा / नव प्रदेश। । ''बाल विवाह मुक्त भारत/छत्तीसगढ़ अभियान'' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपद पंचायत सभाकक्ष कवर्धा में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह अभियान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा 10 मार्च 2024 से प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य समाज से बाल विवाह जैसी कुप्रथा का पूर्ण उन्मूलन करना है।

कार्यक्रम में बताया गया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं, बल्कि कानूनन अपराध भी है। इससे बच्चों के सर्वांगीण विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तथा विशेष रूप से बालिकाओं की शिक्षा बाधित होती है। साथ ही यह बच्चों के अधिकारों का हनन भी है। इस बुराई के उन्मूलन हेतु समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यशाला में नगर पालिका परिषद कवर्धा के सभापति श्री बिहारी धुर्वे, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना कवर्धा एवं दशरंगपुर के परियोजना अधिकारी, विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत पर्यवेक्षक, सरपंच, सचिव, शिक्षक, रोजगार सहायक, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के ब्लॉक समन्वयक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन टीम के सदस्य भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को बाल विवाह की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया।

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202603103500008 /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26
आवेदक प्रकाशचंद जैन आ. मिश्री लाल जैन, निवासी गंजपारा दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 4 अ. भूखण्ड क. 75/2, रकबा 396 वर्गफीट, प्रकाशचंद जैन आ. मिश्री लाल के नाम नजूल अभिलेख में दर्ज है। किन्तु संधारण खसरा में त्रुटिवश उक्त भूमि का रकबा 396 व.फी. के स्थान पर 376 व.फी. दर्ज हो गया है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा रकबा संशोधन किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।
आज दिनांक 27.03.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।
मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00041 तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430103800040
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम तितुरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी छबिलाल साहू पिता/पति पल्टन साहू पता तितुरडीह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 64/6(0.0090) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मन्नूलाल साहू पिता/पति स्व. छबिलाल साहू पता गांधी चौक वार्ड 19 तितुरडीह दुर्ग, श्रीमती चंद्रिका बाई पिता/पति स्व. छबिलाल साहू पता ग्राम जंतर जिला राजनांदगांव, दिलीप कुमार साहू पिता/पति स्व. छबिलाल साहू पता लोधीपारा उरला दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.04.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27.03.2026 को जारी किया जाता है।
मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.202603100700099 /अ-06/वर्ष 2025-26
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक/वसीयत प्राप्तकर्ता उमाकान्त जायसवाल पिता ओमप्रकाश जायसवाल निवासी सी/31, ऋषभ ग्रीन सिटी, पुलगांव चौक दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम डुण्डेरा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 1420 रकबा 0.260 हे. भूमि जो कि वसीयतकर्ती यशोदा जायसवाल पति ओमप्रकाश जायसवाल निवासी डुण्डेरा के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार वसीयतकर्ती यशोदा जायसवाल पति ओमप्रकाश जायसवाल के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 15.02.2026 को पंजीकृत वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। उक्त आवेदित भूमि के खातेदार वसीयतकर्ती की मृत्यु दिनांक 17.08.2020 को हो जाने पर पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.04.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 23.03.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल नगपुरा (छ.ग.)
// सीमांकन //
प्रति,
श्री प्रवेश सांखला पिता प्रकाशचंद सांखला निवास मिलपारा दुर्ग।
संदर्भ :- नायब तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्रमांक 41/प्र.नाय.तह./2025 दिनांक 22.12.2025
उपरोक्त ज्ञापन के परिपालन में ग्राम नगपुरा के आवेदक श्री प्रवेश सांखला पिता श्री प्रकाशचंद सांखला के द्वारा ग्राम नगपुरा प.ह.न. 03 रा.नि.मं. नगपुरा तहसील दुर्ग जिला दुर्ग स्थित भूमि का सीमांकन/बंदोबस्त त्रुटि सुधार/ स्थल जांच हेतु आवेदित भूमि खसरा नं. 14 रकबा 0.470 का सीमांकन/स्थल जांच मेरे द्वारा किया जावेगा। चूंकि उक्त खसरा नंबर से अभिलेखानुसार आपकी भूमि लगी हुई है या आपके द्वारा बेची गई है।
अतः आप अपने समस्त दस्तावेजो (रजिस्ट्री, ले-आउट, ऋण पुस्तिका इत्यादि) के साथ मौके पर दिनांक 24.04.2026 को समय 12.00 बजे उपस्थित रहे।
राजस्व निरीक्षक, नगपुरा

नाम-परिवर्तन
मैं शपथकर्ता भोला नाथ यादव (BHOLA NATH YADAV) पिता स्व. बद्रीप्रसाद यादव उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी 362, वार्ड नं. 26, गाजी कुमरे बीरगांव रायपुर (छ.ग.) 493221 का निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरा जन्म तिथि- 02/03/1991 (दो मार्च- उन्नीस सौ इक्यानबे) है. जो मेरे आधार कार्ड नं. 2363 5830 7626 में दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे पुत्र का नाम ऋषभ यादव (RISHABH YADAV) पिता भोला नाथ यादव (BHOLA NATH YADAV) माता शीला यादव (SHILA YADAV) का जन्मतिथि 19/10/2011 है जो उनके शैक्षणिक दस्तावेजों में अंकित है जो सत्य व सही है तथा मेरा पुत्र वर्तमान में नाबालिग है। मेरे पुत्र का आधार क्रमांक 6436 4573 5071 है और मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण-पत्र और आधार कार्ड में ऋषभ (RISHABH) पिता भोलाराम यादव (BHOLARAM YADAV) दर्ज हो गया है, जो कि त्रुटिपूर्ण नाम है। मेरे आधार कार्ड, राशन कार्ड, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र में मेरा नाम-भोला नाथ यादव (BHOLA NATH YADAV) दर्ज है। यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड में ऋषभ (RISHABH) पिता भोलाराम यादव (BHOLARAM YADAV) दर्ज त्रुटिपूर्ण नाम को सुधरवाकर ऋषभ यादव (RISHABH YADAV) पिता भोला नाथ यादव (BHOLA NATH YADAV) दर्ज करवाने, पढे जाने, पुकारे जाने व शासकीय गजट राजपत्र में प्रकाशित किये जाने बाबत सक्षम प्राधिकारी के मांग पर यह शपथ पत्र सादर प्रस्तुत किया जा रहा है। अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।
शपथकर्ता — भोला नाथ यादव, पिता स्व. बद्रीप्रसाद यादव, निवासी 362, वार्ड नं. 26, गाजी कुमरे, बीरगांव, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.202603103800024/48 /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26
आवेदक पूर्णिमा कश्यप पति स्व रमेश कमार कश्यप निवासी लतादर नगर हर्ग की ओर से आममुख्त्यार जितेन्द्र कश्यप पिता स्व. हीरालाल कश्यप द्वारा पेश आवेदन अनुसार नजूल स्थित भूमि शीट क. 86 एवं 87, भूखण्ड क. 4/2 व 1/3 में से, रकबा 1750 वर्गफीट भूमि रमेश कुमार कश्यप पिता स्व. पोषण लाल कश्यप के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 26.08.2025 को हो चुकी है। उनके वारिसान उनकी पत्नि पूर्णिमा कश्यप है। उक्त आधार पर मृतक धारक का नाम विलोपित कर स्वंय के नाम पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।
अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.04.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 18.03.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।
मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202603103500004 /अ-20(1)/ वर्ष 2025-26
आवेदिका श्रीमती मीना शर्मा पति बजरंग शमा, निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग के आवेदन अनुसार दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 15, भूखण्ड क. 6/58, रकबा 34.4 वर्गफीट धारक मीना शर्मा पति बजरंग शर्मा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के पट्टे की वैधता 31 मार्च 2025 को समाप्त हो चुकी है। उक्त आधार पर आवेदक द्वारा पट्टा नवीनीकरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिसे भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा कराया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।
आज दिनांक 27.03.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।
मुहर — नजूल अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन
मैं संजय कु देवांगन (SANJAY KU DEWANGAN) संजय कुमार देवांगन (SANJAY KUMAR DEWANGAN) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र इन्द्रा देवांगन, आयु 38 वर्ष निवासी म.नं.- 281, शारदा पारा, वार्ड-23, भिलाई तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम संजय कु देवांगन (SANJAY KU DEWANGAN) संजय कुमार देवांगन (SANJAY KUMAR DEWANGAN) (पुराना नाम) से बदल कर संजय देवांगन (SANJAY DEWANGAN) (नया नाम) रख लिया है एवं अपने नाबालिक सुपुत्री कु भूमिका (KU BHUMIKA) (पुराना नाम) से बदल कर भूमिका देवांगन (BHUMIKA DEWANGAN) (नया नाम) रख लिया है।
शपथकर्ता — संजय कुमार देवांगन, सुपुत्र इन्द्रा देवांगन, निवासी म.नं.- 281, शारदा पारा, वार्ड-23, भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)

नाम-परिवर्तन
मैं जागेश्वर ढीमर (JAGESHWAR DIMAR)(पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पत्नी राम गोपाल ढीमर, आयु 36 वर्ष निवासी- 712 ग्राम खोपली तह. व जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम जागेश्वर ढीमर (JAGESHWAR DIMAR)(पुराना नाम) से बदल कर जागेश्वरी ढीमर (JAGESHVARI DHIMAR) (नया नाम) रख लिया है।
शपथकर्ती — जागेश्वर ढीमर, पत्नी राम गोपाल ढीमर, निवासी- 712 ग्राम खोपली तह. व जिला दुर्ग (छत्तीसगढ़)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार
संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00038 पोटियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104600058
तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00038 के अंतर्गत ग्राम पोटियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी पूर्णिमा साहू पिता/पति प्यारेलाल साहू पता ग्राम फागुनदाह तह. गुरुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 169/73(0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता प्यारेलाल साहू पिता/पति गुहरीराम साहू पता मिनाक्षी नगर वार्ड 52 बोरसी दुर्ग, अतुल कुमार साहू पिता/पति प्यारेलाल साहू पता मिनाक्षी नगर वार्ड 52 बोरसी दुर्ग के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 13.04.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।
उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20.03.2026 को जारी किया जाता है।
मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन
मैं गुरुदत्त निषाद (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी पिता भूपेन्द्र निषाद मकान नं. 68, वार्ड नं. 7, बिरेझर अंजोरा दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम गुरूदत्त निषाद (GURUDATT NISHAD) पिता भूपेन्द्र कुमार निषाद (BHUPENDRA KUMAR NISHAD) (पुराना नाम) से बदल कर गुरूदत्त निषाद (GURUDATT NISHAD) पिता भूपेन्द्र निषाद (BHUPENDRA NISHAD) (नया नाम) रख लिया है।
शपथकर्ता — गुरुदत्त निषाद, पिता भूपेन्द्र निषाद, निवासी मकान नं. 68, वार्ड नं. 7, बिरेझर अंजोरा दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन
मै ममता खण्डेश्वर (MAMTA KHANDESHWAR) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नि/पिता विनोद कुमार खण्डेश्वर (VINOD KUMAR KHANDESHWAR) पता- 181, वार्ड नंबर-12, राम नगर, मुक्तिधाम, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम ममता खण्डेश्वर (MAMTA KHANDESHWAR) (पुराना नाम) से बदल कर रेखा (REKHA) पति श्री विनोद कुमार खण्डेश्वर (VINOD KUMAR KHANDESHWAR) (नया नाम) रख लिया है।
शपथकर्ती — ममता खण्डेश्वर, पत्नि/पिता विनोद कुमार खण्डेश्वर, पता- 181, वार्ड नंबर-12, राम नगर, मुक्तिधाम, सुपेला भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन/सूचना
मैं के. राजगोपालन (K. Rajgopalan) पिता श्री जी. के मुर्ति उम्र 59 वर्ष, पता-म.नं.356, टीयुलीप, ए-ब्लाक, तालपुरी, हाउसिंग बोर्ड बस्ती, मिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग) का हूं मैं अपना पुराना नाम के. राजगोपालन (K.Rajgopalan) को बदलकर नया नाम कृष्ण मुर्ति राजगोपालन अय्यर (Krishna Murty Rajgopalan lyer) रख लिया है।
शपथकर्ता — के. राजगोपालन, पिता श्री जी. के मुर्ति, पता-म.नं.356, टीयुलीप, ए-ब्लाक, तालपुरी, हाउसिंग बोर्ड बस्ती, मिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202603101000063 /अ-27/वर्ष 2025-26
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज महिलांग पिता शिव प्रसाद निवासी बासीन द्वारा ग्राम बासीन प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. जेवरा सिरसा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.न. 953/1 रकबा 0. 0850 है. भूमि अनावेदक शिव प्रसाद पिता स्व. किशनलाल के नाम पर दर्ज है। उपर वर्णित भूमि को आवेदक एवं अनावेदक के मध्य खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदनमय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।
अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 06.04.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या आने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 13.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।
मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज का वार्षिक महाअधिवेशन सम्पन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय वार्षिक महाअधिवेशन एवं सम्मान समारोह का आयोजन भाटापारा समाज के सामाजिक मुख्यालय देवरी स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना के साथ किया गया।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, ÷छत्तीसगढ़ गहवई कुर्मी क्षत्रिय समाज की एकता और समर्पण को देखकर मैं अत्यंत गौरवान्वित हूँ। समाज के विकास के लिए मैं हमेशा आपके साथ हूँ। हमारे समाज ने सदैव सामाजिक समरसता और एकता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। समाज इसी प्रकार एकजुट होकर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। उन्होंने श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण सौंदर्यीकरण के लिए 10 लाख रुपये की घोषणा की।

धरमलाल कौशिक ने कहा, समाज के बंधुओं के बीच एकता और समृद्धि देखना हमारा सौभाग्य है। समाज के विकास के लिए हमें शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष ध्यान देना होगा। मैं आशा करता हूँ कि ग्राम बावली में सामुदायिक भवन के निर्माण से समाज के लोगों को लाभ मिलेगा।÷ उन्होंने ग्राम बावली में सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु 20 लाख रुपये की घोषणा की।

नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा, ÷समाज के विकास के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। हमें अपने समाज की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित रखना होगा।

जिला पंचायत सभापति श्रीकांत राजा जायसवाल ने कहा, ÷समाज की एकता और समर्पण ही हमारी शक्ति है। हमें अपने समाज के युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना होगा।÷

इस दौरान कार्यक्रम में शासकीय सेवा में पदस्थ हुए समाजिक जनों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। मंच का संचालन केंद्रीय सचिव दिनेश वर्मा और सहसचिव नोखेलाल वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर समाज के केंद्रीय अध्यक्ष देवचरण वर्मा , कार्यक्रम के सभापति हरबंश गौटिया , राजप्रधान कृष्णकुमार वर्मा,गणेशराम वर्मा,दीपक कौशिक, मोतीराम वर्मा, रामगोपाल वर्मा सलाहकार उतरा वर्मा, कोषाध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा, प्रबंधन समिति के सदस्य योगराज वर्मा, शिव कुमार गहवई, महेंद्र वर्मा, राजकुमार वर्मा, हीरा लाल वर्मा और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज के मुख्य चुनाव अधिकारी मनोज वर्मा द्वारा महिला अध्यक्ष श्रीमति प्रीति वर्मा, युवा अध्यक्ष मुकेश वर्मा को शपथ दिलाई गई ! छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लेजा संदेश लोककला मंच ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। केंद्रीय सचिव दिनेश वर्मा ने सामाजिक आय व्यय की जानकारी समाज के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय उपाध्यक्ष सुरेश कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों, सामाजिकजनों व ग्राम देवरी समाज,ग्रामप्रमुखों क्षेत्रप्रधान और कार्यक्रम सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

- टेस्ट वास्थ्य

सिकल सेल मरीजों के लिए स्वास्थ्य शिविर, गंभीर रोगियों की हुई जांच

■ एचएलए टाइपिंग टेस्ट के जरिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए डोनर पहचान की दिशा में पहल

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव के निर्देशन में रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में सिकल सेल उन्मूलन मिशन के तहत एक दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर बाल आयुष फाउंडेशन, बैंगलोर के सहयोग से संपन्न हुआ।

शिविर में जिले के चिन्हित गंभीर सिकल सेल मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेष रूप से ऐसे मरीजों को प्राथमिकता दी गई जिन्हें बार-बार ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता पड़ती है। इन मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श के साथ आवश्यक उपचार सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

इस दौरान मरीजों के साथ उनके परिजनों की भी जांच की गई और उनका एचएलए टाइपिंग टेस्ट किया गया। यह जांच भविष्य में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए उपयुक्त डोनर की पहचान करने में सहायक होगी।

सीएमएचओ डॉ. नागेश्वर राव ने कहा कि सिकल सेल जैसी गंभीर बीमारी के प्रभावी नियंत्रण के लिए समय पर जांच और उचित उपचार बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के विशेष शिविरों के माध्यम से मरीजों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम और विशेषज्ञ चिकित्सकों की सक्रिय भागीदारी रही।

जमीन की श्रेणी में उलझे सैकड़ों परिवार, प्रशासनिक सुविधाओं से भी वंचित क्षेत्र

छुईखदान में लोगों को प्रधानमंत्री आवास का नहीं मिल रहा लाभ

छुईखदान/नवप्रदेश। छुईखदान एक ओर प्रदेश के वित्त मंत्री प्रदेश का राजस्व बढ़ाने का प्रयास करते हैं वही दूसरी ओर छुईखदान नगर पंचायत में नजुल पट्टा नहीं मिलने से नगर वासी परेशान है कई वर्षो से रजिस्ट्री बंद हैं. प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति नहीं मिल पा रही हैं. नया जिला बनने के पश्चात् तीन कलेक्टर बदल गए और चौथे कलेक्टर पदस्थ है. परंतु किसी ने भी गंभीरता से प्रयास नहीं किया

केंद्र और राज्य सरकार जहां एक ओर गरीबों को पक्का मकान देने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 को मिशन मोड में चला रही हैं, वहीं छुईखदान नगर पंचायत में यह योजना जमीनी सच्चाई से जूझती नजर आ रही है। यहां के अधिकांश क्षेत्र नजूल भूमि में आने के कारण सैकड़ों पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित हैं। छुईखदान में बड़ी संख्या में लोग वर्षों से निवास कर रहे हैं, लेकिन जमीन नजूल श्रेणी में दर्ज होने के कारण उनके पास वैध मालिकाना हक नहीं है। यही वजह है कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के दायरे से बाहर हो रहे हैं।

जिला बना, पर नहीं बदली तस्वीर: खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को जिला घोषित किए जाने के बाद भी छुईखदान क्षेत्र को अपेक्षित प्रशासनिक सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। यहां अब तक एक भी प्रमुख जिला स्तरीय सरकारी कार्यालय स्थापित नहीं किया गया है, जिससे आम लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी अन्य स्थानों का रुख करना पड़ता है।

दोहरी मार झेल रहे लोग: एक ओर आवास योजना का लाभ जमीन की तकनीकी बाधाओं में फंसा हुआ है, वहीं दूसरी ओर जिला बनने के बावजूद विकास और प्रशासनिक पहुंच का अभाव बना हुआ है। इससे क्षेत्र के लोगों में निराशा बढ़ रही है।

समाधान की उम्मीद: स्थानीय नागरिकों और जानकारों का मानना है कि यदि सरकार सर्वे कर नजूल भूमि का नियमितीकरण कर पट्टा दे और छुईखदान में जिला स्तरीय कार्यालय स्थापित किए जाएं, तो क्षेत्र की स्थिति में बड़ा सुधार संभव है।

जनता की मांग: छुईखदान के लोगों ने सरकार से मांग की है कि नजूल भूमि की समस्या का जल्द समाधान किया जाए और योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए, ताकि जिला बनने का अर्थ केवल कागजों तक सीमित न रह जाए। अब देखना होगा कि सरकार इन मुद्दों पर कब ठोस पहल करती है और छुईखदान को योजनाओं व विकास का वास्तविक लाभ कब तक मिल पाता है।

किस जमीन पर मिलता है योजना का लाभ?

सरकारी नियमों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ केवल उन्हीं हितग्राहियों को मिल पाता है जिनके पास:

- आबादी भूमि पर वैध निवास
- स्वामित्व या पट्टा संबंधी दस्तावेज
- या सरकार द्वारा नियमित (रेगुलराइज) की गई जमीन

इसके विपरीत, नजूल भूमि (बगैर पट्टा धारी)विवादित जमीन पर रहने वाले लोगों को तब तक लाभ नहीं मिल पाता, जब तक उस भूमि का नियमितीकरण न किया जाए।

सूने मकान में लाखों की चोरी 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के बसना थाना क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी करने वाले शातिर आरोपी को पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया शत-प्रतिशत माल भी बरामद कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थी घासी राम पटेल (67 वर्ष), निवासी सिरको बांधपारा थाना बसना, ने 28 मार्च 2026 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 मार्च को वे पदमपुर (ओडिशा) गए हुए थे तथा उनकी पत्नी भी गांव केशरीपुर चली गई थीं। इसी दौरान घर सूना पाकर अज्ञात चोर ने पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आलमारी का ताला तोड़कर सोना-चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम पार कर दी।

चोरी गए सामान में सोने का माला व कर्णफूल (लगभग 25 ग्राम, कीमत करीब 50 हजार रुपए), चांदी के पायल, बिछिया व अंगूठी (लगभग 40 ग्राम, कीमत करीब 30 हजार रुपए) तथा नगद 5 लाख 15 हजार रुपए शामिल थे। कुल चोरी की राशि लगभग 5 लाख 95 हजार रुपए आंकी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के साथ-साथ मुखबिरों की सूचना के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी सिलास सागर (25 वर्ष), निवासी ग्राम सिरको, थाना बसना, जिला महासमुंद है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए सभी जेवरात और नगदी राशि बरामद कर ली है।

नपा सीएमओ और तत्कालीन इंजीनियर निलंबित

■ लापरवाही पर नगरीय प्रशासन के उपसचिव ने जारी किया आदेश

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश शासन ने भाटापारा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी व पूर्व में पदस्थ एक इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है । उक्त संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के उपसचिव के जारी आदेश में कहा गया है कि 14वें वित्त आयोग एवं टाईड ग्राण्ड ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मद अंतर्गत 03 कार्यो के लिए भडार क्रय नियम के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के द्वारा गत वर्ष 29 अगस्त 2025 में 119.50 लाख रूपयें की राशि तथा 97.69 लाख रूपयें की स्वीकृति प्रदान की गई थी जिसपर पालिका अधिकारी जफर खान ने ब्रिड निविदा जारी करने के पूर्व सक्षम स्वीकृति नही ली जो कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका प्रेसिडेंट- इन-कौंसिल के काम काज का संचालन तथा प्राधिकारियों की शक्तियां एवं कर्तव्य नियम 1998 यथा संशोधित 2022 में दी गई व्यवस्था का पालन नही करने की परिधी में आता है। सक्षम प्राधिकारी के बिना अनुमोदन के माध्यम से ब्रिड की कार्यवाही करना शासन के दिशा निर्देशो भंडार क्रय नियम के विपरित है।

भाटापारा में पदस्थ सीएमओ जफर खान एवं तत्कालिन उपअभियंता कमलेश साहू जो कि मौजुदा समय में नगर पालिका कार्यालय कुरूद में पदस्थ है उन्हें निलंबित कर दिया गया है। निलंबन की अवधि मे जफर खान व कमलेश साहू को नगरीय निकाय के क्षेत्रिय कार्यालय रायपुर में अटैच किया गया है। उन्हें जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

नर्रा की शराब दुकान में 7 लाख का गबन सुपरवाइजर समेत तीन कर्मचारी बर्खास्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के नर्रा क्षेत्र स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में करीब 7 लाख रुपए के गबन का मामला सामने आया है। इस घोटाले में संलिप्त पाए गए सुपरवाइजर, सेल्समैन और मल्टी वर्कर को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुपरवाइजर ईश्वर मधुकर, सेल्समैन योगेश चक्रधारी और मल्टी वर्कर हुमन पारे पर आरोप है कि वे पिछले कुछ दिनों से शराब की बिक्री कम दर्शाकर रकम में हेराफेरी कर रहे थे। इस दौरान करीब 7 लाख रुपए का गबन किया गया।

मामले के उजागर होने के बाद संबंधित तीनों कर्मचारियों से उक्त राशि की भरपाई कराए जाने की बात भी सामने आई है। हालांकि, अब तक इस पूरे मामले में विभाग या पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज किए जाने या खुलासा किए जाने की पुष्टि नहीं हो सकी है। स्थानीय स्तर पर इस घटना को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है और लोग मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं।

नगरी के अंतिम छोर सोदूर बांध पर महीनों से अंधेरा

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड नगरी के अंतिम छोर स्थित जल संसाधन विभाग के म. ज. प. बाघ उपसंभाग क्रमांकङ्क1, मेचका अंतर्गत सोढूर बांध इन दिनों अव्यवस्थाओं का शिकार बना हुआ है। बांध के ऊपर लगाए गए लगभग 110 विद्युत खंभों में से केवल 10-15 खंभों पर ही लाइट जल रही है, जबकि शेष अधिकांश लाइटें पिछले तीन माह से अधिक समय से बंद पड़ी हुई हैं। परिणामस्वरूप शाम होते ही पूरा बांध क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है।

स्थानीय कुछ लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी संख्या में लाइटें बंद रहने से न केवल आवागमन में कठिनाई हो रही है, बल्कि सुरक्षा को लेकर भी गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं। बांध जैसे संवेदनशील स्थान पर विभाग द्वारा सुरक्षा और रखरखाव के प्रति लापरवाही स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

ग्रामीणों और आसपास के लोगों ने बताया कि कई बार बाहरी सैलानी यहां पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें न तो पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था मिलती है और न ही कोई कर्मचारी बांध के गेट या परिसर में दिखाई देता है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व यहां मस्ती करते नजर आते हैं, जिससे वातावरण असुरक्षित महसूस होता है। नगरी संबंधित विभाग के अधिकारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी ली जा रही है और जल्द ही खराब पड़ी लाइटों की मरम्मत कर व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान में कुछ कर्मचारी अन्य स्थानों पर ड्यूटी में तैनात होने के कारण मौके पर उपलब्ध नहीं हो पाए होंगे। विभाग द्वारा समस्या के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने की बात कही गई है।अधिकारियों ने लिया संज्ञान, सुधार का दिया आश्वासन दिया है।

61 सालाना उर्स मेले का आयोजन एक अप्रैल को

भाटापारा/नवप्रदेश। हर साल की तरह इस साल भी हजरत बाबा सय्यद अहमद शाह रहमतुल्लाह अलेह का 61वां सालाना उर्स मेले का आयोजन किया जा रहा है! बुधवार 1अप्रेल शाम 7 बजे से लंगर की व्यवस्था व रात 9 बजे मशहूर कव्वाल गुलाम वारिस (दिल्ली) का शानदार कव्वाली प्रोग्राम होगा !

उर्स प्रोग्राम कव्वाली के मौके पर मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब मंत्री (कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार अनुसुची जाति विकास मंत्रालय)

अध्यक्षताङ्क शिवरतन शर्मा (पूर्व विधायक भाटापारा)

विशेष अतिथि — मिर्जा एजाज बेग (अध्यक्ष हज कमेटी प्रदेश छ. ग.)योगेश अग्रवाल (पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राईस मि. एशो. व फिल्म संगठन छ. ग., अश्वनी शर्मा (अध्यक्ष. नगर पालिका परिषद, भाटापारा),, तिमिरेंद्र शेखर सिंह कंवर (संरक्षक युवा प्रभाग कंवर समाज, रायपुर) ,दिलीप छाबड़िया(उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, भाटापारा उपस्थित रहेंगे !उर्स की व्यवस्था में दरगाह कमेटी ,मुस्लिम युवा वर्ग तथा मुस्लिम जमात लगे हुए है।

वीर जन्म कल्याणक महोत्सव का चतुर्थ दिवस

■ वीर षठ कल्याणक पूजन का आयोजन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। अहिंसा के अवतार भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव सकल जैन समाज द्वारा हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जा रहा है। महोत्सव के चौथे दिन आज श्वेतांबर जैन मंदिर प्रांगण में जगत उपकारी देवाधिदेव महावीर स्वामी के जीवन चारित्र का सुंदर चित्रण एवं दिग्दर्शन दर्शन महावीर स्वामी षठ कल्याणक पूजन के माध्यम से की गई। मनोहर बहु मंडल की सदस्याओं ने भाव विभोर कर षठ कल्याणक पूजा पढाई। प्रभु वीर के च्यवन, जन्म, दीक्षा, केवल्य एवं मोक्ष कल्याणक की महिमा बताई। प्रातः कालीन बेला में प्रभात फेरी का आयोजन दिगंबर जैन पाठशाला समिती द्वारा किया गया। शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से भगवान महावीर के संदेशों को गुंजायमान करती प्रभात फेरी दिगम्बर पार्श्वनाथ जिनालय बस स्टैंड पहुंची जहां पर स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई।

प्रभु महावीर जन्म दिवस पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

भगवान महावीर स्वामी का जन्मकल्याणक महोत्सव चैत्र सुदी तेरस मंगलवार दिनांक 31 मार्च को धूमधाम से भक्ति पूर्वक मनाया जाएगा। संघ सचिव अभिषेक दुग्गड़ के अनुसार प्रातः ठीक 6 बजे श्वेताम्बर जैन मंदिर में पक्षाल, अभिषेक एवं स्नात्र पूजन के आयोजन संपन्न होंगे। तत्पश्वात प्रातः 7.30 बजे स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर गांधी चौक से प्रभु का भव्य बरगोड़ा (शोभायात्रा) नगर भ्रमण करेगा। जिसमें समस्त जैन समाज के धर्मानुरागी शामिल होंगे। दोपहर 12 बजे सकल जैन समाज का वात्सल्य भोजन मानतारा भवन में जैन श्रीसंघ द्वारा जैनम परिवार के संयोजन में संपन्न होगी। संध्या 4 बजे अहिंसा बाईक रैली के अंतर्गत समाज का युवा वर्ग भगवान महावीर के संदेशों को जन जन तक पहुंचाएगा। संध्या 6 बजे दोनो जैन मंदिरों में महा आरती एवं संध्या 7.30 बजे नसिया जी तीर्थ में हर्षित जैन एंड पार्टी भजन संध्या के अंतर्गत प्रभु भजन का आयोजन होगा।

हनुमान जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

भाटापारा/नवप्रदेश। हनुमान जयंती के अवसर पर नगर में 2 अप्रैल को शोभायात्रा और 1 अप्रैल को मोटर सायकल रैली निकलेगी। समिति के संस्थापक राजेश उपाध्याय ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभा यान्त्रा निकाली जाएगी जो श्री संगीतमय सुन्दर कांड समिति द्वारा विगत 26 वर्षो से भव्य शोभा यात्रा निकालने के लिये हनुमान जयंती के उपलक्ष में मीटिंग रखी गई थी जिसमें सभी सदस्य के साथ अगामी शोभायात्रा की तैयारी पूर्ण करने का संकल्प लिया ।1 अप्रैल को मोटर साईकिल रैली निकाली जाएगी तथा अप्रैल 2 अप्रैल को हनुमान जयंती की शोभायात्रा स्टेशन रोड स्थित कुली हनुमान मन्दिर से सुबह 7:30 बजे से शोभा यात्रा निकाली जाएगी ।

राज्यसभा सांसद बनने पर लक्ष्मी वर्मा को दी बधाई

भाटापारा/नवप्रदेश। युवा यादव महासभा जिलाध्यक्ष हेमंत यादव और यादव समाज के पदाधिकारीयों ने निर्विरोध राज्यसभा सांसद बनने पर लक्ष्मी वर्मा को बधाई दी है। श्री यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने श्रीमती लक्ष्मी वर्मा को राज्यसभा सांसद बनाये जाना ना केवल भाजपा का मान बल्कि महिलाओ का मान और सम्मान बढ़ा है वर्मा के सांसद चुने जाने पर युवा यादव महासभा के जिलाध्यक्ष इंजिनियर हेमंत यादव ने उनका आशीर्वाद लेकर उन्हें बधाई दी है और भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।

पेज 1 का शेष...

लाल आतंकः जहां कभी...

है। बस्तर के कई सुदूर गांवों में नक्सल मुक्त कोई सरकारी शब्द नहीं, बल्कि जिंदगी और मौत के बीच की लकीर है। एक मां की आंखों में आज भी वो दर्द ताजा है, जब उसका बेटा स्कूल के लिए निकला और फिर कभी लौटकर नहीं आया। कई युवाओं ने अपना बचपन बंदूक और खौफ के साए में गुजारा। आज वही युवा शिक्षा, रोजगार और सामान्य जीवन की राह देख रहे हैं। गांव के एक बुजुर्ग की आवाज इस बदलाव की सबसे बड़ी गवाही देती है। उन्होंने कहना है कि हमने सिर्फ डर देखा है। अब मरने से पहले शांति देखना चाहते हैं।

बदलाव दिखा, पर भरोसा अधूरा

जिला प्रशासन और सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई ने तस्वीर जरूर बदली है। बंद पड़े स्कूल फिर से खुलने लगे हैं, सड़कों का जाल गांवों तक पहुंच रहा है। मोबाइल नेटवर्क से लोग अब दुनिया से जुड़ रहे हैं। हाट-बाजारों में फिर से रौनक लौट रही है। लेकिन हकीकत का दूसरा पहलू भी है। अब भी कई इलाकों में डर की परछाई पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। लोगों के दिलों में भरोसा बनना बाकी है।

हिन्दुस्तान अब नक्सलमुक्त, जो...

में झांककर देखिए। जो लोग नक्सलवाद की वकालात करते हैं, उनसे पूछना चाहता हूं ये सब 1970 से अब तक क्यों नहीं हुआ था। संसद में आज नक्सलवाद पर चर्चा सरकार की तरफ से दी गई डेडलाइन खत्म होने से एक दिन पहले हो रही है। शाह कई बार 31 मार्च, 2026 तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह से खत्म करने की घोषणा कर चुके हैं।

60 साल तो कांग्रेस सरकार में रही

70 में से 60 साल तो सरकार कांग्रेस की रही, फिर क्यों विकास नहीं हुआ। आपने क्यों नहीं किया विकास आज आप हिसाब मांग रहे हो। मैं पूरा बताऊंगा। वहां करोड़ों लोग गरीबी में वर्षों तक जीते रहे, किसी ने चिंता नहीं की। 20 हजार युवा मारे गए, कई दिव्यांग बन गए और उन तक विकास नहीं पहुंचा। कौन जिम्मेदार है। क्या देश की सबसे बड़ी पंचायत को इस पर चिंतन नहीं करना चाहिए। नक्सलवाद का मूल कारण विकास की डिमांड नहीं, एक आइडियोलॉजी है, जिसे एक राष्ट्रपति चुनाव के कारण इंदिरा गांधी ने स्वीकार कर लिया।

मनमोहन ने कहा था- माओवादी देश की सबसे बड़ी समस्या

प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने स्वीकारा था कि जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ ईस्ट की तुलना में देश की आंतरिक सुरक्षा में सबसे बड़ी समस्या माओवादी है। 2014 में बदलाव हुआ। धारा 370 हटी, 35-ए हटा, राम मंदिर बना, सीएए का कानून आ गया है, विधायी मंडलों में महिलाओं को 33त्न आरक्षण मिल गया है। ये सारे काम नरेंद्र मोदी के 12 साल में हुए।

लोकतंत्र में विश्वास नहीं

विपक्ष का लोकतंत्र पर कोई विश्वास नहीं है। यहां बहुत सारे लोग 3 घंटे से कह रहे हैं अन्याय है तो न्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं, लेकिन लड़ने का तरीका क्या है। हम अंग्रेजों के शासन में नहीं है कुछ लोगों ने भगत सिंह और भगवान बिरसा मुंडा से तुलना कर दी । ये क्या हिमाकत है।भगत सिंह और बिरसा मुंडा अंग्रेजों से लड़े और आप इनकी तुलना संविधान तोड़कर हथियार हाथ में लेकर निर्दोषों की हत्या करने वालों से कर रहे हैं। इनको अपनों का भी खून बहाने से परहेज नहीं है। इनके आदर्श तिलका मांझी, बिरसा मुंडा, सुभाष बाबू या भगतसिंह नहीं हैं। इनके आदर्श माओ हैं। ये आदर्श भी फॉरेन से लाते हैं।

शाह का तंज- भूपेश बघेल...

और वहां पंचायत का गठन हो चुका है। छत्तीसगढ़ में देर क्यों लगी, क्योंकि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने नक्सलवादियों को बचाकर रखा। इस पर विपक्ष ने हंगामा किया। उन्होंने कहा कि मुझे किसी व्यक्ति के सामने नहीं करना है। भूपेश बघेल को पूछो... प्रूफ दूं क्या यहां पर। हां बोलें तो बोलो, वरना फंस जाओगे। 2023 में छत्तीसगढ़ में सरकार बदली और दूसरे ही महीने वहां गया था। बीजेपी की सरकार ने पूरे सहयोग का आश्वासन दिया था। 24 अगस्त 2024 को हमने यह ऐलान किया कि 31 मार्च 2026 को हम नक्सलवाद पूरी तरह से समाप्त कर देंगे।

छत्तीसगढ़ के नक्सलियों ने...

के मुताबिक, सेंट्रल कमेटी मेंबर और आंध्र-ओडिशा बॉर्डर स्पेशल जोनल कमेटी के सचिव चेल्लुरी नारायण राव उर्फ सुरेश ने अपने 8 साथियों के साथ डीजीपी के सामने सरेंडर किया है। संगठन में लंबे समय तक सक्रिय रहने वाले सुरेश पर 25 लाख रुपए का इनाम घोषित था। इसके अलावा कार्तम लच्छू (5 लाख), कार्तम आदमे उर्फ नंगी, मुचाकी मासा उर्फ अजित, पोडियम राजे और मडवी जोगी पर 4-4 लाख रुपए का इनाम था। वहीं मुचाकी लक्ष्मण, मडिवी आदमा और कदिथि हुर्रे पर 1-1 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

ग्रामीण विकास में छत्तीसगढ़ अव्वल...

वर्ष 2016 में योजना प्रारंभ होने के बाद *प्रदेश में किसी एक वित्तीय वर्ष में सर्वाधिक आवास पूर्ण होने का रिकॉर्ड है, जो तेज क्रियान्वयन और प्रभावी मॉनिटरिंग को दर्शाता है।

आवास निर्माण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी नई गति आई है।

वाशिंगटन/नईदिल्ली/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की नीतियों के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शनों का सैलाब उमड़ पड़ा है। शनिवार को 'नो किंग्स' आंदोलन के तीसरे चरण के तहत अमेरिका के कई शहरों में लाखों प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतरकर अपना विरोध दर्ज कराया। यह प्रदर्शन मुख्य रूप से सरकार की आक्रामक निर्वासन नीति, ईरान में जारी युद्ध और ट्रंप प्रशासन के अन्य विवादास्पद फैसलों के खिलाफ आयोजित किए गए।

अमेरिका में ट्रंप के खिलाफ शुरू हुआ 'नो किंग्स' आंदोलन

आयोजकों के अनुसार, अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,200 से अधिक रैलियों की योजना बनाई गई थी। इस बार दो-तिहाई कार्यक्रम बड़े महानगरों के बाहर छोटे समुदायों और कस्बों में हुए। पहले आंदोलन की तुलना में छोटे शहरों की भागीदारी में 40 फीसदी का उछाल देखा गया है। न्यू यॉर्क, डलास, फिलाडेल्फिया और वॉशिंगटन जैसे बड़े शहरों में विशाल रैलियां आयोजित की गईं। हालांकि व्हाइट हाउस ने इन रैलियों को सिरे से खारिज कर दिया है। प्रवक्ता एबिगेल जैक्सन ने इन प्रदर्शनों को वामपंथी फंडिंग नेटवर्क की देन बताया और कहा कि इन्हें जनता का वास्तविक समर्थन हासिल नहीं है। रिपब्लिकन पार्टी की नेशनल कमेटी ने भी इन रैलियों की तीखी आलोचना की है।

मिनेसोटा और न्यूयॉर्क में विरोध की लहर

मिनेसोटा, जो डॉनल्ड ट्रंप की अवैध अप्रवास नीतियों के खिलाफ एक प्रमुख केंद्र बन गया है, वहां सेंट पॉल में राज्य की संसद के बाहर भारी भीड़ जुटी। लोग उन अमेरिकी नागरिकों की तस्वीरें थामे हुए थे जो इस साल संघीय आव्रजन अधिकारियों (आईसीई एजेंटों) की गोलीबारी में मारे गए थे। इस दौरान 2024 के डेमोक्रेटिक उप-राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज ने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, ट्रंप और उनकी नीतियों के खिलाफ आपका यह प्रतिरोध ही अमेरिका की अच्छाई का असली दिल और आत्मा है। वहीं न्यू यॉर्क के मैनहैट्टन में हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए अभिनेता रॉबर्ट डी नीरो ने कहा, डॉनल्ड ट्रंप से पहले किसी भी राष्ट्रपति ने हमारी स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए ऐसा खतरा पैदा नहीं किया है।

न्यूज गैलरी

लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी शब्बीर अहमद दिल्ली में गिरफ्तार

नई दिल्ली। सुरक्षा एजेंसियों ने दिल्ली बॉर्डर से लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आतंकी शब्बीर अहमद लोन बांग्लादेश में बैठकर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के कहने पर आर्मी का नया मॉड्यूल तैयार कर रहा था। मिली जानकारी के आधार पर दिल्ली पुलिस और सुरक्षा बलों ने जाल बिछाकर उसे राजधानी के बॉर्डर पर पकड़ लिया। जांच में पता चला है कि वह बॉर्डर पार से मिली टिप्स के मुताबिक भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के मिशन पर था। जांच एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं ताकि पता चल सके कि दिल्ली और उसके आस-पास के इलाकों में उसके और कितने साथी छिपे हुए हैं। कुछ दिन पहले दिल्ली और दक्षिण भारत से एक आर्मी मॉड्यूल का खुलासा हुआ था। इस मॉड्यूल ने दिल्ली और कोलकाता में कई जगहों पर भारत विरोधी पोस्टर लगाए थे। इस लिहाज से इसे दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल और केंद्रीय एजेंसियों के लिए बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। शब्बीर अहमद लोन का नाम सुरक्षा एजेंसियों के लिए नया नहीं है। 2007 में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे एके-47 और ग्रेनेड जैसे भारी हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था। तब भी उसके संबंध सीधे हाफिज सईद से जुड़े थे।

रायपुर ब्लू की टीम ने पहली पारी में बनाए 383 रन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनीयर एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन दिनांक 21 फरवरी 2026 से आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिनांक 29 मार्च 2026 से खेला गया। दूसरा दिवस फाइनल मैच - रायपुर विरुद्ध रायपुर ब्लू चार दिवसीय फाइनल मैच रायपुर एवं रायपुर बलू के मध्य बी एस पी मैदान भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जितकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 95.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 383 रन बनाये। रायपुर ब्लू की ओर से सानिध्य हुरकत ने षानदार 140 रन बनाये। उनके अतिरिक्त प्रतिक यादव ने 62 रन तथा शाश्वत षारदा ने 39 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से गगनदीप सिंह ने 4 विकेट तथा आयुश सिंह ठाकुर ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक रायपुर ने अपनी पहली पारी में 55.5 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 159 रन बना लिये हैं। रायपुर की ओर से आयुश पांडे ने 49 रन, किवनूर सिंह ने नाबाद 36 रन तथा ऋशी षर्मा ने 35 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से मो. सुहैल तथा उत्कर्श तिवारी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक रायपुर 224 रनों से पीछे है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले चौथी वोटर लिस्ट जारी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले निर्वाचन आयोग ने चौथी मतदाता सूची जारी कर दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि सूची प्रकाशित हो चुकी है, लेकिन शामिल किए गए या हटाए गए नामों की संख्या के बारे में आयोग की ओर से कोई अतिरिक्त जानकारी साझा नहीं की गई है। 28 फरवरी को जारी अंतिम मतदाता सूची में करीब 60 लाख नामों को 'अधिनिर्णयनाधीन' के रूप में चिह्नित किया गया था। इन नामों की जांच के लिए आयोग ने 705 न्यायिक अधिकारियों को नियुक्त किया था, जिन्हें यह तय करना था कि संबंधित मतदाताओं के नाम सूची में बरकरार रखे जाएं या हटाए जाएं। इन अधिकारियों की जांच और निर्णयों के आधार पर चौथी अनुपूरक सूची तैयार की गई है। हालांकि, सूची में किए गए बदलावों के सटीक आंकड़े अभी तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। चुनावी तैयारी के इस महत्वपूर्ण चरण में मतदाता सूची का अपडेट राज्य में राजनीतिक हलचल और रणनीति को प्रभावित कर सकता है।

चुनाव प्रचार में राहुल ने मेड इन इंडिया पर पूछे सवाल, भाजपा को बताया 'छिपी हुई ताकत'

■ एलडीएफ पर कॉर्पोरेट-समर्थन के आरोप

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी केरल दौरे पर सबरीमाला मुद्दे पर चुप रहे। यह भाजपा और एलडीएफ के मिलकर काम करने का संकेत है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि कांग्रेस केरल विधानसभा चुनावों में माकपा और भाजपा के संयोजन का सामना कर रही है।

सबरीमाला और भाजपा-एलडीएफ गठजोड़

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि एलडीएफ नेताओं ने अयप्पा मंदिर से सोना चुराया। उन्होंने पीतल से उसे बदल दिया। प्रधानमंत्री भाजपा को नुकसान से बचाने के लिए चुप रहे। यह दर्शाता है कि भाजपा और एलडीएफ साथ काम कर रहे हैं। यह भी दिखाता है कि नरेंद्र मोदी को धर्म या मंदिरों की परवाह नहीं है। यूडीएफ सरकार मंदिर से संबंधित कथित अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों को दंडित करेगी।

'एलडीएफ नेतृत्व भ्रष्ट'

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा यूडीएफ को नहीं चाहती। उन्हें पता है कि देश में कांग्रेस ही उन्हें चुनौती दे सकती है। भाजपा समझती है कि एलडीएफ उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर चुनौती नहीं दे सकता। दिल्ली में सत्ता में होने पर केरल में कोई भी एलडीएफ सरकार उनके नियंत्रण में रहेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से लड़ने वालों पर हमला होता है। राहुल ने बताया कि उन पर 36 मामले हैं और 55 घंटे लगातार पूछताछ हुई। केरल के मुख्यमंत्री के खिलाफ ऐसी कोई कार्रवाई नहीं होती। एलडीएफ नेतृत्व भ्रष्ट है, लेकिन भाजपा का उन पर कोई दबाव नहीं है। प्रधानमंत्री जहां भी जाते हैं, मंदिरों और धर्म की बात करते हैं। लेकिन पलक्कड़ दौरे पर वे सबरीमाला की घटना को भूल गए।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एलडीएफ अब वामपंथी पार्टी जैसा व्यवहार नहीं करता। उनकी नीतियां भाजपा की तरह ही कॉर्पोरेट-समर्थित हैं। यूडीएफ ने अतीत में रबर किसानों का समर्थन किया था। एलडीएफ रबर श्रमिकों को मुआवजा देने से इन्कार करता है। कांग्रेस रबर किसानों और श्रमिकों को मूल्य उतार-चढ़ाव से बचाएगी। बाजार के प्रतिकूल होने पर उन्हें व्यवस्थित रूप से संरक्षित और मुआवजा दिया जाएगा।

मोदी-ट्रंप संबंध और केरल के मुद्दे

राहुल ने आरोप दोहराया कि मोदी वित्तीय सौदों को लेकर डोनाल्ड ट्रंप से समझौता कर चुके हैं। संसद में यह मुद्दा उठाने पर प्रधानमंत्री ने जवाब देने से परहेज किया। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि जैसे ट्रंप मोदी को नियंत्रित करते हैं, वैसे ही प्रधानमंत्री केरल के मुख्यमंत्री को नियंत्रित करते हैं। केरल के लोग पर्यावरण और सह-अस्तित्व को महत्व देते हैं। उन्होंने युवाओं के लिए उद्योगों और रोजगार के अवसरों की कमी पर चिंता जताई। कांग्रेस की पांच गारंटी सत्ता में आने पर लागू की जाएंगी।

ट्रंप ने किया दावा-अमेरिका भेजे गए 20 तेल के जहाज

नई दिल्ली। अमेरिका-इज़राइल और ईरान के बीच एक भयंकर युद्ध चल रहा है। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बहुत बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान ने 'इज्ज़त के सिंबल' के तौर पर यूएस को क्रूड ऑयल से भरे 20 बड़े जहाज भेजे हैं। होर्मुज स्ट्रेट अभी ईरान के कंट्रोल में है, और सिर्फ फ्रेंडली जहाजों को ही इससे गुजरने की इजाज़त है। इस बीच, ट्रंप के इस दावे पर हैरानी जताई जा रही है। अपने प्राइवेट प्लेन 'एयर फोर्स वन' से रिपोर्टर्स से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, ईरान ने इज्ज़त दिखाते हुए यूएस को 20 बड़े ऑयल टैंकर भेजे हैं। यह प्रोसेस कल सुबह शुरू होगा और अगले कुछ दिनों तक चलेगा। शुरू में, वे सिर्फ 10 जहाज भेजने को तैयार थे, लेकिन अब उन्होंने यह संख्या बढ़ाकर 20 कर दी है। ट्रंप ने यह भी इशारा किया है कि ईरान अब एग्रीमेंट और कॉम्प्रोमाइज के लिए तैयार है। डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर 2015 की न्यूक्लियर डील पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बराक ओबामा के समय हुआ समझौता देश के इतिहास की 'सबसे बेवकूफी भरी' डील थी।

अगर इसे कैंसिल नहीं किया गया होता, तो आज ईरान के पास न्यूक्लियर हथियार होते। उन्होंने एक नए और मजबूत समझौते की भी जरूरत बताई। ताकि ईरान की मिलिट्री क्षमताओं पर पूरा कंट्रोल पाया जा सके।

बातचीत के साथ मिलिट्री एक्शन भी जारी

ट्रंप ने साफ किया कि यूएस अभी ईरान से सीधे और अपने दूतों के ज़रिए बातचीत कर रहा है। हालांकि, जब यह बातचीत चल रही है, तो मिलिट्री एक्शन भी जारी है। ट्रंप ने कहा हमने आज ईरान के कई ज़रूरी टारगेट को तबाह कर दिया है। उनकी नेवी और एयरफोर्स अब लगभग पूरी तरह से तबाह हो चुकी है। हम ईरान से बात कर रहे हैं और ज़रूरत के हिसाब से स्ट्राइक कर रहे हैं।

अमेरिकी सेना ने ईरान के कई ठिकानों को किया तबाह: ट्रंप

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को दावा किया कि अमेरिकी सेना ने ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को 'पूरी तरह से नष्ट' कर दिया है। श्री ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा, ÷ईरान में बड़ा दिन। हमारी महान सेना ने कई लंबे समय से वांछित लक्ष्यों को नष्ट कर दिया है।'' हालांकि, उन्होंने न तो विस्तार से जानकारी दी और न ही लक्ष्यों की पहचान की। एक संबंधित घटनाक्रम में, लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) ने सोमवार को घोषणा की कि 29-30 मार्च की रात को अदचित अल कुसैर में एक गोला फटने से संयुक्त राष्ट्र का एक शांति रक्षक मारा गया और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यूएनआईएफआईएल ने शांति रक्षक की राष्ट्रीयता का उल्लेख नहीं किया।

इसने यह भी नहीं बताया कि गोला किसने दागा था। एजेंसी ने कहा, ''हमें गोले के स्रोत का पता नहीं है। हमने सभी परिस्थितियों का निर्धारण करने के लिए जांच शुरू कर दी है।''

यूएनआईएफआईएल ने सभी पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों को बनाए रखने और शांति रक्षकों को खतरे में डालने वाली कार्रवाइयों से बचते हुए हर समय संयुक्त राष्ट्र कर्मियों और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। यूएनआईएफआईएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शांति रक्षकों पर जानबूझकर किए गए हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून और सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1701 का गंभीर उल्लंघन हैं। यह युद्ध अपराध के समान हो सकते हैं। एजेंसी ने कहा कि इस संघर्ष में दोनों पक्षों के बहुत से लोगों की जान गई है। उन्होंने कहा कि संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है। हिंसा समाप्त होनी चाहिए।

अक्षय कुमार-सैफ अली खान की 'हैवान' पर आई बड़ी अपडेट

मुंबई। अक्षय कुमार इन दिनों प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। लेकिन फैंस को प्रियदर्शन के साथ उनकी एक और फिल्म 'हैवान' का भी बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में 18 साल बाद अक्षय कुमार के साथ सैफ अली खान भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। हालांकि, अभी तक फिल्म की रिलीज डेट और कहानी के बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। लेकिन अब फिल्म के लेखक रोहन शंकर ने 'हैवान' की कहानी के बारे में एक बड़ी अपडेट साझा की है। टाइम्स नाउ के साथ हालिया बातचीत में 'हैवान' के लेखक रोहन शंकर ने बताया कि 'हैवान' की कहानी मलयालम स्टार मोहनलाल की एक फिल्म पर आधारित है। रोहन ने बताया कि 'हैवान' प्रियदर्शन द्वारा निर्देशित मोहनलाल स्टारर 'ओप्पम' पर आधारित है। 'ओप्पम' एक बड़ी सुपरहिट थ्रिलर फिल्म है। यह 10 से 12 साल पहले बनी थी। दृश्यम के बाद, यह मलयालम में आई। यह एक बहुत बड़ी हिट और एक बेहतरीन थ्रिलर है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय फोन नम्बर 07857-280261 | ईमेल - cmobch@rediffmail.com
क्रमांक/ 3209/तक. शा./न.पा.प/2025-26 | बड़े बचेली, दिनांक - 30/03/2026

//ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //
Main Portal:(https://eproc.cgstate.gov.in)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत D श्रेणी अथवा प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है -

क्र.	ई-टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	टेंडर डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	188147	Construction of RCC drain, CC road, pipeline, Cement concrete work under **Zonal work for 2026-27** all ward all Founds (समस्त मद)	20.00	21.04.2026

उपरोक्तानुसार निर्माण कार्य निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट के मेन पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी निविदा वेबसाईट पर देखी जा सकती है ।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् बड़े बचेली
जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.............अ/20 (1)
वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरप्रीत सिंह सलूजा पिता सुरेन्द्र सिंह सलूजा निवासी सदर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल शीट क्रमांक 17-बी, प्लाट नंबर 56/1 क्षेत्रफल 72.89 वर्ग मीटर (814 वर्ग फुट) निर्धारण 9.50 रूपये जो कि नजूल अभिलेख में हरप्रीत सिंह, रविंदर कौर, तविन्दर कौर, गुरप्रीत कौर पिता सुरेन्द्र सिंह जसवीर कौर पति सुरेन्द्र सिंह के संयुक्त नाम पर दर्ज है। उक्त पट्टे की लीज/अवधि वर्ष 2011 को समाप्त होने का उल्लेख करते हुए पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु अपने आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मेंटनेंस खसरा की छाया प्रति संलग्न किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी को आपत्ति/ दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 22/04/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
भाटापारा

न्यायालय नजूल अधिकारी, भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.............अ/20 (1)
वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरप्रीत सिंह सलूजा पिता सुरेन्द्र सिंह सलूजा निवासी सदर वार्ड, भाटापारा तहसील भाटापारा ने नगर भाटापारा स्थित नजूल शीट क्रमांक 17-बी, प्लाट नंबर 55/2 क्षेत्रफल 31 वर्ग मीटर (333.65 वर्ग फुट) निर्धारण 5.25 रूपये जो कि नजूल अभिलेख में हरप्रीत सिंह, रविंदर कौर, तविन्दर कौर, गुरप्रीत कौर पिता सुरेन्द्र सिंह जसवीर कौर पति सुरेन्द्र सिंह के संयुक्त नाम पर दर्ज है। उक्त पट्टे की लीज/अवधि वर्ष 2011 को समाप्त होने का उल्लेख करते हुए पट्टा नवीनीकरण किये जाने हेतु अपने आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, मेंटनेंस खसरा की छाया प्रति संलग्न किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी को आपत्ति/ दावा करना हो तो अपना आपत्ति दावा प्रकरण सुनवाई हेतु नियत दिनांक 22/04/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। उक्त दिनांक पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर वो न्यायालय के पद मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

नजूल अधिकारी
भाटापारा

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
Zone- 03
Email:- rmczone3@gmail.com

e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO: 84/ZONE-3/2025-26 | **RAIPUR DATED: 30.03.2026**

Online bids are invited for the following works up to 20.04.2026 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract
01	188157	नेताजी सुभाषचन्द्र बोस वार्ड क्र. 31 जोन क्र. 03 खम्हारडीह थाने के पीछे भवन में (मौसी घर में) अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य। (विधायक निधि)	24.00 Lacs
02	188160	गुरु घासीदास वार्ड 48 सीमा नगर स्थित आंगनबाड़ी से उत्कल भवन तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि)	10.00 Lacs
03	188171	मदर टेरेसा वार्ड क्र. 47 जोन क्र. 03 अंतर्गत लंगर हॉल से यादव पारा होते हुए कृष्णा मंदिर तक सड़क कांक्रीटी करण एवं नाली निर्माण कार्य। (विधायक निधि)	10.00 Lacs

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 30.03.2026, 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE: - 1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन)को देवें।

ZONE COMMISSIONER
ZONE-03
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR

e-procurement Tender notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(1st Call)

NIT NO/453-/EE/FILTER PLANT/2026 | **RAIPUR DATED: 27/03/2026**

Online bids are invited for the following works up to **18/04/2026 at 17:30 hours.**

Sr. No.	System Tender No.	Name of work/Description of work	Probable amount of contract (In Rs)
1	J88079	Providing & fixing of 500 & 600 mm dia Sluice Valve at OHT under Filter Plant Raipur. (PHE SOR 01-06-20 & Amendment 07/2022-23)	28,57,588.00

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e- Procurement Portal **https://eproc.cgstate.gov.in** from **27/03/2026 17.30** Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

EXECUTIVE ENGINEER
FILTER PLANT
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR

बारनवापारा अभयारण्य में काले हिरणों का वैज्ञानिक पद्धति से पुनर्स्थापन

■ दो चरणों में 34 हिरणों को प्राकृतिक आवास में छोड़ा गया सुरक्षित

रायपुर/नवप्रदेश। बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में काले हिरणों को प्राकृतिक आवास में स्वच्छन्द विचरण हेतु छोड़ा गया। अभयारण्य स्थित ब्लैकबक कंजर्वेशन सेंटर से कुल 34 काले हिरणों को वैज्ञानिक पद्धति से दो चरणों में सफ्लतापूर्वक उनके प्राकृतिक आवास में मुक्त किया गया। इस वर्ष 60 ब्लैकबक पुनर्स्थापना का लक्ष्य है।

ब्लैकबक स्थानांतरण प्रक्रिया पूरी तरह से वैज्ञानिक तकनीकों का पालन करते हुए निष्पादित किया गया, जिससे बिना किसी व्यवधान के ही हिरणों को वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। छोड़े गए हिरण रामपुर ग्रासलैंड में निवासरत काले हिरणों से जाकर मिल गए। अधिकारियों ने बताया कि काले हिरणों के इस नए समूह से क्षेत्र के पारिस्थितिकी तंत्र में सकारात्मक बदलाव आएगा और वन विभाग आने वाले दिनों में इनकी निरंतर निगरानी करेगा। काले हिरण जो एक समय छत्तीसगढ़ की धरती से विलुप्त हो गए थे, इस पुनर्स्थापन के प्रयास से अब अपने प्राकृतिक आवास में कुलांचे भरेंगे। उल्लेखनीय है कि बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य में काले हिरणों का संरक्षण प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण पांडे के मार्गदर्शन, मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी सतोविशा समझदार के कुशल नेतृत्व में तथा वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर के द्वारा सक्रिय प्रयास किया जा रहा है।

इस महत्वपूर्ण संरक्षण अभियान के दौरान अधीक्षक बारनवापारा कृषाणु चंद्राकर, परिक्षेत्र अधिकारी सुश्री कविता ठाकुर, श्री सूर्यप्रकाश जाधव, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी गीतेश बंजारे, फील्ड बायोलॉजिस्ट ,सौरव मेहरा, पशु चिकित्सक जयकिशोर जड़िया सहित बारनवापारा अभयारण्य के समस्त स्टाफ मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

टीआरटीआई कर्मचारियों को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, (टीआरटीआई) के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नवा रायपुर, अटल नगर, सेक्टर-24 परिसर में स्थापित ''शहीद वीर नारायण सिंह स्मारक सह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय'' एवं '' जनजातीय संग्रहालय'' के रख-रखाव हेतु आपदा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्थान की संचालक श्रीमती हिना अमिनेष नेताम सहित संस्थान के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण होमगार्ड, सिविल डिफेंस, फायर एंड इमरजेंसी सर्विस एसडीआरएफके सौजन्य से आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में एसडीआरएफ की दक्ष टीम द्वारा ''आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया'' विषय पर सारगर्भित तकनीकी और अनुभविक जानकारी श्री पुष्पराज सिंह जी के नेतृत्व में श्री दीपक कौशिक एवं श्री राकेश भोयर, सहायक उपनिरीक्षक के द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण पश्चात् आपदा प्रबंधन के व्यवहारिक एवं प्रायोगिक पक्ष का प्रदर्शन संस्थान के खुले परिसर में किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार की आग आदि जैसी आपदा से तत्कालिक बचाव प्रतिक्रिया से समस्त अमलों और संग्रहालय भ्रमण हेतु आये आगंतुको एवं विद्यार्थियों द्वारा भी हैण्ड्स ऑन प्रेक्टिस की गई। संस्थान की संचालक हिना अनिमेष नेताम द्वारा बताया गया कि, यह प्रशिक्षण सभी के लिये लाभदायक रहा है जो कार्यस्थल और पारिवारिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण रहा है। साथ ही आने वाले समय में ऐसे और भी प्रशिक्षण विशेषकर आपातकालीन स्वास्थ विषयों पर भी किये जाने है।

5 राज्यों में चुनाव कराने गए छत्तीसगढ़ के कई आईएएस

रायपुर/नवप्रदेश। भारत देश के 5 राज्यों में होने वाले आम चुनावों के लिए छत्तीसगढ़ से 30 से अधिक आईएएस अधिकारियों को चुनाव कराने के लिए बतौर परिवेक्षक बनाया गया है। जिसके कारण यहां आवश्यक काम-काज प्रभावित हो रहा है। ज्ञात रहे छत्तीसगढ़ में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बंगाल, असम, तमिलनाडू, केरल और पांडुचेरी में चुनाव कराए जाने की घोषणा की गई है, लेकिन यहां पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की अनुशंसा पर इन्हें नई दिल्ली में ट्रेनिंग के लिए भेजा जाताहै, इसके पश्चात इन्हें इन राज्यों में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए बतौर परिवक्षेक के रूप में तैनात किया जाता है। सीईओ कार्यालय के अनुसार जिन राज्यों में पहले चरण में चुनाव होने हैं, वहा पर अधिकारियों को भौगोलिक स्थिति की जानकारी लेना होता है, इसके पश्चात वे जाते हैं। लेकिन नामांकन पत्र भरने और नामांकन पत्र की छटाई की जांच एवं निष्पक्ष चुनाव कराने सहित अन्य मुद्दों को लेकर वे सभी की बारीकी से जानकारी देते हैं। आयोग के अनुसार इस समय आईएएस अधिकारी-आईपीएस एवं आईआरएस को अलग-अलग परिवेक्षक के रूप में नियुक्त किया जाता है। छत्तीसगढ़ में विभिन्न विभागों के आईएएस अधिकारियों के चले जाने के पश्चात यहां पर आवश्यक काम-काज प्रभावित हो रहा है। बजट सत्र के बाद यहां कार्यों का आबंटन वित्तीय आहरण हुआ है, लेकिन यहां पर अब सभी काम लंबित पड़े हुए हैं। इधर अधिकारियों का कहना है कि विभिन्न राज्यों में चुनाव कराने गए आईएएस अधिकारियों के रायपुर में न रहने के बावजूद सरकार को लिंक अफसर बनाने की आवश्यकता नहीं है। सभी फाइल क्लियर हो रही है। चीफ सेक्रेटरी को इसकी रिपोर्ट लेना चाहिए। जितने अधिकारी बाहर हैं और ई ऑफिस में कितना काम हो रहो है, इसकी वस्तु स्थित की जानकारी मिलेगी।

वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए सख्ती, वन क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक

रायपुर/नवप्रदेश। वन क्षेत्रों और वन्यजीव अभयारण्यों में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर रोक लगाने के लिए वन विभाग ने सख्ती बढ़ा दी है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में आवारा कुत्तों द्वारा हिरणों को मार डालने की घटना के बाद यह कदम उठाया गया है। छत्तीसगढ़ में वन्यप्राणियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने वन क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के प्रवेश पर सख्ती बढ़ा दी है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) श्री अरुण कुमार पाण्डेय ने इस संबंध में सभी क्षेत्रीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि यह निर्णय सरगुजा वनमंडल के अंबिकापुर स्थित संजय वाटिका में 20-21 मार्च की रात हुई घटना के बाद लिया गया है, जिसमें आवारा कुत्तों ने बाड़े में घुसकर 15 शाकाहारी वन्यप्राणियों को मार दिया था। इस घटना की जांच के लिए पहले ही उच्च स्तरीय समिति गठित की जा चुकी है।

200 से अधिक बकायेदारों पर राजस्व वसूलने कड़ी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री विश्वदीप के सख्त निर्देश के बाद नगर निगम रायपुर के सभी जोन कमिश्नर वार्डो में फील्ड में अभियंताओं और राजस्व टीमों को लेकर उतरे और नगर निगम रायपुर के लिए अधिकाधिक राजस्व बकाया वसूलने अभियान सुबह से रात्रि तक निरन्तर चलाया। नगर निगम राजस्व विभाग द्वारा निरन्तर बकायादारों से बकाया राशि अदा करने अपील की जा रही है और अंतिम नोटिस के बाद भी वर्षो से बकाया राशि अदा नहीं करने वाले बकायादारों पर कार्रवाई की गयी है. आज दिन भर में कुछ जोन कमिश्नरों की अगुवाई में 200 से भी अधिक बकायेदारों पर बकाया वसूलने जबरदस्त अभियान दिन भर निरन्तर जोन के कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, जोन सहायक राजस्व अधिकारी, उपअभियंता, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक की टीम को लेकर चलाया। आज नगर निगम जोन 10 राजस्व विभाग ने दिन भर में 71 बकायेदारों पर कार्रवाई की. बकाया निगम को अदा नहीं करने पर 48 बकायेदारों के संस्थानों में तत्काल सीलिंग की कड़ी कार्रवाई की गयी. 18 बकायेदारों ने तत्काल सम्पूर्ण बकाया अदा कर दिया. अन्य 5 बकायेदारों ने पार्ट पेमेंट करते हुए 24 घण्टे का समय माँगा।

महापौर चौबे ने राजधानी को आधुनिक स्वच्छ और सुरक्षित बनाने किया वायदा

■ वर्ष 2026-27 का बजट पेश किया गया सामान्य सभा में

■ सीएसईबी चौक से पचपेड़ी नाका तक 15 करोड़ रुपये से बनेगा गौरव पथ

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम की निर्वाचित महापौर मिलन चौबे ने आज वर्ष 2026-27 का बजट सामान्य सभा की बैठक में पेश किया। कुल 1800 करोड़ के बजट में सर्वांगीण विकास के अलावा अधोसंरचना, महिला सशक्तीकरण एवं युवाओं के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। नगर निगम की महापौर ने आज सामान्य सभा की बैठक में अपने बजट भाषण में कहा कि सेंट्रल लाइब्रेरी और रीडिंग जोन में युवाओं को हाईटेक अध्ययन सुविधाएं देने के लिए दलदल सिवनी में 500 सीटर सेंट्रल लाइब्रेरी का कार्य 25 दिसंबर 2025 से शुरू हो चुका है ।

सीएसईबी से पचपेड़ी नाका तक 15 करोड़ रु. से बनेगा गौरव पथ

महापौर ने अपने बजट भाषण में कहा कि राजधानी में बढ़ते यातयात को देखते हुए सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। गौरव पथ के चौड़ीकरण और सीएसईबी चौक से पचपेड़ी नाका तक सड़क निर्माण के लिए 15 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। टाटीबंध से आर.डी. तिवारी स्कूल तक सड़क चौड़ीकरण हेतु 18 करोड़ रुपये और आमापारा चौक से हिंदी स्पोर्ट्स मैदान तक के लिए 5 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसी प्रकार पंडरी कपड़ा बाजार से मुख्य मार्ग तक सीधी सड़क निर्माण हेतु 4 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। टेक्नो टॉवरः तेलीबांधा चौक के पास 'टेक्नो टॉवर' के निर्माण के लिए कार्यादेश जारी कर दिए गए हैं।

इसके साथ ही, साइंस कॉलेज के पास 22.79 करोड़ रुपये की लागत से 1000 सीटर लाइब्रेरी का निर्माण भी प्रगति पर है। युवाओं के लिए 'यूथ हॉस्टल' की सुविधा विकसित की जा रही है । साथ ही, बच्चों और युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए 7 अलग-अलग जोन में बॉक्स क्रिकेट तैयार किया गया है। महापौर ने कहा कि शिक्षकों को रोजगार देने के लिए निगम की महत्वांकाक्षी योजना बनाई गई है, जिसके अंतर्गत जॉब हेल्प डेस्क बनाया गया है। जिला प्रशासन और कॉलेजों के समन्वय से 'जॉब हेल्प डेस्क' और कौशल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। महापौर ने बजट भाषा में कहा कि आगमी कर्मी के दिनों में राजधानी में पेयजल संकट गहरा जाता है तथा नल की धान पतली हो जाती है, जिसे देखते हुए जलबोर्ड का गठन किया गया है। नई पाईपालईन बिछाना, बोर करना तथा टैंकर से पानी उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होगी। पेयजल समस्याओं के समाधान और पाइपलाइनों के डिजिटलीकरण के लिए 16 जनवरी 2026 को 'जल बोर्ड' का गठन किया गया है। वर्तमान में 70 प्रतिशत नेटवर्क का डेटा डिजिटल हो चुका है।

तीरंदाज कोमालिका बारी खेलो इंडिया में दमदार प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त

■ कोमालिका विश्व कैडेट और विश्व जूनियर खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज हैं

रायपुर/नवप्रदेश। साल 2021 में जब कोमालिका बारी ने अपनी राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया, तब जमशेदपुर की इस खिलाड़ी से काफी सारी उम्मीदें जुड़ गई थीं। हालांकि, जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में उनका सफर उतना आसान नहीं रहा। कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट्स के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अभी तक वह पूरी तरह अपनी जगह पक्की नहीं कर पाई हैं। अब 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, ऐसे में कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। पुणे में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में वह अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं। कोमालिका ने साई मीडिया को कहा कि, ÷मैं फिलहाल टॉप-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही, मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं, जबकि अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां जारी पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में तीरंदाजी प्रतियोगिता की प्रमुख आकर्षण हैं।

एनएसयूआई ने कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव कराने प्राचार्यों को सौंपा ज्ञापन

■ एनएसयूआई ने राज्यपाल से भी चुनाव कराने की मांग की

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने आज राजधानी सहित प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालय के प्राचार्यों को ज्ञापन देकर तत्काल छात्र संघ चुनाव कराने की मांग की है। एनएसयूआई के अध्यक्ष पांडेय ने बताया कि प्रदेश में पिछले कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं हुआ है जिसके कारण छात्र राजनीति को पहचान नहीं मिल पा रही है।

उन्होनें कहा कि छात्र राजनीति से निकलकर ही छात्र नेता विभिन्न दलों में काम करते है। इसलिए छात्रों में मुकर राजनेता पैदा करने के लिए छात्र संघ चुनाव कराना जरूरी है। पांडेय ने बताया कि इस संबंध में राज्यपाल और मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा जा चुका है।

एनएसयूआई के अध्यक्ष ने बताया कि ज्ञापन में छात्र संघ चुनाव के अलावा शिक्षा में पारदर्शिता प्रवेश की समस्या एवं छात्रों के हित में अनेक कदम उठाने को लेकर मांग की गई है।उन्होने कहा कि इस संबंध में प्राचार्यों उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। आज एनएसयूआई के प्रदर्शन को देखते हुए लक्ष्मीनारायण महंत कालेज सहित अन्य कालेज में पुलिस बल तैनात किया गया था। इसके अलावा पूरे प्रदेश में अलग अलग जिलों में एनएसयूआई ने छात्र संघ चुनाव कराने की मांग की है। एनएसयूआई के प्रमुख के अनुसार महाविद्यालय चुनाव होने के बाद ही विवि स्तर के चुनाव होंगे। यह चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से की गई है। ज्ञात रहे वर्तमान में आरक्षण प्रथा लागू की गई है जिसमें कुल प्राप्तांक के आधार पर चुनाव होते है। जिसके कारण छात्र राजनीति में धार नहीं आ पाती है।

बदलेगा मौसम का मिजाज, आंधी और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने की संभावना

■ कुछ इलाकों में वज्रपात की भी आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सोमवार को आंधी और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार, एक साथ सक्रिय कई सिस्टम, पश्चिमी विक्षोभ, चक्रवाती परिसंचरण और द्रोणिकाओं के प्रभाव से प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा या गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते हैं। वहीं कुछ इलाकों में आंधी चलने और वज्रपात की भी आशंका जताई गई है। दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी बनी रहेगी। मौसम में अस्थिरता के कारण लोगों को गर्मी के साथ-साथ तेज हवा का भी सामना करना पड़ सकता है। राजधानी में भी आंशिक बादल छाने और शाम को हल्की वर्षा की संभावना है।

तेज हवा और वज्रपात का अलर्ट

प्रदेश में एक-दो स्थानों पर 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है। साथ ही गरज-चमक और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक, खुले स्थानों और खेतों में काम कर रहे लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है।

उत्तर ईरान के ऊपर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ, उत्तर-पश्चिम राजस्थान और मध्य प्रदेश तक फैली द्रोणिका सहित अन्य सिस्टम एक साथ प्रभावी हैं। यही वजह है कि प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है और बादल बनने की प्रक्रिया तेज हुई है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि के संकेत हैं, लेकिन इसमें कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। आने वाले तीन दिनों तक तापमान लगभग स्थिर रहने की संभावना है। इसके बाद दो-तीन डिग्री तक गिरावट आ सकती है।

प्रेस क्लब में 'खेल मड़ई' के तहत इनडोर गेम्स का भव्य आगाज

■ प्रेस क्लब में जली डिजिटल मशाल, स्वर्गीय रमेश नैयर स्मृति कैरम प्रतियोगिता की शुरुआत

रायपुर/नवप्रदेश। प्रेस क्लब द्वारा आयोजित खेल मड़ई 2026 के अंतर्गत इनडोर गेम प्रतियोगिताओं का आज गरिमामय वातावरण में विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

खेल मड़ाई के अंतर्गत आयोजित सभी प्रतियोगिताएं दिवंगत वरिष्ठ पत्रकारों की स्मृति को समर्पित हैं। इसके तहत स्वर्गीय रमेश नैयर स्मृति कैरम प्रतियोगिता, स्वर्गीय सत्येंद्र गुमाश्ता स्मृति टेबल टेनिस प्रतियोगिता, स्वर्गीय योगेश यदु स्मृति शतरंज प्रतियोगिता एवं स्वर्गीय देवेंद्र कर स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ नीति आयोग के उपाध्यक्ष जी.एस. मिश्रा, सूचना आयोग के आयुक्त शिरीष मिश्रा एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार कृष्णा दास की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने "खेल मड़ाई 2026" के शुभंकर का अनावरण किया तथा डिजिटल मशाल प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिताओं का विधिवत आगाज़ किया। इस अवसर पर अतिथियों ने रायपुर प्रेस क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पत्रकारों के बीच आपसी समन्वय, स्वास्थ्य जागरूकता और खेल भावना को बढ़ावा देते हैं।

भाजपा स्थापना दिवसः साय सरकार का 'गांव चलो अभियान' 6 अप्रैल से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उनके मंत्री भाजपा के स्थापना दिवस के दिन 6 अप्रैल से 'गांव चलो अभियान' शुरू होगा, जो 14 अप्रैल तक चलेगा। 'गांव चलो अभियान' के तहत ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करेंगे। अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को बढ़ावा देना, लोगों की समस्याओं को सुनना और उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना है। अभियान उद्देश्य ग्रामीण-शहरी अंतर को कम करना और ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार करना। मुख्यमंत्री और मंत्री जमीनी स्तर पर फीडबैक लेने के लिए गांवों में समय बिताएंगे। ग्रामीण विकास, कृषि और स्थानीय समस्याओं के त्वरित समाधान पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के भाजपा विधायक भी अपने-अपने क्षेत्र का दौरा कर सरकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

सख्तीः रायपुर यातायात पुलिस का अभियान, नशे में वाहन चलाने के अब तक 1,580 मामले

एक ही रात में 159 नशेड़ी वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और जन-जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रायपुर कमिश्नरेट यातायात पुलिस ने 29 मार्च की देर रात विशेष सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान महज 3 से 4 घंटे में 159 वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पकड़े गए, जो एक ही अभियान में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

यह अभियान पुलिस आयुक्त डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देशन एवं पुलिस उपायुक्त (यातायात एवं प्रोटोकॉल) विकास कुमार के मार्गदर्शन में शहर के 8 अलग-अलग स्थानों पर एक साथ चलाया गया। सभी यातायात थाना प्रभारियों ने अपनी टीम के साथ मिलकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक नशे में वाहन चलाने के कुल 1,580 मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है, जो वर्ष 2025 के पूरे साल के आंकड़े 1,537 से भी अधिक है। यह लगातार सख्ती सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि लोगों को जागरूक करना और दुर्घटनाओं को रोकना है। अधिकारियों ने कहा कि नशे में वाहन चलाना न केवल चालक, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता है।

सड़क सुरक्षा को लेकर यातायात पुलिस की अपील

- यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और जिम्मेदार नागरिक बनें।
- शराब या नशीले पदार्थ का सेवन करने के बाद वाहन न चलाएं
- जरूरत पड़ने पर कैब, ऑटो या परिचित की मदद लें
- दोपहिया पर हेलमेट और चारपहिया में सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाएं
- तेज गति और लापरवाही से बचें
- रात के समय विशेष सावधानी बरतें

सर्वम सोसाइटी में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन 1-2 अप्रैल को

रायपुर/नवप्रदेश।रविवार को रात आठ बजे आयोजित बैठक में सर्वम सोसाइटी में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन धूमधाम से करने का निर्णय लिया गया है। सोसाइटी के संरक्षक शैलेष सेठिया एवं संयोजक ललित तिवारी ने बताया कि यह सोसाइटी का पहला आयोजन है।

एक एवं दो अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर अखंड सुंदरकांड का पाठ एक अप्रैल को शाम चार बजे से प्रारंभ होगा। इसी दिन शाम चार बजे श्रद्धालुओं के लिए महाभंडारे का आयोजन किया गया है। दो अप्रैल को अखंड पाठ की समाप्ति पर कालोनी निवासियों के लिए भोज का आयोजन रात नौ बजे किया गया है।

अहिंसा परमो धर्मः

भगवान महावीर जयंती

भगवान महावीर जयंती जैन धर्म का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह दिन भगवान महावीर स्वामी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनका जन्म कुंडलपुर में हुआ था। उनका बचपन का नाम वर्धमान था। उन्होंने 30 वर्ष की आयु में राजसी जीवन छोड़कर संन्यास ग्रहण किया और कठोर तपस्या के बाद ज्ञान प्राप्त किया। भगवान महावीर ने अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य का उपदेश दिया। उनके विचार आज भी लोगों को सही मार्ग दिखाते हैं। इस दिन जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना की जाती है और भगवान महावीर की शोभायात्रा निकाली जाती है। लोग दान-पुण्य करते हैं और जरूरतमंदों की सहायता करते हैं। महावीर जयंती हमें सच्चाई, शांति और प्रेम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

कौन थे महावीर स्वामी?

- महावीर स्वामी जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे।
- उनका जन्म 599 ईसा पूर्व में कुंडलपुर में हुआ था।
- उन्होंने अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह और आत्मसंयम का संदेश दिया।

महावीर की प्रेरणा हमें सिखाती है

- अहिंसा (Non-violence) - किसी भी जीव को हानि न पहुँचाना
- सत्य (Truth) – हमेशा सच बोलना
- अपरिग्रह (Non-attachment) – जरूरत से ज्यादा संग्रह न करना
- संयम (Self-discipline) – इंद्रियों पर नियंत्रण रखना

जैन मंदिरों में विशेष पूजा और अभिषेक होते हैं, भगवान महावीर की शोभायात्रा (रथ यात्रा) निकाली जाती है

अहिंसा की पुकार

त्याग की मूरत, करुणा की धारा,
सिद्धार्थ का लाल, जग का उजियारा।
छोड़ राजपाट जिसने पाया ज्ञान,
वही है जग में महावीर महान।

अहिंसा परमो धर्म का मंत्र दिया,
प्राणी मात्र के प्रति प्रेम जिया।
सत्य की शक्ति और संयम का पथ,
शांति की ओर मोड़ा जीवन का रथ।

ना कोई ऊँचा, ना कोई छोटा यहाँ,
सबके लिए समता का फैलाया जहाँ।
'जियो और जीने दो' का दिया संदेश,
मिट जाए जग से कलह और क्लेश।

क्षमा की शीतल छाँव बाँटते,
अज्ञानता का घोर अंधेरा छाँटते।
वर्द्धमान के चरणों में शीश झुकाएँ,
चलो आज हम भी महावीर बन जाएँ।

णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं,
णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्व साहूणं।।









न्यूज गैलरी

रायपुर में सम्पतिकर जमा करने उमड़े लोग, आधे दिन में 5.57 करोड़ की वसूली

रायपुर/नवप्रदश। रायपुर नगर निगम में सम्पतिकर जमा करने के लिए मंगलवार को बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे। सुबह से दोपहर तक 6905 सम्पतिकरदाताओं ने कुल 5 करोड़ 57 लाख 70 हजार 441 रुपये का राजस्व निगम को जमा किया। सभी 10 जोनों के राजस्व विभागों में दिनभर लोगों की भीड़ देखी गई और कर अदायगी का सिलसिला लगातार जारी रहा। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर राजस्व वसूली अभियान तेज कर दिया गया है। 31 मार्च 2026 को सम्पतिकर जमा करने की अंतिम तिथि तय की गई है। इसके बाद 1 अप्रैल से बकायेदारों से 17 प्रतिशत अधिभार के साथ कर वसूला जाएगा। निगम की टीमों ने कर वसूली के साथ-साथ सख्त कार्रवाई भी जारी रखी है। बकाया नहीं चुकाने वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को सीलबंद किया जा रहा है, जबकि आवासीय मकानों में नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी लगातार की जा रही है। सभी जोनों में जोन कमिश्नरों के नेतृत्व में राजस्व अमला, अभियंता और कर्मचारी दिनभर फील्ड में सक्रिय रहे। निगम प्रशासन ने नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च को महावीर जयंती के शासकीय अवकाश के बावजूद सभी 10 जोनों के राजस्व कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की तरह खुले रखने का निर्णय लिया है, ताकि अधिक से अधिक लोग अंतिम तिथि तक अपना सम्पतिकर जमा कर सकें। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय रहते अपना बकाया कर जमा करें, ताकि अतिरिक्त अधिभार और कार्रवाई से बचा जा सके।

महावीर जयंती पर रायपुर में मांस-मटन बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित

रायपुर/नवप्रदश। महावीर जयंती के अवसर पर 31 मार्च 2026 को रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में मांस और मटन की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इस संबंध में नगर निगम प्रशासन ने सख्त आदेश जारी किए हैं। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर यह फैसला लिया गया है। आदेश के तहत शहर के सभी पशुवध गृह (स्लॉटर हाउस) और मांस-मटन की दुकानें पूरे दिन बंद रहेंगी। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने इस संबंध में आधिकारिक निर्देश जारी करते हुए सभी संबंधित दुकानों को बंद रखने को कहा है। यह आदेश नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशों के पालन में लागू किया जा रहा है। सख्त निगरानी और कार्रवाई के निर्देश निगम के जोन स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार निगरानी करेंगे, ताकि प्रतिबंध का पूरी तरह पालन सुनिश्चित हो सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी होटल या दुकान में मांस-मटन की बिक्री करते पाए गए, तो तत्काल जप्ती की कार्रवाई की जाएगी और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे धार्मिक भावना और नियमों का सम्मान करते हुए आदेश का पालन करें।

महावीर जयंती पर जनप्रतिनिधियों ने दी शुभकामनाएं, स्वच्छ सर्वेक्षण में सहभागिता की अपील

रायपुर/नवप्रदेश। महावीर जयंती के पावन अवसर (31 मार्च 2026) पर रायपुर नगर निगम के जनप्रतिनिधियों ने शहरवासियों को अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी और स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर सहित एमआईसी सदस्यों, जोन अध्यक्षों और पार्षदों ने जैन धर्मावलंबियों समेत सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और शांति की कामना की है। जनप्रतिनिधियों ने भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा के संदेश को सर्वकालिक और लोककल्याणकारी बताते हुए कहा कि यह समाज को सकारात्मक दिशा देता है और आपसी सद्भाव को मजबूत करता है। इस अवसर पर नगर निगम ने नागरिकों से एक महत्वपूर्ण अपील भी की है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत राष्ट्रीय स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में रायपुर को देश का नंबर-1 स्वच्छ शहर बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों से स्वच्छता ऐप पर फीडबैक देने का आग्रह किया गया है। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शहर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है। सभी से अपील की गई है कि वे स्वच्छता के प्रति जागरूक रहते हुए अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें, ताकि रायपुर को देश में शीर्ष स्थान दिलाया जा सके।

दुकान का शटर उठाकर चोरी करने वाला गिरफ्तार, 50 हजार का सामान बरामद

रायपुर/नवप्रदश। राजधानी के डीडी नगर थाना क्षेत्र में दुकान का शटर उठाकर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से करीब 50 हजार रुपये कीमत के तार के 6 बंडल बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी

भुमराज वैरागड़े ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी कंस्ट्रक्शन सामग्री की दुकान महादेव घाट मेन रोड, रायपुरा में स्थित है। 24 मार्च 2026 की शाम दुकान बंद कर जाने के बाद अगले दिन सुबह लौटने पर शटर उठा हुआ मिला और अंदर रखे वायर के बंडल गायब थे। अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना डीडी नगर में अपराध क्रमांक 197/26 के तहत धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस में मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच में एंटी क्राइम एवं साइबर यूनिट और डीडी नगर पुलिस की संयुक्त टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और मुखबिरों को सक्रिय किया गया। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपी मन्नू राम साहू को चिन्हित कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात कबूल कर ली। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी गए 6 बंडल तार बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

दैनिक नवप्रदेश की सह संपादक शाहिन कुरैशी हुई राज्यपाल के हाथों सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। ईडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन से संबद्ध छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रादेशिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में दैनिक नवप्रदेश की सह संपादक शाहिन कुरैशी का छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की अन्य महिला पत्रकारों के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का भी सम्मान हुआ। इस अवसर पर अपने सारगर्भित

उदबोधन में राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि पत्रकारिता एक व्यवसाय ही नहीं बल्कि साधना है और यह समाज का दर्पण है जो सत्ता और जनता के बीच सेतू का काम करता है।

इस दुनिया में अच्छी और बुरी दोनों बातें होती हैं बुरी बातों और व्यवस्था के खिलाफ उठने वाली बातों को सामने लाना ही चाहिए लेकिन दुनिया में बहुत सी अच्छी बातें भी होती हैं उसके बारे में भी ज्यादा से ज्यादा बताया जाना चाहिए। तभी समाज में सकारात्मकता बढ़ेगी। राज्यपाल रमन डेका ने लीक से अलग हटकर संभवतः पहली बार पत्रकारों के बीच अपने दिल की बात खुलकर कही जो वहां उपस्थित पत्रकारों के सीधे दिल में उतर गई। उन्होंने पत्रकारिता में आये बदलाव की भी चर्चा की।

हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर दिशा और दशा पर प्रकाश डाला

इस कार्यक्रम को भारतीय जनसंचार संस्थान नई दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ.संजय द्विवेदी ने भी संबोधित किया और हिन्दी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर हिन्दी पत्रकारिता की दिशा और दशा पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम को वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विख्यात महिला कवियत्री शुचि भवि ने किया। अंत में छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर दुबे ने आभार व्यक्त किया। इस पत्रकार सम्मेलन और सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के कोने कोने से बड़ी संख्या में पत्रकार और साहित्यकार शामिल हुए थे। दैनिक नवप्रदेश की सह संपादक शाहिन कुरैशी को राज्यपाल के हाथों सम्मान मिलने पर दैनिक नवप्रदेश के प्रधान संपादक यशवंत धोटे एवं संस्थापक संपादक अशोक श्रीवास्तव सहित दैनिक नवप्रदेश परिवार के सदस्यों ने बधाई दी।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस अकादमी में 859 प्रशिक्षुओं का दीक्षांत

आधुनिक तकनीक के साथ संवेदनशीलता ही नई पुलिसिंग की पहचान: सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज चंदखुरी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी में आयोजित उप निरीक्षक संवर्ग के दीक्षांत (पासिंग आउट परेड) समारोह में शामिल हुए। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली। इस अवसर पर सूबेदार, उप निरीक्षक एवं प्लाटून कमांडर संवर्ग के अधिकारियों को सफल प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस सत्र में कुल 859 प्रशिक्षुओं ने प्रशिक्षण पूर्ण किया, जिनमें 54 सूबेदार, 528 उप निरीक्षक (जीडी), 02 उप निरीक्षक (कंप्यूटर), 01 उप निरीक्षक (रेडियो), 01 उप निरीक्षक (अंगुली चिन्ह), 68 उप निरीक्षक (एसबी) तथा 205 प्लाटून कमांडर शामिल हैं।

मुख्यमंत्री साय ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन सभी प्रशिक्षुओं के जीवन का एक यादगार पड़ाव है, जहाँ से वे राष्ट्र और छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा के लिए संकल्पित होकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कठोर प्रशिक्षण के बाद प्राप्त यह उपलब्धि न केवल प्रशिक्षुओं के लिए, बल्कि उनके परिजनों और पूरे प्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है। उन्होंने उल्लेख किया कि पिछले वर्ष जब उन्होंने इन्हीं युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे, तब उनके पास प्रतिभा थी, और आज प्रशिक्षण के बाद उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का समावेश हो चुका है, जो उन्हें एक सफल अधिकारी बनाएगा।

मुख्यमंत्री साय ने पुलिस सेवा को अत्यंत प्रतिष्ठित एवं जिम्मेदारीपूर्ण बताते हुए कहा कि किसी भी प्रतिष्ठित सेवा का आधार सत्यनिष्ठा होती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस का मूल दायित्व नागरिकों की रक्षा करना है। जब भी कोई नागरिक असुरक्षित महसूस करता है, तो सबसे पहले पुलिस के पास ही जाता है। इसलिए जनता का विश्वास बनाए रखना पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वर्दी केवल अधिकार नहीं, बल्कि जनता की सुरक्षा का संकल्प और उससे जुड़ी प्रतिष्ठा का प्रतीक है, जिसे हर परिस्थिति में बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारी कभी आसान नहीं होती, लेकिन क्षमता और समर्पण के साथ इसे सफलतापूर्वक निभाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान किए गए कठिन परिश्रम की तरह ही सेवा में भी निरंतर प्रयास और समर्पण से संतोष और सफलता प्राप्त होती है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज का यह निष्क्रमण केवल अकादमी से बाहर निकलना नहीं, बल्कि वास्तविक कार्यक्षेत्र में प्रवेश का संकेत है। उन्होंने इसे सनातन परंपरा के 'निष्क्रमण संस्कार' से जोड़ते हुए बताया कि जैसे शिशु पहली बार घर से बाहर निकलता है, उसी प्रकार आज ये प्रशिक्षु सुरक्षित प्रशिक्षण वातावरण से निकलकर व्यापक जिम्मेदारियों वाले सेवा क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पुलिसिंग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। पिछले दो वर्षों में भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्वरित बनाया गया है, आधुनिक तकनीक और उपकरणों को पुलिस बल में शामिल किया गया है तथा साइबर अपराधों से निपटने के लिए विशेष इकाइयाँ स्थापित की गई हैं। साथ ही प्रशिक्षण व्यवस्था को अधिक व्यावहारिक और आधुनिक स्वरूप दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य की पुलिस केवल कानून लागू करने वाली संस्था नहीं होगी, बल्कि एक सक्रिय सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करेगी, जिसके लिए उसे प्रतिक्रियात्मक से सक्रियात्मक एजेंसी में रूपांतरित होना होगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि देश वर्तमान में एक ऐतिहासिक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है, जिसमें औपनिवेशिक कानूनों के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे नए कानून लागू किए गए हैं। यह दीक्षांत समारोह इस दृष्टि से विशेष महत्व रखता है कि यह उप निरीक्षकों का पहला बैच है, जिसने इन नवीन संहिताओं के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

काली मंदिर के पास बनेगी रोटेटरी, एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा शुक्रवारी बाजार मार्ग

1 लाख से ज्यादा लोगों को राहत, 84 करोड़ की परियोजना मंजूर

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत देने के लिए एक बड़ी सड़क परियोजना को मंजूरी मिली है। पहाड़ी चौक से शुक्रवारी बाजार मार्ग को एक्सप्रेस-वे से जोड़ने के लिए शासन ने 84 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इस परियोजना के तहत काली मंदिर के पास रोटेटरी (घुमावदार चौराहा) का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था और सुगम होगी। नई सड़क बनने के बाद रेलवे स्टेशन और नया रायपुर जाने में 15 से 20 मिनट तक समय की बचत होगी। इस परियोजना से करीब 3 लाख लोगों को सीधा लाभ मिलने का अनुमान है, जबकि रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले 25 से 40 हजार वाहनों को जाम से राहत मिलेगी।

अप्रैल से शुरू होगा अधिग्रहण: परियोजना के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा भू-अधिग्रहण की प्रक्रिया अप्रैल माह से शुरू की जाएगी। सड़क चौड़ीकरण के दौरान करीब 200 मकान और दुकानें प्रभावित होंगी। इनमें 127 मकानों के पास रजिस्ट्री दस्तावेज हैं, जबकि 73 मकान नजूल भूमि पर बने हुए हैं।

डेढ़ साल में तैयार होगी सड़क

करीब 0.87 किलोमीटर लंबी इस सड़क को डेढ़ साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह मार्ग सीधे एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा, जिससे शहर के प्रमुख हिस्सों-रेलवे स्टेशन, गुढ़ियारी और नया रायपुर-के बीच आवागमन आसान होगा।

परियोजना का खर्च

- 73 करोड़ रुपये - भू-अधिग्रहण
- 3.92 करोड़ रुपये - बिजली पोल शिफ्टिंग
- 1.31 करोड़ रुपये - मकान तोड़ने में
- 5.55 करोड़ रुपये - सड़क निर्माण

ट्रैफिक दबाव कम करने पर फोकस

शुक्रवारी बाजार से पहाड़ी चौक तक का मार्ग शहर के सबसे व्यस्त रास्तों में से एक है। यहां दोपहिया और ई-रिक्शा की संख्या अधिक होने से अक्सर जाम की स्थिति बनती है। नई सड़क और रोटेटरी बनने से ट्रैफिक का दबाव कम होगा और आवागमन अधिक व्यवस्थित हो सकेगा।

प्रेमी जोड़े ने लगाई फांसी, दो दिन में दूसरी बड़ी घटना से इलाके में सनसनी

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद जिले से एक बार फिर दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां पिथौरा थाना क्षेत्र में एक प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। लगातार दूसरे दिन इस तरह की घटना सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई है।

जानकारी के मुताबिक, फांसी के फंदे पर लटके मिले प्रेमी जोड़े में युवती खल्लारी थाना क्षेत्र के धरमपुरा गांव की बताई जा रही है, जबकि युवक पटेवा थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है।

घटना के पीछे की वजह फिलहाल अज्ञात है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मौके से मिली जानकारी के अनुसार, युवती के हाथ में गोदने से अंकिता नाम लिखा हुआ है और पास में मिले आधार कार्ड के आधार पर उसे नाबालिग माना जा रहा है।

गौरतलब है कि बीते दिन भी इसी तरह एक अन्य प्रेमी जोड़े ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली थी, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, आत्महत्या के कारणों का जल्द खुलासा किया जाएगा।

6 साल तक गुमराह कर कारोबारी से 39 लाख की ठगी

135 दिन बाद दर्ज हुआ केस

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में एक फर्नीचर कारोबारी से कमर्शियल मशीन सप्लाई के नाम पर 39 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने मशीन उपलब्ध कराने का झांसा देकर एडवांस रकम ले ली और पिछले छह साल से न तो मशीन दी और न ही पैसे लौटाए।

पुलिस के मुताबिक, गुरुनानक चौक निवासी मोहम्मद शाहनवाज हुसैनी का फर्नीचर का कारोबार है। उनकी दुकान पर आने-जाने वाले इमरान नवाब से उनकी पहचान हुई। वर्ष 2021 में इमरान ने एचडीडी मशीन सस्ते में उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया, जिस पर भरोसा कर शाहनवाज ने 39 लाख रुपये एडवांस दे दिए। रकम लेने के बाद आरोपी लगातार कारोबारी को गुमराह करता रहा। लंबे समय तक मशीन की सप्लाई नहीं होने और पैसे वापस न मिलने पर जब पीड़ित ने दबाव बनाया, तो आरोपी ने कोर्ट में इकरारनामा कर 18 अलग-अलग चेक दिए, लेकिन सभी चेक बाउंस हो गए।

धमकी देकर बनाया दबाव: पीड़ित का आरोप है कि रकम मांगने पर आरोपी ने उसे झूठे केस में फंसाने और आजमगढ़ से गुंडे बुलाकर जान से मारने की धमकी दी।

पिता के इलाज के लिए भटक रहा पीड़ित: शाहनवाज ने बताया कि उनके पिता कैंसर से पीड़ित हैं और इलाज के लिए पैसों की सख्त जरूरत है। बावजूद इसके आरोपी पिछले दो वर्षों से उन्हें टालता रहा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति और खराब हो गई।

135 दिन तक पुलिस के चक्कर

पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस में की, लेकिन शुरुआत में इसे लेन-देन का विवाद बताकर आवेदन लौटा दिया गया। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने पर 135 दिनों के बाद पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज किया। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और उनकी तलाश जारी है।

क्रिकेट: प्रीमियम व्यू के लिए हटाए जा रहे कांच, आम नागरिकों के लिए डिजिटल टिकट, दर्शकों को मिलेगा भरपूर मजा

आईपीएल मैच में वीवीआईपी सीट की बढ़ोतरी, सीटों में रहेंगे नंबर

नितेश छाबड़ा

नवप्रदेश। राजधानी के शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईपीएल मैचों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। यहां 10 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का महामुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा, जबकि 13 मई को आरसीबी की टक्कर कोलकाता नाइट राइडर्स से होगी।

इन दोनों बड़े मुकाबलों के रोमांच को देखते हुए स्टेडियम में दर्शकों तक की बैठने की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है। वीवीआईपी सीटों में बढ़ोतरी भी की जा रही है। नवप्रदेश टीम ने स्टेडियम पहुंचकर इन तैयारियों का जायजा लिया। बता दें कि रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज भारतीय क्रिकेटरों के साथ-साथ कई विदेशी स्टार खिलाड़ी अपना जलवा बिखेरेंगे।

बता दें कि स्टेडियम की उच्च स्तर पर साफ-सफाई की जा रही है। प्लेटिनम और सिल्वर बॉक्स के कांच को हटाया जा रहा है, ताकि दर्शकों को बेहतर खेल का नजारा दिख सके। इस बार सिल्वर और प्लेटिनम की सीटों में बढ़ोतरी की जा रही है। दोनों पवेलियन के बगल की सीटों को वीआईपी सीटों में बदला जा रहा है।

अप्रैल के दूसरे सप्ताह में टिकट की ऑनलाइन बिक्री

रायपुर में होने वाले इन दोनों महामुकाबलों के टिकट अप्रैल के दूसरे सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। इन मैचों की टिकट बिक्री का जिम्मा पूरी तरह से आरसीबी प्रबंधन के पास ही रहेगा। मिली जानकारी के अनुसार एक मैच के लिए लगभग 50 हजार से अधिक टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। आरसीबी ने अपने अन्य होम ग्राउंड्स पर टिकटों की कीमत 1 हजार से लेकर 30 हजार रुपये तक तय की है। उम्मीद जताई जा रही है कि रायपुर के मैचों के लिए भी टिकटों की दरें इसी के आसपास निर्धारित की जा सकती हैं। हालांकि, टिकटों की सटीक कीमत अभी तय नहीं हुई है।

आम दर्शकों के लिए डिजिटल टिकट

क्रिकेट मैच की घोषणा के बाद टिकट खरीदी को लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। टिकट की हार्डकॉपी लेना अनिवार्य नहीं रहेगा, बल्कि टिकट डिजिटल रूप में मोबाइल में मिल जाएगा। मोबाइल में टिकट के क्यूआर कोड को स्कैन करने के बाद ही प्रवेश मिल पाएगा। इससे दर्शकों को बहुत अधिक सुविधा मिलेगी और जल्द से जल्द स्टेडियम के अंदर पहुंच जाएंगे, जिससे समय की बचत होगी। बता दें कि इससे पहले हार्ड कॉपी लेने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ती थी। इस बार इन सभी परेशानियों से दर्शकों को जूझना नहीं पड़ेगा। आरसीबी प्रबंधन दर्शकों को पूरी सुविधा उपलब्ध कराने तैयार है।

सीटों पर नंबरिंग

स्टेडियम में सभी सीटों में नंबर की मार्किंग कर दी गई है। यदि टिकट में नंबर लिखा होगा तो दर्शकों को अपनी सीट ढूंढने और बैठने में दिक्कत नहीं होगी। नंबर रहने से सीट रिजर्व हो जाएगा और विवाद की स्थिति नहीं बनेगी। इससे पहले हुए मैचों में सीटों में नंबर नहीं लिखा होता था, जिससे दर्शक कहीं भी बैठ सकता था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com